08 अगस्त, 2025
श्रावण, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 289


हरिनारायण सिंह की स्मृति में शोक सभा सह सर्वधर्म श्रद्धांजलि सभा का आयोजन




SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

Euro Kids Pre-School
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


# सीएम का गुरुजी की याद में भावुक पोस्ट: नेमरा की धरती गवाह है उनके संघर्ष की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोला।** झारखंड की माटी आज एक ऐसी पीड़ा से भरी हुई है, जिसे शब्दों में बांधना कठिन है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन से न सिर्फ एक युग का अंत हुआ है, बल्कि झारखंड की आत्मा का एक अनमोल अंश भी विदा हो गया। वे सिर्फ एक जननायक नहीं थे, एक विचार थे, एक आंदोलन थे और उस संघर्ष की जीती-जागती मिसाल थे, जिसने झारखंड को उसकी पहचान दिलायी। इस अपूरणीय क्षति का सबसे गहरा असर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर पड़ा है। एक बेटा, जिसने अपने पिता को महज एक अभिभावक के रूप में नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक, एक आदर्श और एक क्रांतिकारी विरासत के रूप में जिया, उसके लिए यह सिर्फ व्यक्तिगत शोक नहीं, बल्कि भावनाओं का एक अथाह समंदर है।

अपने पैतृक गांव नेमरा में फिलहाल पुत्र धर्म का पालन करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने गुरुवार सुबह सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने अपने पिता शिबू सोरेन और दादाजी सोना सोबरन मांझी को याद किया। अपनी तस्वीर के साथ उन्होंने सोशल मीडिया पर जो पोस्ट साझा की, वह शब्दों से नहीं, आत्मा से लिखी गयी थी। उन्होंने अपने पिता दिशोम गुरु और दादा जी वीर शहीद सोना सोबरन मांझी को याद करते हुए लिखा, नेमरा की यह क्रांतिकारी और वीर भूमि, दादाजी की शहादत और बाबा के अथाह संघर्ष की गवाह है। उन्होंने आगे लिखा कि यहां के जंगल, नदियां और पहाड़ उस क्रांति के साक्षी हैं, जिसने झारखंड के लिए संघर्ष किया। उन्होंने अपने दादाजी सोबरन मांझी को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, वीर शहीद सोबरन मांझी अमर रहें! साथ ही उन्होंने झारखंड के निर्माता और अपने पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भी याद करते हुए लिखा, झारखंड राज्य निर्माता वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें!

यह कोई साधारण पोस्ट नहीं था। यह पीढ़ियों के संघर्ष की आवाज थी। यह उस बेटे की पुकार थी, जो आज भी अपने पिता की छाया में खुद को ढूंढ़ रहा है। हेमंत सोरेन के लिए यह सिर्फ राजनीतिक उत्तराधिकार नहीं है। यह उनके खून में बहती वो विरासत है, जिसने जंगलों से, नदियों से, पहाड़ों से और झारखंड की माटी से सीखा है लड़ना, टिके रहना और जीतना। पिता और पुत्र के इस रिश्ते में केवल खून का नहीं, विचारों का, संघर्षों का और झारखंड के सपनों का रिश्ता था। गुरुजी के जाने के बाद हेमंत सोरेन जैसे अकेले पड़ गये हैं, लेकिन उनके भीतर एक वचन है, एक आग है, जो अपने पिता और दादा के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिये हुए है।

## राज्यपाल संतोष गंगवार पहुंचे नेमरा, दिशोम गुरु को दी श्रद्धांजलि



गोला (आजाद सिपाही)। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार गुरुवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। उन्होंने दिवंगत शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और शोक-संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और परिवार के अन्य सदस्यों को ढाढ़स बंधाया। साथ ही ग्रामवासियों से भी मुलाकात कर दुख की इस घड़ी में अपनी सहभागिता प्रकट की। राज्यपाल ने कहा कि वे और दिशोम गुरु शिबू सोरेन लोकसभा में लंबे समय तक साथ कार्य करते रहे, जिससे उन्हें निकटता से जानने और समझने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन का संपूर्ण जीवन जनजातीय अस्मिता, अधिकार और सामाजिक उत्थान के प्रति समर्पित रहा। वे जनसेवा और संघर्ष के प्रतीक थे, जो सदैव समाज को जागरूक करने हेतु सक्रिय रहे। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की। उन्होंने इसे सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

### प्रधानमंत्री की दो टूक: पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं

# कीमत चुकाने को तैयार : मोदी

- भारत से भेजे जानेवाले सामानों पर 25 फीसदी टैरिफ लागू
- भारतीय कृषि के क्षेत्र में प्रवेश करना चाहता है अमेरिका

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किये बिना कहा कि हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। उन्होंने एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कहा, मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। पीएम मोदी का यह बयान अमेरिका के भारत पर 50% टैरिफ के एलान के एक दिन बाद आया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनका योगदान किसी एक युग या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं होता। प्रो एमएस स्वामीनाथन ऐसे ही एक महान वैज्ञानिक थे। उन्होंने विज्ञान को जनसेवा का माध्यम बनाया। स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को अपने जीवन का ध्येय बनाया।

### कृषि और डेयरी क्षेत्र में प्रवेश चाहता है अमेरिका

दरअसल अमेरिका भारत के कृषि और पशुपालन क्षेत्र में अपनी शर्तों के साथ प्रवेश चाहता है। कई दौर की बैठक के बाद भी भारत इस पर तैयार नहीं है। अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी उत्पाद (जैसे दूध, पनीर, घी आदि) को भारत में आयात की अनुमति मिले। अमेरिकी कंपनियां दावा करती हैं कि उनका दूध स्वच्छ और गुणवत्ता वाला है और भारतीय बाजार में सस्ता भी पड़ सकता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस क्षेत्र में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारत में आयेंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लागू

इस बीच भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर गुरुवार से 25% टैरिफ लागू हो गया है। वहीं 25% अतिरिक्त टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। इससे भारतीय सामान अमेरिकी बाजार में महंगे हो जायेंगे। उनकी मांग कम हो सकती है। वहां के आयातक अन्य देशों से सामान मंगा सकते हैं। ट्रंप ने भले भारत पर 50% टैरिफ लगाया हो, पर दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत जारी है। अमेरिकी दल छठे दौर की बातचीत के लिए 24 अगस्त को भारत आयेगा। समझौते पर अमेरिका भी चिंता में है। बड़े देशों में केवल चीन से बात बनी है। वहीं टैरिफ को लेकर ट्रंप घर में ही घिर गये हैं।

# राहुल गांधी और चुनाव आयोग आमने-सामने

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और चुनाव आयोग अब खुल कर आमने-सामने आ गये हैं। कांग्रेस नेता ने गुरुवार को आरोप लगाया कि चुनाव आयोग देश की चुनाव प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा कर रहा है। इसके जवाब में चुनाव आयोग ने उनसे आरोपों को लेकर हलफनामा देने को कहा है।

## कांग्रेस नेता ने आयोग पर लगाया फर्जीवाड़ा का आरोप

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को वोटर लिस्ट में गड़बड़ी पर एक घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रेजेंटेशन दिया। राहुल ने स्क्रीन पर कर्नाटक की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि इसमें संदिग्ध वोटर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे देखने के बाद हमारा शक पुख्ता हुआ कि चुनाव में चोरी हुई है। मशीन द्वारा पढ़ी जा सकनेवाली वोटर लिस्ट नहीं देने से हमें भरोसा हुआ कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र के चुनाव में वोटों की चोरी की है। राहुल ने कहा कि हमने यहां वोट चोरी का एक मॉडल पेश किया और मुझे लगता है कि इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभाओं और विधानसभाओं में हुआ। राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में चंद महीने में लाखों मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गये, जो काफी चिंताजनक है। 40 लाख वोटर रहस्यमय हैं। कांग्रेस पार्टी ने वोटों की धांधली के मामले में चुनाव आयोग से सवाल पूछे हैं, लेकिन आयोग ने एक भी जवाब नहीं दिया। हमें वोटों की चोरी पकड़ने में छह महीने का वक्त लगा है। उन्होंने हरियाणा में हार के लिए वोटर लिस्ट को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि ये गड़बड़ियां इसलिए हैं, क्योंकि चुनाव आयोग वोटर्स का डाटा उपलब्ध नहीं कराता। उन्होंने आरोप लगाया कि इस वजह से वोटों की चोरी हो रही है। हरियाणा में कांग्रेस की हार के लिए उन्होंने इन गड़बड़ियों को ही जिम्मेदार बताया।

### चुनाव आयोग ने मांगा हलफनामा और लिखित शिकायत

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लगाये गये आरोपों पर कर्नाटक चुनाव आयोग ने शपथ पत्र मांगा है। आयोग ने कहा कि वह लिखित में शिकायत करें, ताकि आगे की कार्यवाही की जा सके। कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने राहुल गांधी को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि निर्वाचन नियमों के तहत अगर कोई व्यक्ति मतदाता सूची की वैधता पर सवाल उठाता है, तो उसे लिखित में विवरण देना होता है। वे इसके तहत शपथ पत्र पर हस्ताक्षर कर ऐसे मतदाताओं के नाम उपलब्ध करायें, ताकि उनके दावों की जांच की जा सके। यदि आवश्यक हो, तो कानूनी कार्रवाई भी शुरू की जा सके। आयोग ने सोशल मीडिया साइट पर राहुल की प्रेस कांफ्रेंस की वीडियो को शेयर करते हुए इसे गुमराह करने वाला बताया है।

## न्यूज रील्स

### जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग नहीं रुकेगा

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलाहाबाद हाइकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका को खारिज कर दिया। इस याचिका में जस्टिस वर्मा ने कैश कांड को लेकर उनके खिलाफ की गयी कार्रवाई को चुनौती दी थी। दरअसल इलाहाबाद हाइकोर्ट के जस्टिस वर्मा ने उनके घर से बरामद जले नोट मामले में आंतरिक कमेटी की रिपोर्ट और महाभियोग की सिफारिश रद्द करने की अपील की थी। रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया है। जस्टिस वर्मा के खिलाफ संसद के दोनों सदनों में महाभियोग का नोटिस दिया जा चुका है। मानसून सत्र के दौरान लोकसभा के 152 सांसदों ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ लाये गये महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किये। वहीं राज्यसभा में 54 सांसदों ने जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव का समर्थन किया। हालांकि अब तक किसी भी सदन में इस नोटिस को स्वीकार नहीं किया गया है।

# रांची, धनबाद, जमशेदपुर सहित 12 ठिकानों पर इडी का छापा

750 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने गुरुवार सुबह झारखंड में 750 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले से जुड़े मामले में एक साथ 12 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई रांची, धनबाद, जमशेदपुर और झरिया सहित विभिन्न जिलों में की गयी। इडी की टीम ने जमशेदपुर जिले के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्क्रैप व्यवसायी और प्रमुख उद्यमी ज्ञानचंद जायसवाल उर्फ बबलू जायसवाल के ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। जिन स्थानों पर कार्रवाई हुई, उनमें हथियाडीह स्थित शारदा एंडेवर्स फैक्ट्री और बिष्टुपुर के कांट्रैक्टर्स एरिया स्थित उनका आवास शामिल है। सूत्रों के अनुसार यह छापेमारी जीएसटी फर्जीवाड़े, टैक्स चोरी और फर्जी बिलिंग से जुड़े मामलों में की गयी। बता दें कि ज्ञानचंद जायसवाल पूर्व में भी इस मामले में जेल जा चुके हैं। इडी की टीमों ने दस्तावेजों की गहन जांच की और डिजिटल सबूतों तथा संदिग्ध लेन-देन की पड़ताल में जुटी रही। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। इडी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। छापेमारी देर शाम तक चली।

**रांची के पीपी कंपाउंड में भी छापेमारी :** इडी ने रांची के पीपी कंपाउंड स्थित कृष्णा अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर एक फ्लैट समेत शहर के अन्य पांच स्थानों पर भी छापेमारी की। इन ठिकानों से भी एजेंसी ने डिजिटल रिकॉर्ड, वित्तीय दस्तावेज और अन्य साक्ष्य जुटाये हैं। यह फ्लैट कृष नामक कारोबारी का है। जानकारी के अनुसार कोलकाता और मुंबई में भी हवाला और जीएसटी मामले में इडी की छापेमारी चल रही है। जमशेदपुर और रांची से जीएसटी घोटाले में पहले भी कई कारोबारी गिरफ्तार हुए हैं।

यह मामला झारखंड में शेल कंपनियों और अनधिकृत वित्तीय माध्यमों से 750 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) बनाने से संबंधित है। सूत्रों ने बताया कि इस मामले की जांच मुख्य मास्टरमाइंड शिव कुमार देवरा की गिरफ्तारी के बाद शुरू हुई थी। उन्हें मई 2025 में गिरफ्तार किया गया था और पिछले महीने उनके खिलाफ आरोप-पत्र दायर किया गया था।



### झरिया में भी बड़ी कार्रवाई

उधर, धनबाद के झरिया थाना क्षेत्र में भी रांची से पहुंची टीम ने स्थानीय व्यवसायी अमित अग्रवाल उर्फ चीनू अग्रवाल के चार नंबर मेन रोड स्थित जगदंबा फर्नीचर दुकान और फार बिल्डिंग स्थित उनके आवास पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई आर्थिक अनियमितताओं और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की जांच के तहत की गयी। इडी की टीम बैंक दस्तावेज, संपत्ति से जुड़े रिकॉर्ड और डिजिटल सबूतों की जांच की। कार्रवाई की खबर फैलते ही झरिया बाजार में हड़कंप मच गया और स्थानीय व्यवसायियों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया।

### बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता इडी: सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सख्त लहजे में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (इडी) बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता और उसे कानून के दायरे में ही रहना होगा। यह टिप्पणी केंद्रीय एजेंसी की ओर से जांचे गये मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताते हुए की गयी। जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, हम प्रवर्तन निदेशालय की छवि को लेकर भी चिंतित हैं। शीर्ष अदालत 2022 के उस फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिसमें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की गिरफ्तारी की शक्तियों को बरकरार रखा गया था। केंद्र और इडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने समीक्षा याचिकाओं पर सवाल उठाया। उन्होंने कम दोषसिद्धि दर के लिए प्रभावशाली आरोपियों की टालमटोल की रणनीति को जिम्मेदार ठहराया। न्यायमूर्ति भुयान ने अपने एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज किये गये पांच हजार मामलों में से 10 प्रतिशत से भी कम मामलों में दोषसिद्धि हुई है। न्यायमूर्ति भुयान ने कहा, हम इस बात पर जोर दे रहे हैं कि आप अपनी जांच में सुधार करें, क्योंकि यह व्यक्ति की स्वतंत्रता से जुड़ा मामला है। पांच-छह साल की न्यायिक हिरासत के बाद अगर लोग बरी हो जाते हैं, तो इसकी कीमत कौन चुकायेगा?

# झारखंड का कुख्यात अपराधी छोटू सिंह ढेर

- यूपी एसटीएफ ने प्रयागराज के पास मुठभेड़ में मार गिराया
- झारखंड सरकार ने चार लाख का इनाम घोषित कर रखा था

आजाद सिपाही संवाददाता



**शंकरगढ़ (प्रयागराज)।** शंकरगढ़ के शिवराजपुर चौराहे के समीप प्रतापपुर मार्ग पर बुधवार देर रात एसटीएफ से मुठभेड़ में झारखंड का कुख्यात अपराधी आशीष रंजन उर्फ छोटू सिंह ढेर हो गया। आशीष रंजन पर चार लाख रुपये का इनाम था। वह एके-47 और 9 एमएम पिस्टल से लैस होकर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने प्रयागराज आया था। उसने एसटीएफ पर एके 47 से गोलियां भी बरसायीं, लेकिन जवाबी कार्रवाई में मारा गया। मुठभेड़ के दौरान उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठा कर जंगल के रास्ते भाग निकला। सीओ एसटीएफ शैलेश प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार रात लगभग डेढ़ बजे सूचना मिली कि झारखंड का कुख्यात अपराधी छोटू किसी वारदात को अंजाम देने प्रयागराज पहुंच रहा है। मुखबिर की सूचना पर निरीक्षक जयप्रकाश राय समेत टीम ने शिवराजपुर चौराहे से लगभग तीन किमी दूर प्रतापपुर रोड पर बहद गांव के समीप संदिग्धों की चेकिंग शुरू की। इस दौरान बाइक सवार दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया, तो बदमाश एके 47 से फायरिंग करते हुए जंगल की ओर भागने लगे। एसटीएफ की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश सीने में गोली लगने से गिर गया, जबकि दूसरा पैदल ही अंधेरे में भाग निकला।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 08 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# नेमरा में सीएम हेमंत सोरेन ने निभायी परंपरा, 'तीन कर्म' की रस्म पूरी









गोला (आजाद सिपाही)। दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 'तीन कर्म' कार्यक्रम संथाली रीति-रिवाज के अनुसार गुरुवार को हुआ। गोला प्रखंड के नेमरा स्थित पैतृक गांव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन, रूपी सोरेन, बसंत सोरेन, सीता सोरेन समेत परिवार के अन्य लोगों ने तीन कर्म की रस्म अदा की। घर से थोड़ी दूर स्थित पीपल के पेड़ के नीचे घट बैठाया गया। नाई द्वारा नाखून कटवा कर छुतका मिटाया गया। घर के बगल में स्थित तालाब ने तीन कर्म का स्नान किया गया। बताया गया कि दिवंगत गुरुजी की अस्थियां तुलसी पिंडा में रखी गयी हैं। तीन कर्म कार्यक्रम को लेकर प्रशासन सक्रिय रहा।

## नेमरा की गलियों में निकले सीएम हेमंत सोरेन

# बेटा बनकर नेमरा का दर्द समझ रहे हैं हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन श्राद्ध कर्म के तीसरे दिन सीएम हेमंत सोरेन देर शाम करीब 7:30 बजे अचानक नेमरा की गलियों में निकल पड़े। हाथ में टॉर्च लेकर सीएम गलियों के चारों ओर देख रहे थे। सीएम पूरे सादगी से गलियों को निहारते हुए अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उनका सादगी से ऐसा लग रहा था कि नेमरा की गलियों में कोई सीएम नहीं बल्कि उनका लाल अपने बचपन को ढूंढ रहा हो। सीएम हेमंत सोरेन नेमरा वासियों को भी निहार रहे थे और उनके अंदर छुपे दर्द को भी समझने का प्रयास कर रहे थे। नेमरा के उन गलियों को भी नजदीक से देखा जहां उन्होंने बचपन बिताया।

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म की खुद कमान संभाल रहे सीएम हेमंत सोरेन

दिशोम गुरु शिबू सोरेन का श्राद्ध कर्म को बेहतर ढंग से संपन्न कराने को लेकर सीएम हेमंत सोरेन खुद छोटी-छोटी बातों का ख्याल रख रहे हैं। जिसके कारण ही वे लगातार नेमरा और उसके आसपास के इलाकों का भ्रमण कर रहे हैं। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं कि कहां पर कौन से प्रोटोकॉल का ध्यान रखना है।





### नेमरा की सड़क दुरुस्त करने का निर्देश

सीएम जब नेमरा के गलियों में निकले तो सड़क पर कई जगह बरसात के पानी के साथ-साथ नालियों का पानी का भी जमाव देखने को मिला। जिसे देख उन्होंने निर्देशित किया कि सड़कों को दुरुस्त करें। साथ है हर सुविधा पर विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोग और नेमरावासियों को कोई परेशानी ना हो इसका पूरा ख्याल रखें।



# दिशोम गुरु का जीवन एक अंतहीन किताब : केशव महतो कमलेश

## कांग्रेस भवन में शोक सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय कांग्रेस भवन में शोक सभा का आयोजन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित की गयी। सभा में गुरुजी के चित्र पर नेता और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि शिबू सोरेन का जीवन एक अंतहीन किताब की तरह है जिसके पन्नों को जितना पलटा जायेगा उतनी ही संघर्ष की गाथाएं मिलेंगी। आदिवासी समुदाय के अस्मिता हक अधिकार के लिए उन्होंने युवावस्था से ही संघर्ष किया। गुरुजी ने झारखंडवासियों के अधिकार के लिए झारखंड अलग राज्य के आंदोलन को सक्षम नेतृत्व प्रदान किया और आंदोलन को धारदार बनाया। हर जाति समुदाय को आंदोलन से जोड़ा इसका प्रतिफल अलग राज्य निर्माण के रूप में मिला। जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत और प्रयत्नशील रहने वाले गुरुजी ने उनके महत्व से आम लोगों को जागरूक किया।



**भारत रत्न से सम्मानित करे केंद्र सरकार :** उन्होंने कहा कि गुरुजी के त्याग बलिदान और समाज में योगदान के लिए केंद्र सरकार को उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करना चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार से मांग किया कि गुरुजी के नाम से राज्य में एक विश्वविद्यालय की स्थापना करने, उनके निवास स्थान को संग्रहालय घोषित करने और झारखंड के पाठ्य पुस्तकों में उनके जीवन चरित को शामिल करने की मांग की।

कांग्रेस के सह प्रभारी सीरीबेला प्रसाद ने कहा कि शिबू सोरेन संघर्षों के प्रतीक थे। झारखंड निर्माण के लिए किये आंदोलन और आदिवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए, उनके बीच जागरूकता फैलाने के लिए किये गये उनके प्रयासों के लिए झारखंड की जनता सदैव उनका ऋणी रहेगी। कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि गुरुजी के व्यक्तित्व की चर्चा की कोई सीमा नहीं हो सकती है। झारखंड की उन्होंने न सिर्फ परिकल्पना की बल्कि संघर्षों से उसे मुकाम तक पहुंचाया, जिन उद्देश्यों को लेकर उन्होंने अपने जीवन काल में संघर्ष किया उन उद्देश्यों को धरातल पर उतारना, झारखंड वासियों को आर्थिक सामाजिक राजनीतिक रूप से मजबूती करना ही उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना होगा। कार्यक्रम में विधायक राजेश कच्छप, मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, सुरेश बैठा, सुबोधकांत सहाय, रोशन लाल भाटिया, बन्ना गुप्ता, रविन्द्र सिंह, शाहजादा अनवर, राकेश सिन्हा, आलोक दूबे, अमुल्य नीरज खलखो, सतीश पॉल मुंजनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# पाठ्यक्रम में शामिल हो दिशोम गुरु की जीवनी : आलोक दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पासवा ने दिशोम गुरु की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग राज्य सरकार से की है। इसे लेकर पासवा का प्रतिनिधिमंडल बहुत जल्द मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और शिक्षा मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू से मुलाकात कर इस विषय पर चर्चा करेगी। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि गुरुजी के बारे में जानने का अधिकार झारखंड के सभी बच्चे को है। दिशोम गुरु के जीवन के बारे में पढ़ाने से उनके त्याग और संघर्षों से भावी पीढ़ियां प्रेरणा लेंगी। इसे लेकर पासवा के प्रदेश महासचिव नीरज कुमार ने विद्यालयों में जाकर स्कूली बच्चों को दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जीवन, आंदोलन, आदिवासी हितों के लिए किये गये संघर्ष और उनके राजनीतिक योगदान की विस्तार से जानकारी दी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.0 °c | 22.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.28 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.22 बजे | |


आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 08 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in




## आजाद सिपाही संस्थान के संस्थापक हरिनारायण सिंह की स्मृति में सर्वधर्म श्रद्धांजलि सभा

# हरिनारायण सिंह सरीखा व्यक्तित्व और पत्रकार होना दुर्लभ : संजय सेठ









**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वरिष्ठ पत्रकार, संपादक, समाजसेवी और आजाद सिपाही संस्थान के संस्थापक स्व हरिनारायण सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गुरुवार को राजधानी के मोरहाबादी स्थित मान्या पैलेस में शोक सभा सह सर्वधर्म श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच और सर्वधर्म श्रद्धांजलि सभा आयोजन समिति के द्वारा आयोजित इस समारोह में जितने अधिक वक्तव्य थे उतनी ही भावनाएं और उससे भी ज्यादा सभी के दिलों के उद्गार.और सभी ने वरिष्ठ हरिनारायण सिंह से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि हरिनारायण सिंह के व्यक्तित्व में पत्रकार के साथ ही समाजसेवी का अद्भुत एवं दुर्लभ सामंजस्य था। वैसे व्यक्तित्व बहुत ही कम होते हैं जिनमें सारे गुण समाहित तो हों ही साथ ही वह जमीन से भी जुड़ा हो। सेठ ने कहा कि हरिनारायण सिंह की सबसे बड़ी खासियत यह थी कि वह जिससे भी मिलते थे उसी को अपना बना लेते थे। भले ही उस मुलाकात की अवधि कितनी भी संक्षिप्त क्यों ना हो। सेठ ने इस अवसर पर स्वयं से जुड़ी अनेकों यादों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अधिवक्ता, भाजपा नेता और सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि हरि भैया से जो भी मिला उसका ना तो रिश्ता ना तो व्यापारिक रहा ना ही किसी अन्य प्रकार का बल्कि वह पूरी तरीके से व्यक्तिगत हो जाता था। उन्होंने इनके विषय में उन यादों को साझा किया जब उन्होंने एक पत्रकार, संपादक और समाज की सक्रिय कार्यकर्ता की बजाय उससे बहुत आगे बढ़कर समाज में सामंजस्य और आपसी एकजुटता और सहयोग की भावना को विकसित किया। डॉ बब्बू ने कहा कि चाहे किसी भी समय में उनसे मिलने जो भी जाता था लेकिन वे उसकी भरपूर सहायता करते थे अथवा कहीं से भी उसके लिए मार्ग तलाश कर ही लेते थे। इस कार्यक्रम में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए स्व हरिनारायण सिंह के पुत्र राहुल सिंह ने कहा कि वे हमेशा आजाद सिपाही संस्थान को अपने पिता के बताये मार्ग पर चलाते रहेंगे। उन्होंने अपने पिता की यादों को साझा करते हुए कहा कि एक बार अकस्मात उन्होंने कहा था कि यदि मृत्यु भी हो जाये तो दाह संस्कार बाद में लेकिन समाचार पत्र का प्रकाशन पहले होना चाहिए, लेकिन उन्हें यह पता नहीं था कि यह बात वास्तविकता में तब्दील हो जायेगी। राहुल ने अपेक्षा की कि सभी लोगों का भरपूर सहयोग और मार्गदर्शन उन्हें मिलेगा जिससे वे न केवल अपने पिता की यादों और उनके कार्यों के अनुरूप उनके कार्यों को आगे बढ़ा सकेंगे बल्कि अपने संस्थान को भी वह निरंतर नयी ऊंचाई देंगे।

राज्य गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने हरिनारायण सिंह से जुड़ी अपनी यादों को याद करते हुए कहा कि श्री सिंह न केवल सभी के व्यक्तित्व और कृतित्व में रूचि लेते थे बल्कि वे उससे बातचीत करते हुए सटीक मार्गदर्शन भी करते थे और इस मायने में उनकी कमी हमेशा खलेगी।

अपने संबोधन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि जब वे रांची आये तब से उनका श्री सिंह के साथ निरंतर संपर्क बना रहा और यह कहना सही नहीं कि श्री सिंह की प्रतिष्ठा, ख्याति और उनकी लोकप्रियता केवल रांची तक थी। वे तो पूरे झारखंड और एक मायने में पूरे देश तक थी। उन्होंने कहा कि अनेक बार वैसी स्थिति पैदा हुई जब झारखंड के बाहर का कोई व्यक्ति झारखंड के संदर्भ में विश्वसनीय समाचार प्राप्त करने के लिए उन्हें ही फोन करता था।

अपने संबोधन में केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा कि श्री सिंह के साथ उनका व्यक्तिगत संबंध था और न केवल उनके बल्कि सभी के साथ वह उसी अपनेपन के साथ मिलते थे। जिसके कारण सभी उन्हें अपना समझते थे और यही उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी खासियत थी।

राजधानी की केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन चुन्नू ने कहा कि श्री सिंह के व्यक्तित्व में वैसा चुंबकीय गुण था जिसके कारण उनसे मिलना हमेशा प्रेरणा का काम करता था। उन्होंने कहा कि उनसे जुड़ी हुई अनेक वैसी यादें हैं जो उन्हें अबतक शब्दशः याद है।

अपने संबोधन में ब्रांड कंसलटेंट संतोष दीपक ने कहा कि श्री सिंह न केवल पत्रकार थे बल्कि उनमें अखबार से संबंधित वैसे सभी गुण थे जिसकी एक अखबार को आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोगों की नजर में पत्रकार, अखबार का सबसे सबसे बड़ा हिस्सा होता है लेकिन वास्तविकता यह है कि पत्रकार और संपादन क्षेत्र महत्वपूर्ण तो होता है लेकिन इसके साथ ही सकुर्लेशन, विज्ञापन और अखबार के प्रबंधन के साथ-साथ सभी विभागों के मध्य सामंजस्य भी उतना ही मायने रखता है और इस परिदृश्य में देखा जाये तो श्री सिंह में वैसी अनेक विशेषता थी जिसके कारण उन्होंने आजाद सिपाही जैसे संस्थान को न केवल खड़ा किया बल्कि पूरे झारखंड में प्रतिष्ठित करने के साथ-साथ उसकी गरिमा को भी दूर-दूर तक पहुंचाया। जहां अखबारों के सिद्धांत के साथ-साथ व्यावहारिक पहलू को भी पूरी तरीके से ध्यान में रखा गया। अपने संबोधन में समाजसेवी ललित ओझा ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में श्री सिंह की जितनी सक्रियता थी उससे कहीं ज्यादा उनकी गतिविधियां समाज सेवा के क्षेत्र में भी थी और वह हमेशा संवेदनशील, सहज, सतर्क रहने के साथ-साथ सभी को प्रेरित करते थे।

अपने संबोधन में कांग्रेस नेता शमशेर आलम ने कहा कि सामाजिक सौहार्द और सभी धर्मों के बीच आपसी सद्भाव के प्रति श्री सिंह का समर्पण अनुकरणीय था और अनेक बार जिस कार्य को जिला प्रशासन नहीं कर पाया उसी कार्य को उन्होंने सफलतापूर्वक किया। इसलिए सभी धर्म, जाति, समुदाय के लोग उनका लोहा मानते थे। अपने संबोधन में सुप्रसिद्ध ज्योतिषी एनके बेरा ने कहा कि हरिनारायण सिंह के साथ जुड़ी हुई उनकी अनेक यादों में वे बातें सबसे प्रमुख है जब उन्होंने ज्योतिषी, अध्यात्म, धर्म-संस्कृति के प्रति जितना ध्यान दिया वह दुर्लभ है। न केवल राजनीति या समाजसेवा बल्कि उनका झुकाव और रुझान ऐसे क्षेत्रों में भी था। कार्यक्रम में पशुपति सिंह, भारत भूषण प्रसाद, संजय सहाय, शंकर दुबे, लंकेश सिंह, अभिषेक कुमार मिंकु, मनीषा कुमारी, लक्ष्मण कुमार, मिथिलेश पांडेय, सुजाता भगत, लक्ष्मी शर्मा, डॉ राजेंद्र हाजरा, विकास कुमार, संतोष कुमार, मनोज कुमार गुहा, विजय दत्त पिंटू, कुंदन कुमार सिन्हा, सूर्य विकास मिंज, ऋत्विक राज राजू, मंटू यादव, कुमार रजक, मोहम्मद नौशाद, मुकेश पांडेय, गोपाल पारीक, विमल आनंद, मुजीब कुरैशी, परवेज कुरैशी, देवानंद सिन्हा, शिव किशोर शर्मा, सुरेंद्र सिंह, विजय शंकर नायक, अंकित रंजन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार ने अमेरिकी टैरिफ को अनुचित बताया

# अब दबाव बनाकर कोई भारत को नहीं झुका सकता : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्र सरकार की सराहना की है। कहा है कि देश की जनता के हितों को सर्वोपरि रखते हुए, केंद्र सरकार ने अमेरिका द्वारा लगाये गये टैरिफ को आधिकारिक रूप से अनुचित बताया है। केंद्र सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इस तरह दबाव बनाकर अब कोई भी भारत को विदेश नीति या व्यापारिक निर्णय बदलने के लिए मजबूर नहीं कर सकता।

**अपना पक्ष रखने के लिए सुदृढ़ नेतृत्व आवश्यक :** बाबूलाल ने कहा कि इतनी मजबूती से अपना पक्ष रखने के लिए सुदृढ़ नेतृत्व आवश्यक होता है। ऐसा नेतृत्व तभी संभव होता है, जब किसी नेता के मन में सदैव राष्ट्रहित का चिंतन हो। पीएम नरेंद्र मोदी का नेतृत्व इसका प्रमाण है। यह जवाब सिर्फ अमेरिका को ही नहीं, बल्कि इंडी गठबंधन के उन नेताओं को भी है, जो अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए भारत की संप्रभुता और स्वायत्तता पर सवाल उठाने से भी नहीं हिचकते।

**पीएम के बयानों का किया उल्लेख :** बाबूलाल ने पीएम के बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम ने कहा है कि हमारी सरकार में पार्लियामेंट से लेकर पंचायत तक देश का कोई भी हिस्सा विकास की धारा से अछूता नहीं है। नया भारत किसानों के हितों से समझौता नहीं करेगा। किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुका है डिजिटल भुगतान : बाबूलाल



**रांची (आजाद सिपाही)।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने डिजिटल पेमेंट की सराहना की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि 2014 से पहले जो डिजिटल भुगतान एक विकल्प था, अब वो हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने आगे लिखा कि अब ऑटो रिक्शा और चाय की टपरी वाले भी डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल कर रहे हैं। साल 2020 से 2025 के बीच भारत में 65,000 करोड़ से ज्यादा डिजिटल लेन-देन हुए हैं, जिनका कुल मूल्य 12,000 लाख करोड़ से भी ऊपर है। बाबूलाल ने इस बड़े बदलाव का श्रेय केंद्र की मोदी सरकार को दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का नीति निर्धारण और तकनीकी मानकों पर सतत विश्लेषण व परिश्रम के कारण यह संभव हो सका है। नेता प्रतिपक्ष ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि डिजिटल ट्रांजैक्शन बढ़ने से नकदी पर निर्भरता घटी है, लेन-देन में पारदर्शिता आयी है और सरकार की योजनाओं का पैसा सीधे लोगों तक पहुंचना आसान हुआ है। यह मोदी सरकार के नेतृत्व में बना वह ढांचा है, जिसने तकनीक को हर भारतीय के लिए सुलभ और सरल बना दिया है। यही असली डिजिटल इंडिया है।

# भारत रत्न की उपाधि के हकदार हैं दिशोम गुरुः विनोद पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने एक बयान जारी कर भारत सरकार से अपील की है कि वह झारखंड राज्य के निर्माता, सामाजिक न्याय के अप्रतिम योद्धा और दिशोम गुरु के नाम से समूचे आदिवासी समाज में पूज्य शिबू सोरेन को भारत रत्न देने पर गंभीरता से विचार करे। श्री पांडेय ने कहा कि गुरुजी का जीवन संघर्षशील, प्रेरणादायी और जन-सरोकारों से ओतप्रोत रहा है।

गुरुजी न केवल एक राजनेता थे, बल्कि वे आदिवासी चेतना के वाहक, शोषित-वंचित वर्ग के सशक्त प्रवक्ता और सामाजिक क्रांति के प्रतीक थे। उन्होंने नशाखोरी और महाजनी प्रथा के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन खड़ा किया, जिससे झारखंड के दूर-दराज गांवों में चेतना फैली। शिक्षा के क्षेत्र में भी गुरुजी ने अनेक पहल की, ताकि आदिवासी समाज ज्ञान के माध्यम से सशक्त हो सके।

श्री पांडेय ने कहा कि झारखंड को अलग राज्य बनाने के आंदोलन से लेकर केंद्र और राज्य सरकारों में मंत्री व मुख्यमंत्री रहते हुए गुरुजी ने सदैव जनहित को प्राथमिकता दी। उनका जीवन त्याग, संघर्ष और सेवा की मिसाल है। ऐसे महापुरुष को भारत रत्न से सम्मानित करना केवल उनके प्रति श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक और सामाजिक चेतना को भी गौरवान्वित करना होगा। केंद्र सरकार को इस पर अविलंब निर्णय लेना चाहिए।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in



**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: ई-टेंडर/2025/08/1, दिनांक: 06.08.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तारीख को **अपराह्न 3:00 बजे** से पहले ई-निविदा आमंत्रित करते हैं और निविदा **अपराह्न 3:30 बजे** खोली जाएगी। **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: ई-केजीपीडब्ल्यू-डीईएन-06-2025। कार्य का विवरण:** रोलिंग स्टॉक के रखरखाव के लिए खड़गपुर वर्कशॉप के प्रोडक्शन शॉप की ढांचागत सुविधाओं की वृद्धि एवं क्रमोन्नयन। **निविदा मूल्य:** ₹ 6,35,12,004.04। **बयाना राशि:** ₹ 4,67,600। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 18 महीना। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: ई-केजीपीडब्ल्यू-डीईएन-07-2025। कार्य का विवरण:** वैगन रिपेयर शॉप, खड़गपुर वर्कशॉप के सीबीसी ओवरहॉलिंग अनुभाग तथा कोरोजन रिपेयर शॉप का क्रमोन्नयन। **निविदा मूल्य:** ₹ 97,73,136। **बयाना राशि:** ₹ 1,95,500। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **खुलने की तारीख:** 28.08.2025 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **बोली शुरू होने की तारीख:** 14.08.2025 से 28.08.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-493)


# स्वास्थ्य विभाग अनाथ, मंत्री की दूसरे विभागों में ज्यादा दिलचस्पीः अजय साह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड में बिगड़ती स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाये हैं।

उन्होंने कहा कि कैग रिपोर्ट के बाद अब झारखंड हाइकोर्ट भी सरकार की निष्क्रियता से क्षुब्ध हो चुका है, लेकिन सरकार अब भी गहरी नींद में है और जनता के स्वास्थ्य की चिंता उससे कोसों दूर है। उन्होंने हाइकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि अदालत ने राज्य सरकार को चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के रिक्त पदों पर चार सप्ताह के भीतर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर निशाना साधते हुए अजय ने यह भी कहा कि मंत्री को हजारीबाग और रामगढ़ की घटनाओं और अन्य विभागीय मामलों में तो गहरी रुचि है, लेकिन अपने विभाग की स्थिति पर उनका ध्यान ही नहीं है।

उन्होंने यह आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग की हालत इस समय एक अनाथ विभाग की तरह हो गयी है, जहां न डॉक्टर हैं, न नर्सें, और न ही कोई ठोस व्यवस्था। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए जहां एक ओर नये डॉक्टरों, नर्सों और तकनीकी कर्मियों की तत्काल आवश्यकता है, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य मंत्री का पूरा ध्यान सिर्फ रिम्स की नयी इमारत के निर्माण पर केंद्रित है। उन्होंने इसे सरकार की कमीशन आधारित राजनीति का प्रतीक बताया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# स्व. हरिनारायण सिंह को अमर बाउरी समेत कई लोगों ने दी श्रद्धांजलि











गुरुवार को वरिष्ठ पत्रकार और आजाद सिपाही के प्रधान संपादक स्व. हरिनारायण सिंह के आवास पर भाजपा के अमर बाउरी, आचार्य अजय कुमार मिश्रा, राजकुमार सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल, रनवीर सिंह, संजीव शेखर, रमेश सिंह, सत्यनारायण सिंह, उपेंद्र रजक सहित अन्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। सभी ने इस दुख की घड़ी में परिजनों को ढांढ़स बंधाया।

# उग्रवादियों की हिटलिस्ट में सुदेश महतो, उच्चस्तरीय जांच हो : आजसू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पार्टी प्रमुख सुदेश महतो का नाम उग्रवादियों द्वारा हिटलिस्ट में रखने की उच्चस्तरीय जांच करवाने और उनकी सुरक्षा की नये सिरे से समीक्षा करने की मांग की है। इस बात का खुलासा होना चाहिए कि सुदेश महतो उग्रवादियों के निशाने पर क्यों हैं? पार्टी ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार सुदेश महतो की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष द्वय प्रवीण प्रभाकर एवं हसन अंसारी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बार-बार उग्रवादियों द्वारा सुदेश महतो की हत्या की साजिश की जानकारी सामने आती रहती है, लेकिन इसके कारणों का अभी तक पुलिस द्वारा खुलासा नहीं किया गया है। इस संबंध में शीघ्र ही पार्टी नेता राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे।




प्रेस वार्ता में मीडिया संयोजक परवाज खान भी उपस्थित थे।

श्री प्रभाकर ने कहा कि गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में मारे गये उग्रवादी मार्टिन केरकेट्टा ने भी सुदेश महतो को अपनी हिटलिस्ट में रखा था और हमले की फिराक में था। उसने 2023 में अनगड़ा थाना क्षेत्र में बैठक कर सुदेश महतो की हत्या की योजना बनायी थी, जिसका खुलासा पुलिस ने किया था।

हसन अंसारी ने कहा कि इससे पूर्व किसी राजनेता द्वारा सुदेश महतो की हत्या के लिए उग्रवादियों को 5 करोड़ रुपयों की सुपारी देने की बात सामने आ चुकी है। इस बात का खुलासा होना चाहिए कि बार-बार किस कारण से हत्या की साजिश रची जा रही है और इस साजिश के पीछे कौन है?

श्री प्रभाकर ने कहा कि 2005 में सिल्ली से पोगड़ा जाने के रास्ते में केन बम लगाने की साजिश सामने आयी थी। 2013 में पीएलएफआइ कमांडर जीदन गुड़िया द्वारा किसी राजनेता से 5 करोड़ की सुपारी ली गयी थी, जिसके बाद 27 एवं 28यू जनवरी 2014 को सिल्ली प्रतिभा महोत्सव में टाइम बम लगाकर हमले का प्रयास किया गया। इसमें विफल होने पर 26 फरवरी 2014 को जोन्हा में एक विवाह समारोह में हमले की योजना बनायी गयी, जिसे पुलिस और ग्रामीणों की तत्परता से विफल किया गया। बाद में खुलासा हुआ कि एक उग्रवादी देव सिंह मुंडा को साजिश के तहत आजसू में शामिल भी करवाया गया था। उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व मारे गये पीएलएफआइ कमांडर मार्टिन केरकेट्टा ने भी सुदेश महतो की हिटलिस्ट में रखा था और 25 जनवरी 2023 को अनगड़ा थाना क्षेत्र में बैठक कर हमले की योजना बनायी थी। इसका खुलासा पुलिस छापामारी में पकड़ाये उग्रवादियों ने बाद में किया था। आजसू नेताओं ने बताया कि पीएलएफआइ द्वारा 2014 में पार्टी के केंद्रीय महासचिव स्व तिलेश्वर साहू की भी हत्या हजारीबाग जिले के बरही में कर दी गयी थी।

# संत जेवियर्स कॉलेज में दिशोम गुरु को दी गयी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में झारखंड आंदोलनकारी और प्रणेता दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन के निधन पर कॉलेज प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन गुरुवार को किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विद्यार्थियों के बीच दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रारंभिक, राजनीतिक एवं संघर्षपूर्ण जीवन यात्रा को उल्लेखित किया। उन्होंने बताया कि आज कि युवा पीढ़ी को उनके संघर्ष गाथा से सीख लेते हुए समाज के प्रति समर्पण की भाव रखना होगा। राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो बीके सिन्हा ने भी श्रद्धांजलि सभा में बोला कि झारखंड के इतिहास में दूसरे सबसे बड़े नेता के तौर पर दिशोम गुरु को याद किया जायेगा। उन्होंने गुरुजी के तीन मुख्य कार्यों को इंगित किया जिसमें अपने पिता के शहादत के प्रति बगावत, महाजनी व साहूकारों का विरोध और शोषित वंचितों के लिए मुखर होकर कार्य करना। इस दौरान कॉलेज के प्राध्यापक, कर्मी व छात्र-छात्राओं ने गुरुजी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

मौके पर कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज एसजे, रजिस्ट्रार डॉ फादर केनेडी सोरेंग एसजे, डीएसडब्ल्यू डॉ संजय सिन्हा, फादर संजय केरकेट्टा, फादर रवि हेमंत कुजूर, फादर फ्लोरेंस पूर्ती, डॉ शिव कुमार सहित अन्य प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सीबीएसइ ईस्ट जोन क्रिकेट टीम में टेंडर हार्ट के दो छात्रों का चयन




रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर हार्ट स्कूल के दो छात्र-आयुष भारती (कक्षा 8) एवं हर्ष राज (कक्षा 9) - का चयन सीबीएसइ ईस्ट जोन क्रिकेट टीम में किया गया है। ये दोनों छात्र आगामी सीबीएसई नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट में ईस्ट जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयन बनारस में आयोजित सीबीएसइ चयन शिविर के दौरान हुआ, जिसमें पूर्वी भारत के चार राज्यों - झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल - से आये 2000 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, कक्षा आठवीं में अध्ययनरत आयुष भारती को अंडर -14 टीम में बतौर बल्लेबाज, जबकि कक्षा 9वीं में अध्ययनरत हर्ष राज को अंडर - 17 टीम में बतौर विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में टीम में स्थान मिला। टेंडर हार्ट स्कूल के चेयरमैन सुधीर तिवारी ने दोनों छात्रों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, टेंडर हार्ट स्कूल विद्यार्थियों को न केवल उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्रदान करता है, अपितु खेलकूद के क्षेत्र में भी उनकी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें प्रशिक्षित करता है। हमें विश्वास है कि भविष्य में हमारे छात्र राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या उषा किरण झा, निदेशक जे. मोहंती, उप प्राचार्या शिवांगी शुक्ला सहित समस्त शिक्षकों ने दोनों छात्रों को शुभकामनाएं दीं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पूर्व मध्य रेल ने स्वच्छता अभियान चलाया



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। स्वतंत्रता दिवस उत्सव-2025 के उपलक्ष्य में आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे भारतीय रेल में 01 अगस्त से 15 अगस्त, 2025 तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक, समस्तीपुर के द्वारा हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी बूथ की शुरूआत की गयी। दानापुर मंडल के राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन पर लाउड स्पीकर के माध्यम से जन-जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार किया गया। बख्तियारपुर स्टेशन पर रेलवे ट्रैक की गहन साफ-सफाई की गयी साथ ही साथ किऊल स्टेशन पर कर्मचारियों के द्वारा श्रमदान किया गया। समस्तीपुर एवं सोनपुर मंडल के कॉलोनियों में जागरूकता रैली निकाली गयी।

# ट्रंप के आरोपों पर पीएम के साथ-साथ सभी मंत्री चुप क्यों हैं : लाल किशोर नाथ शाहदेव



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने पर केंद्र सरकार की नीतियों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ट्रंप टैरिफ से न सिर्फ देश का एक्सपोर्ट प्रभावित होगा, बल्कि टेक्सटाइल-लेदर फुटवेयर में सघन श्रम बल भी बैठ जायेगा। शाहदेव ने आरोप लगाया कि ट्रंप लगातार भारत के खिलाफ कदम उठा रहे हैं, लेकिन पीएम मोदी उनका नाम नहीं लेते हैं। अब कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो जाता है, तो इससे अमेरिका में बहुत से लोगों के लिए हमारे उत्पाद महंगे हो जायेंगे, खास कर जब आप इन प्रतिशतों को देखते हैं, तो आपको इनकी तुलना हमारे कुछ प्रतिस्पर्धियों पर लगाये जा रहे टैरिफ से करनी होगी। उन्होंने कहा कि ट्रंप लगातार आरोप लगा रहे हैं, लेकिन हमारे देश से पीएम के साथ-साथ कोई भी मंत्री भी जवाब नहीं दे रहे हैं। सभी मंत्री चुप क्यों हैं?

# हाड़ी संघर्ष मोर्चा ने राजभवन के समक्ष दिया धरना

**सबसे उपेक्षित और वंचित है हाड़ी समाज : अमर कुमार बाउरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा की ओर से 13 सूत्री मांगों के समर्थन में गुरुवार को राजभवन के समक्ष धरना देकर जातीय पहचान, आरक्षण और सामाजिक न्याय दिलाने की मांग की। इस दौरान मोर्चा के सदस्यों ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव हरि ने कहा कि आजाद भारत में भी हाड़ी समाज अब तक समानता और अधिकारों




से वंचित है। सफाई कर्मियों की नियुक्ति में अब बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे समाज के युवाओं को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। पहले इस समाज को सरकारी सफाई कर्मचारी के रूप में नौकरी मिलती थी, लेकिन अब आउटसोर्सिंग की नीति ने उन्हें हाशिए पर ला दिया है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द उनकी मांगों पर संज्ञान नहीं लिया, तो यह आंदोलन राज्यभर में चरणबद्ध तरीके से फैलाया जायेगा। मोर्चा की मुख्य मांगों में समुदाय को जातीय और आवासीय प्रमाण पत्र बनाने में आ रही बाधाओं को तत्काल दूर करने, नगर निगम में 10-15 वर्षों से कार्यरत दैनिक सफाई कर्मचारियों को स्थाई करने, पेंशन सुनिश्चित किये जाने, सफाई कर्मचारी के अनुकंपा नियुक्ति पर मैट्रिक, इंटर पास की अनिवार्यता को निरस्त करना सहित अन्य शामिल है। इस मौके पर भरत भूषण हरि, साधना देवी, जिला अध्यक्ष राजेश हांडी, विकास हरि, गोरों कुमार, शिव कुमार, लीला देवी, शिव हरि, सुमन देवी, तरुण कुमार सहित राज्यभर से बड़ी संख्या में हाड़ी समाज के लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 08 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



### रांची में एक सप्ताह तक चलेगा सांसद कला महोत्सव, 20000 से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल

# सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग्स को पीएम को भेंट की जायेगी : संजय सेठ

**ऑपरेशन सिंदूर और पीएम के सैन्य प्रेम को कागजों पर उकेरेंगे विद्यार्थी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची में 28 अगस्त से 3 सितंबर 2025 तक रांची में सांसद कला महोत्सव मनाया जायेगा। एक सप्ताह तक चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न विद्यालयों में चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जिसमें विद्यालयों के 8वीं से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। उपरोक्त जानकारी रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में दी। श्री सेठ ने बताया कि इस चित्रांकन प्रतियोगिता का थीम है - ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सैन्य प्रेम। इस महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सैन्य प्रेम के प्रति जागरूकता लाना है। उनकी रचनात्मकता को सार्वजनिक पटल पर दिखाना है। श्री सेठ ने बताया कि इस महोत्सव के लिए हमने रांची के 50 से अधिक विद्यालयों से संपर्क करने का लक्ष्य लिया है। इसमें 20000 से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। इसके लिए एक समिति का भी गठन किया गया है। समिति के लोग सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों से भी संपर्क करेंगे। सबसे उत्कृष्ट पेंटिंग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट किया जायेगा। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि 2 घंटे की प्रतियोगिता में बच्चों को ऑन स्पॉट पेंटिंग करनी है और सभी विद्यालयों से श्रेष्ठ पांच पेंटिंग्स का चुनाव किया जायेगा। इसके बाद ऐसे श्रेष्ठ पांच पेंटिंग्स के विजेताओं की एक बार फाइनल प्रतियोगिता होगी, उसमें सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। इसके लिए गठित आयोजन समिति में संयोजक मनोज कुमार गुप्ता के अलावे राजीव सहाय, शुभंकर चौधरी, रूही उज्जवल, धनंजय कुमार, रमेंद्र कुमार, कृष्णा कुमार शामिल हैं।

#### नागरिकों के लिए तैयार करवा रहे परिवार सुरक्षा पुस्तिका

पत्रकार वार्ता में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने यह भी जानकारी दी की रांची लोकसभा क्षेत्र के परिवारजनों के लिए परिवार सुरक्षा पुस्तिका तैयार की जा रही है। जिसका निःशुल्क वितरण रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए किया जायेगा। इस परिवार सुरक्षा पुस्तिका का उद्देश्य परिवार की सारी जानकारी को एक जगह एकत्र करके रखना है। श्री सेठ ने बताया कि इसमें परिवार के सभी सदस्यों का विवरण, आधार नंबर, बैंक खाता का डिटेल, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा पॉलिसी, राशन कार्ड, जमीन जायदाद का विवरण, परिसंपत्तियों सहित अन्य कई प्रकार की जानकारियां एक जगह रखी जा सकेंगी। श्री सेठ ने कहा कि लंबे समय से उनके दिमाग में यह बात चल रही थी कि लोग अपने परिवार की जानकारियां एक जगह इकट्ठी करके रख सकें, ताकि आपात स्थिति में उसका उपयोग हो सके। इसी उद्देश्य के तहत उन्होंने इस पुस्तिका को तैयार करायी है और बहुत जल्द ही इसका वितरण भी आरंभ किया जायेगा।

# हेमंत सोरेन एक आदर्श पुत्र और सीएम हैं: नंद किशोर सिंह चंदेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो के नंद किशोर सिंह चंदेल ने हेमंत सोरेन की प्रशंसा की और उन्हें बारंबार नमन किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन एक आदर्श पुत्र और मुख्यमंत्री हैं जो अपने पिता के आदर्शों पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पिता शिबू सोरेन की सेवा और सम्मान के माध्यम से एक आदर्श पुत्र की भूमिका निभाई है। उनके इस कार्य ने उन्हें आज के युवाओं के लिए एक आदर्श बना दिया है। हेमंत सोरेन ने अपने पिता शिबू सोरेन की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने पिता के अंतिम समय तक उनके साथ रहने का प्रयास किया और उनकी देखभाल की। यह उनके प्रति उनकी निष्ठा और प्रेम को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन का यह कार्य आज के युवाओं के लिए एक आदर्श है। जो युवा अपने माता-पिता को दूर रखते हैं और उनका हाल-चाल नहीं लेते, उन्हें हेमंत सोरेन से सीखना चाहिए कि माता-पिता की सेवा और सम्मान कैसे किया जाता है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### पहाड़ी मंदिर में हिंदू महापरिवार ने किया रुद्राभिषेक



रांची (आजाद सिपाही)। हिंदू महापरिवार ने सावन माह के अवसर पर पहाड़ी मंदिर में रुद्राभिषेक का आयोजन किया। इस अवसर पर हिंदू महापरिवार के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बाबा का श्रृंगार किया। सावन माह में रुद्राभिषेक का अपना एक अलग ही महत्व है। रागिनी जायसवाल ने बाबा का सुंदर भजन गाया। कार्यक्रम में हिंदू महापरिवार के अध्यक्ष राजेश अयान, प्रिंस अजमानी, पंडित निरंजन, संदीप गुप्ता, ईशान राज, आनंद साही और अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। हिंदू महापरिवार ने पिछले 4 सोमवार से बाबा के दरबार में भोग वितरण किया और रुद्राभिषेक के साथ अपना सावन महोत्सव कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित जैन, विकास शर्मा, विकास मौर्य, संदीप गुप्ता और अन्य कार्यकर्ताओं ने आर्थिक रूप से सहयोग किया।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का रांची विश्वविद्यालय में जोरदार आंदोलन



रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, रांची महानगर इकाई ने गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय में एक विशाल आंदोलन किया। यह आंदोलन विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही और शैक्षणिक अव्यवस्था के विरुद्ध था। परिषद ने तीन प्रमुख मांगों को लेकर यह आंदोलन किया, इसमें यूजी और पीजी सेमेस्टर-1 की परीक्षा में हो रही अनावश्यक देरी, सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणामों में हुई गंभीर गड़बड़ी और फाइन आर्ट्स विभाग में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी शामिल हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उपरोक्त समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो परिषद आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### टीएमसी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया, जिसमें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी। शिबू सोरेन का 4 अगस्त 2025 को नयी दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया था। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए और पुष्प चढ़ाकर शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष फिलमोन टोप्पो ने शिबू सोरेन के जीवन और संघर्ष की कहानी को याद किया। कहा कि शिबू सोरेन एक महान नेता थे जिन्होंने झारखंड राज्य के लिए संघर्ष किया और आदिवासी समुदाय के अधिकारों के लिए लड़े। उनके निधन से झारखंड के लोगों को बड़ा सदमा लगा है और उनके चाहने वालों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है।इस अवसर पर दयानन्द प्रसाद सिंह, संजय कुमार पांडेय, उदयभानु सिंह, जयप्रकाश साई, मोहसिन हारिस, मोस्तरमा सारा और राजेश पाण्डेय सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित थे।

### रिनपास ने मानसिक स्वास्थ्य पर स्कूल स्तर पर कार्यक्रम की श्रृंखला शुरू की

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के रिनपास ने मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए परामर्श की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान के लिए संवेदनशीलता और अभिमुखीकरण विषय पर स्कूल स्तर पर कार्यक्रम की श्रृंखला का शुभारंभ किया। इस श्रृंखला की पहली कड़ी का आयोजन डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल, रांची में किया गया। प्रोफेसर डॉ. अमूल रंजन सिंह, निदेशक, रिनपास ने मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की शीघ्र पहचान के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे सामाजिक परिवेश जैसे स्कूल, शिक्षक, और माता-पिता बच्चों की मानसिक स्थिति को प्रभावित करते हैं। उन्होंने यह भी जोर दिया कि मानसिक स्वास्थ्य में मदद लेना कोई कमजोरी नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर समझने और अवसरों के प्रति कृतज्ञ होने का माध्यम है। कार्यक्रम में छात्रों के साथ समूह एवं व्यक्तिगत बातचीत की गयी, जिसमें उन्होंने अपनी समस्याओं और मानसिक चिंता के विषय साझा किये। रिनपास के पीएचडी. शोधार्थियों ने छात्रों से संवाद कर समाधान सुझाए। कार्यक्रम के अंत में रिनपास द्वारा उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों, टेली-थेरेपी सेवाओं और प्रत्यक्ष परामर्श सुविधाओं की जानकारी दी गयी, ताकि छात्र एवं अभिभावक भविष्य में किसी भी प्रकार की मानसिक समस्या में सहायता प्राप्त कर सकें।

# सांस्कृतिक विरासत है 'अनुभूति': राज्यपाल

**जैप-1 सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को धरित्री कला केंद्र द्वारा जैप-1 सभागार में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुभूति को संबोधित करते हुए कहा कि अनुभूति केवल कला की प्रस्तुति नहीं, बल्कि यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की निरंतरता का एक जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और युवा पीढ़ी में अनुशासन, संवेदनशीलता और राष्ट्रीय चेतना को जाग्रत करते हैं। राज्यपाल ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 4 अगस्त को हुए निधन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व की विदाई नहीं, बल्कि जनजातीय चेतना और अस्मिता की एक जीवित प्रेरणा का अवसान है। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

राज्यपाल ने यह भी बताया कि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं उनकी पुत्रवधु गार्गी ने पूर्व में राज भवन में भेंट कर इस कार्यक्रम के लिए उन्हें आमंत्रित किया था। उन्होंने कार्यक्रम की तिथि में परिवर्तन कर दिवंगत दिशोम गुरु जी के प्रति सम्मान प्रकट करने के निर्णय को एक भावपूर्ण और सराहनीय पहल बताया। राज्यपाल ने गार्गी द्वारा अपने गुरुजनों पद्म विभूषण पं. बिरजू महाराज, पं. मुन्ना शुक्ला तथा मंजू मलकानी के प्रति अर्पित श्रद्धांजलि को गुरु-शिष्य परंपरा की उत्कृष्ट अभिव्यक्ति बताया और कहा कि यह भारतीय सांस्कृतिक धरोहर की आत्मा है।

# ट्रंप का गुणगान करनेवाले भाजपाई अब क्यों हैं खामोश : डॉ तनुज खत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि ट्रंप का गुणगान करने वाले, उनके लिए ह्यअबकी बार ट्रंप सरकारह्ल के नारे लगाने वाले भाजपायी अब अचानक मौन क्यों हैं? क्या यही है आपकी विदेश नीति? क्या अमेरिका से दोस्ती सिर्फ. फोटो खिंचवाने और रेड कारपेट पर बिछ जाने तक थी? डॉ तनुज ने कहा कि अमेरिका द्वारा घोषित टैरिफ वॉर का सीधा असर भारत के एक्सपोर्ट, टेक्सटाइल, आइटी, फार्मा, और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर पड़ेगा। इससे देश की लाखों नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं। मगर हैरानी की बात है कि इस पर केंद्र सरकार की तरफ से ना कोई बयान, ना कोई योजना, और ना ही कोई कड़ा विरोध सामने आया है। डॉ तनुज खत्री ने अंत में कहा कि हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गये इस आर्थिक हमले का तत्काल और ठोस जवाब दिया जाए। देश के नागरिकों को यह बताया जाये कि सरकार इस संकट से निपटने के लिए क्या रणनीति अपना रही है।

# अदाणी पॉवर को बिहार में 2400 मेगावाट का नया ग्रीनफील्ड थर्मल पावर प्लांट लगाने की मंजूरी मिली

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना/अहमदाबाद।** अदाणी पॉवर लिमिटेड को बिहार राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (बीएसपीजीसीएल) से एक लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआइ) मिला है। इस पत्र के तहत अदाणी पॉवर को भागलपुर जिले के पीरपैंती में बनने वाली 2,400 मेगावाट की थर्मल पावर प्लांट से उत्तर बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल) और दक्षिण बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) को 2,274 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करने का कार्य सौंपा गया है। अदाणी पॉवर ने बेहद प्रतिस्पर्धी टेंडर प्रक्रिया में सबसे कम दर पर बोली लगा कर अनुबंध हासिल किया, जिसमें अंतिम आपूर्ति मूल्य 6.075 रुपये प्रति किलोवाट-घंटा तय हुआ। अनुबंध के तहत कंपनी एक ग्रीनफील्ड 3 गुणे 800 मेगावाट की अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट से बिजली की आपूर्ति करेगी, जिसे 'डिजाइन, निर्माण, वित्त, स्वामित्व और संचालन' (डीबीएफओओ) मॉडल के तहत विकसित किया जायेगा। पहली इकाई नियुक्त तिथि के 48 महीनों के भीतर और अंतिम इकाई 60 महीनों के भीतर चालू कर दी जायेगी। अदाणी पॉवर के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, एसबी ख्यालिया, ने कहा, बिहार में 2,400 मेगावॉट की थर्मल पॉवर परियोजना के विकास और संचालन के लिए बोली जीतकर हमें खुशी है। हम लगभग 3 अरब डॉलर के निवेश से एक नया ग्रीनफील्ड संयंत्र स्थापित करेंगे, जो राज्य में औद्योगीकरण को और गति देगा। यह प्लांट आधुनिक, कम उत्सर्जन वाला अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल प्लांट होगा, जो राज्य को भरोसेमंद, प्रतिस्पर्धी दर पर और उच्च गुणवत्ता की बिजली उपलब्ध करायेगा।

इस प्लांट को भारत सरकार की शक्ति नीति के तहत आवंटित कोयला लिंक से ईंधन प्राप्त होगा। निर्माण चरण के दौरान इस परियोजना से लगभग 10,000 से 12,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की उम्मीद है, जबकि संचालन शुरू होने के बाद इससे लगभग 3,000 लोगों को स्थायी रोजगार मिलेगा। कंपनी को जल्द ही एलओए (लेटर ऑफ अवॉर्ड) प्राप्त होने की उम्मीद है, जिसके बाद राज्य की यूटिलिटी कंपनियों के साथ पॉवर सप्लाई एग्रीमेंट (पीएसए) पर हस्ताक्षर किये जायेंगे।

# हस्तकरघा केवल एक कला नहीं, यह हमारी सभ्यता संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि हस्तकरघा केवल एक कला नहीं, यह हमारी सभ्यता, संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। हर धागा, हर बुनाई हमारी लोक-कथाओं और रीति-रिवाजों की अनूठी कहानी कहती है। राज्यपाल गुरुवार को विवर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूडीआरओ) एवं बुनकर प्रकोष्ठ की ओर से 12वें राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस के अवसर पर रांची के डोरंडा महाविद्यालय में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाया जा रहा है, बल्कि उन लाखों बुनकर परिवारों को सम्मान भी दिया जा रहा है, जो आत्मनिर्भर भारत की नींव को सुदृढ़ कर रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल और हैंडलूम फॉर होम जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों से देश में स्वदेशी वस्त्रों के प्रति सम्मान का भाव और बढ़ा है।

राज्यपाल ने अपने पूर्व के अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब मैं वस्त्र मंत्रालय में था, तब देशभर के बुनकरों और हस्तशिल्पियों की समस्याओं को नजदीक से समझने और उनके समाधान के लिए कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि मेरे जरिये कौशल विकास, तकनीकी सहायता और बाजार उपलब्धता के माध्यम से बुनकरों के सशक्तिकरण की दिशा में ठोस प्रयास किये गये।

**Government of Jharkhand**
**Department of School Education and Literacy**
**(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)**
**J.S.C.A. Stadium Road, Sector.-III, Dhurwa, Ranchi-834004**
**Phone:0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com**

**Tender Notice**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through from eligible and interested contractors for Provision of Drinking water Facility Higher Secondary Schools in different block/district of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 26.08.2025 at 2.00 PM.

The details of tender document can be seen and applied through website **http://jepc.jharkhand.gov.in** only.

Ref. No.: JEPC/CIV/03/1600/2025/3006 Ranchi, Date :-06.08.2025

Sd/-
State Project Director
Jharkhand Education Project Council

PR 359027 Jharkhand Education Project Council(25-26).D

# मंडल डैम के कार्यों को यथाशीघ्र शुरू करें: मुख्य सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने गुरुवार को शहीद नीलांबर-पीतांबर उत्तर कोयल परियोजना (मंडल डैम) की निर्धारित कार्ययोजना के अनुपालन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्ययोजना को धरातल पर उतारने के लिए मूलभूत कार्य यथाशीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विस्थापित होनेवाले रैयतों को विश्वास में लेकर उनके पुनर्वास की अड़चनों को दूर करें।

मालूम हो कि इस परियोजना के लिए गढ़वा और लातेहार जिले के सात गांवों खैरा, भजना, सनैया, कुटकू, खुरा, चेमो और मेराल के लगभग 750 परिवारों को पुनर्वासित करने का निर्णय लिया गया है। पुनर्वास के दौरान सभी परिवारों को दो किश्तों में 15 लाख रुपये और एक एकड़ जमीन देने पर पूर्व में ही रैयतों के साथ सहमति बन चुकी है। इन्हें रंका प्रखंड में पुनर्वासित करने की योजना है। मुख्य सचिव ने मंडल डैम के अधूरे काम को पूरा करने वाली चयनित एजेंसी वापकोस को पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था देने का निर्देश दिया है। उन्होंने गढ़वा और लातेहार जिला प्रशासन को आपसी समन्वय से इसके यथाशीघ्र अनुपालन पर बल दिया। एजेंसी ने समीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मिलने के दो दिन के भीतर कार्य शुरू करने पर हामी भरी। इस दौरान मुख्य सचिव ने विस्थापितों को मुआवजा भुगतान करने के लिए रिजर्व बैंक में स्पर्श अकाउंट खोलने, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के तहत विस्थापितों की मैपिंग की प्रगति की भी समीक्षा की। वहीं परियोजना के दायां मुख्य नहर के दोनों किनारे पर स्थित विद्युत पोलों तथा ट्रांसफार्मर को वहां से हटाने की प्रगति की समीक्षा के दौरान इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में वित्त सचिव प्रशांत कुमार, वन सचिव अबू बक्कर सिद्दिकी शामिल थे।

**कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा।**

**वित्तीय वर्ष 2024–25 में पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित आवश्यक सूचना।**

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2024–25 का Status "Approved by DLC Officer" (Student Login esa "Pending by DLC Officer") है वे आवेदन में दिये गये आधार संख्या को अपने बैंक खाता के साथ दिनांक **20 अगस्त 2025** तक निश्चित रूप से लिंक करा ले। कुछ आवेदन से संबंधित आधार असक्रिय (Inactive) होने के कारण भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे आवेदक अपना आधार को दिनांक **20 अगस्त 2025** तक सक्रिय (Active) करा लें। **पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।**

उक्त तिथि के पश्चात् Mapping/आधार Active कराने वाले छात्रों को वर्ष 2024–25 का छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। चूँकी **20 अगस्त 2025** के बाद ई–कल्याण पोर्टल बंद हो जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट से (https://myaadhaar.uidai.gov.in→ Login पर क्लिक करना होगा। जिसके बाद आधार न0 एवं Captcha Enter करके Send OTP करना है। Send OTP करने के पश्चात आपके आधार से रजिस्टर्ड मोबाईन न0 पर 6 अंको का OTP प्राप्त होगा, OTP Enter कर Login करना है। Login करने के बाद Bank Seeding Status पर क्लिक करके) प्राप्त किया जा सकता है। अथवा ई–कल्याण पोर्टल में (Services – Schedule→ Student Services – Schedule (Post-Matric) → Check status of your AADHAAR linked bank account number Click Here) लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR 359049 (Lohardaga) 25-26 (D)

# एसआइआर पर संसद में हंगामा

बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा की मांग को लेकर संसद में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध बना हुआ है। कोई भी पक्ष झुकने को तैयार नहीं दिख रहा। लेकिन, इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ रहा है। दोनों सदनों का कीमती वक्त हंगामे में जाया हो रहा है और यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। पिछले वर्षों में इस तरह की गतिविधियां आम हो गयी हैं।

**नियमों का टकराव :** विपक्ष चाहता है कि सरकार Special Intensive Revision यानी एसआइआर पर चर्चा कराये। लेकिन, सरकार नियमों का हवाला देकर कह रही है कि चुनाव आयोग स्वायत्त संस्था है और मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए चर्चा नहीं हो सकती। जवाब में, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी 2023 की एक रूलिंग निकाल कर उपसभापति को पत्र लिख दिया है। दोनों पक्ष नियमों के सवाल पर अड़े हैं, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि ये नियम सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाये गये हैं, न कि कामकाज ठप कराने के लिए।

**आधार और वोटर कार्ड को मान्य डॉक्युमेंट्स में शामिल न करने से लेकर बड़ी संख्या में लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर निकालने तक, कई पेच फंसे हैं इसमें। चुनाव आयोग ने संशोधित वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया है और इसमें 65 लाख नाम हटाये गये हैं।**

**विवादों में प्रक्रिया :** मॉनसून सत्र शुरू होने के पहले ही अंदाजा था कि एसआइआर पर हंगामा होगा। इसके पीछे विपक्ष की अपनी आशंकाएं हैं। शुरुआत से ही यह प्रक्रिया विवादों में रही है। आधार और वोटर कार्ड को मान्य डॉक्युमेंट्स में शामिल न करने से लेकर बड़ी संख्या में लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर निकालने तक, कई पेच फंसे हैं इसमें। चुनाव आयोग ने संशोधित वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया है और इसमें 65 लाख नाम हटाये गये हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन लोगों की पूरी जानकारी मांगी है।

**रचनात्मक बहस :** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले दिनों कहा था कि अगर विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहता है, तो देशहित में सरकार के सामने विधेयक पारित कराने की मजबूरी होगी। लेकिन, लोकतंत्र के लिए यही बेहतर होगा कि दोनों पक्ष सदन का इस्तेमाल रचनात्मक बहस के लिए करें।

**सरकार करे पहल :** खैर, चुनाव आयोग एसआइआर की जरूरत को बता चुका है और शीर्ष अदालत ने भी उसे माना है। वहीं, इस पर चर्चा की मांग को लेकर सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच गतिरोध बना हुआ है, तो बातचीत से इसका हल निकालना होगा, ताकि संसद का कामकाज सुचारू रूप से चल सके। लोकतंत्र में सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। उसे अपना यह दायित्व समझना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**अनुमान है कि 2047 तक देश की जनसंख्या 1.6 अरब हो जायेगी- जिसमें से आधी आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी। इस बदलाव से खाद्यान्न की कुल मांग दोगुनी हो जायेगी, फलों, सब्जियों और पशु-आधारित खाद्य पदार्थों की मांग तिगुनी होने की उम्मीद है, जबकि अनाज की मांग स्थिर रहेगी, जिससे अधिशेष की स्थिति बनी रहेगी।**

# भारत में कृषि क्रांति तेज गति से जारी



**शिवराज सिंह चौहान**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, निरंतर सुधारों और किसान-केंद्रित पहलों के कारण कृषि क्षेत्र में निरंतर प्रगति हुई है और देश ने धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन का रिकॉर्ड उत्पादन किया है। कृषि वर्ष 2024-25 के लिए प्रमुख कृषि फसल उत्पादन के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार वर्ष 2024-25 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 353.96 मिलियन टन होने का अनुमान है, जो अब तक का सबसे अधिक खाद्यान्न उत्पादन होगा और वर्ष 2014-15 (252.02 मिलियन टन) की तुलना में यह 40 प्रतिशत अधिक रहेगा।

1960 के दशक से पहले की जड़ता और खाद्य असुरक्षा को पीछे छोड़ते हुए आज भारतीय कृषि खाद्य अधिशेष प्राप्त करने की स्थिति में आ गयी है, जिससे माल्थस की यह धारणा गलत साबित होती है कि जनसंख्या वृद्धि, खाद्य उत्पादन की तुलना में अधिक हो जायेगी।

1967 में, विलियम और पॉल पैडॉक ने भारत में अकाल की भविष्यवाणी की थी। उनका दावा था कि देश अपनी बढ़ती आबादी का पेट नहीं भर पायेगा। उन्होंने खाद्य सहायता के खिलाफ विवादास्पद तर्क दिया था, क्योंकि उन्हें डर था कि इससे भविष्य में भुखमरी और बढ़ेगी।

**2014-15 और 2023-24 के बीच, पशु-स्रोत से प्राप्त खाद्य के उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गयी।**

उच्च उपज वाले चावल और गेहूं की किस्मों, कृषि रसायनों और सिंचाई से संचालित हरित क्रांति ने पैडॉक की भविष्यवाणी को गलत साबित कर दिया। भारत का खाद्यान्न उत्पादन 1966-67 के 74 मिलियन टन से बढ़ा कर 1979-80 तक 130 मिलियन टन हो गया। वार्षिक वृद्धि 8.1 मिलियन टन (2014-2025) के शिखर-बिंदु को छूते हुए 354 मिलियन टन तक पहुंच गयी। बागवानी फसलें भी 1960 के दशक के 40 मिलियन टन से बढ़ कर 2024-25 में 334 मिलियन टन हो गयी, जिसमें हाल ही में 7.5 मिलियन टन की वार्षिक वृद्धि हुई है। विपरीत परिस्थितियों को सहन करने में सक्षम किस्मों और अनुकूल कृषि पद्धतियों में प्रगति के कारण फसल उत्पादन में भी अधिक स्थिरता आयी है। भारत के डेयरी, मुर्गीपालन और मत्स्य पालन क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

1970 के दशक में शुरू हुई श्वेत क्रांति ने दूध उत्पादन को 20 मिलियन टन से बढ़ाकर 2023-24 तक 239 मिलियन टन कर दिया, जो पूरे यूरोप के बराबर है। 1980 के दशक की नीली क्रांति ने मछली उत्पादन को 2.4 मिलियन टन से बढ़ा कर 2024-25 तक 19.5 मिलियन टन कर दिया, जिससे भारत दूसरा सबसे बड़ा समुद्री खाद्य उत्पादक और निर्यातक बन गया। मुर्गीपालन, घरेलू गतिविधि से आगे बढ़ कर एक उद्योग के रूप में विकसित हुआ, जिसमें अंडों का उत्पादन 10 बिलियन से बढ़ कर 143 बिलियन हो गया और इसी अवधि में मुर्गी के मांस का उत्पादन 113 हजार टन से बढ़ कर 5,019 हजार टन हो गया।

2014-15 और 2023-24 के बीच, पशु-स्रोत से प्राप्त खाद्य के उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गयी। दूध में सालाना 10.2 मिलियन टन, अंडों में 6.8 बिलियन इकाई, ब्रॉयलर मांस में 217 हजार टन और मछली (मुख्य रूप से जलीय कृषि) में 0.78 मिलियन टन की वृद्धि हुई। प्रजनन, संसाधन प्रबंधन और कुशल जनशक्ति में तकनीकी प्रगति ने इस तेज वृद्धि को गति दी है। फल, सब्ज़ियां और पशु उत्पाद जैसे उच्च-मूल्य वाले खाद्य पदार्थ अब खाद्यान्न वृद्धि से आगे निकल रहे हैं, जो कृषि विविधीकरण, बेहतर पोषण, किसानों की आय और जलवायु विषम परिस्थितियों के प्रति सहनीयता में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।

भारत की खाद्य उत्पादन सफलता पोषण, किसानों की आय, जलवायु की विषम परिस्थितियों के प्रति सहनीयता और निर्यात को बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी एवं नीति की परिवर्तनकारी भूमिका को दर्शाती है। आइसीएआर के शोध से पता चलता है कि कृषि में निवेश पर उच्च आय प्राप्त होती है- अनुसंधान और विस्तार पर खर्च किये गये प्रत्येक रुपये पर क्रमशः 13.85 रुपये और 7.40 रुपये। पीएमकेएसवाइ (सिंचाई), पीएम-किसान (प्रत्यक्ष किसान सहायता), राष्ट्रीय पशुधन मिशन और नीली क्रांति जैसी हाल की सरकारी पहलों ने संसाधनों के उपयोग को बढ़ा कर, जोखिमों को कम कर-के और कृषि-खाद्य प्रणाली में प्रौद्योगिकी अपनाने को प्रोत्साहन देकर कृषि विकास को और मजबूती दी है। 2047 तक, भारत ने विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है, इसलिए इसकी अर्थव्यवस्था को सालाना 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि करनी होगी।

अनुमान है कि 2047 तक देश की जनसंख्या 1.6 अरब हो जायेगी- जिसमें से आधी आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी। इस बदलाव से खाद्यान्न की कुल मांग दोगुनी हो जायेगी, फलों, सब्जियों और पशु-आधारित खाद्य पदार्थों की मांग तिगुनी होने की उम्मीद है, जबकि अनाज की मांग स्थिर रहेगी, जिससे अधिशेष की स्थिति बनी रहेगी।

हालांकि बढ़ते शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण कृषि भूमि 180 मिलियन हेक्टेयर से घट कर 176 मिलियन हेक्टेयर और औसत भूमि जोत 1 से घट कर 0.6 हेक्टेयर रह जायेगी। इससे जल और कृषि रसायनों पर दबाव बढ़ेगा, जिससे संसाधनों का क्षरण होने का खतरा होगा। जलवायु परिवर्तन और भी बड़ा जोखिम है, जो स्थायी कृषि और ग्रामीण आजीविका को खतरे में डालता है।

भारत की उभरती कृषि-खाद्य चुनौतियां, उत्पादन-रणनीतियों में बदलाव की मांग करती हैं। प्रतिवर्ष 20 मिलियन टन चावल, जिसकी खेती में अधिक मात्रा में जल की जरूरत होती है, के निर्यात के बावजूद, भूजल की सतत उपलब्धता खतरे में है। इस बीच, भारत खाद्य तेलों और दालों के आयात पर बहुत अधिक निर्भर है। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, किसानों के हितों की रक्षा करने और संसाधनों के संरक्षण के लिए, फसल नियोजन में स्थायी कृषि पद्धतियों के साथ-साथ तिलहन और दलहन जैसी जल-कुशल फसलों को प्राथमिकता देनी चाहिए। विभिन्न बाधाओं के कारण कृषि कार्य में उपयोग न की जाने वाली 12 मिलियन हेक्टेयर चावल-परती भूमि पर भारत दलहन और तिलहन की खेती का विस्तार कर सकता है।

हालांकि, कम पैदावार- तिलहन में 18-40 प्रतिशत और दलहन में 31-37 प्रतिशत का अंतर - तकनीकी उन्नयन की आवश्यकता को रेखांकित करता है। विकसित कृषि संकल्प अभियान (वीकेएसए) 728 जिलों में 1.35 करोड़ किसानों तक पहुंचा, किसान-वैज्ञानिक प्रत्यक्ष बातचीत के माध्यम से बेहतर कार्यप्रणालियों को बढ़ावा मिला। उत्पादन को बढ़ावा देने और आयात को कम करने के लिए, सरकार ने मिशन-मोड में कई योजनाएं भी शुरू की हैं, जो तिलहन, दलहन और कपास के उच्च उपज वाले बीजों पर केंद्रित हैं।

कृषि अनुसंधान में लागत कम करने और जोखिमों का प्रबंधन करते हुए उत्पादकता, सहनीयता और संसाधन दक्षता को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं हैं। समय पर जानकारी की बढ़ती मांग के साथ, एआइ और डेटा विश्लेषण जैसे आधुनिक उपकरण वैश्विक कृषि अनुसंधान में बदलाव ला रहे हैं। भारत वर्तमान में अनुसंधान एवं विकास में सालाना 116 बिलियन रुपये (कृषि-जीडीपी का 0.5 प्रतिशत) का निवेश करता है, इसके साथ ही वित्त पोषण बढ़ाने और मांग-आधारित दृष्टिकोण अपनाने की योजनाएं भी तैयार की गयी हैं। कृषि विज्ञान केंद्रों, राज्य विस्तार प्रणालियों और केंद्र-राज्य समन्वय को मजबूत करने से अनुसंधान, किसानों के साथ और भी गहराई से जुड़ सकेगा। 'एक राष्ट्र, एक कृषि, एक टीम' विजन के अंतर्गत, आइसीएआर के नोडल अधिकारी विकसित भारत को समर्थन देने के लिए राज्य स्तरीय कार्य योजनाओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

**(लेखक : केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

## घाटशिला महाविद्यालय के बंगला विभाग ने गुरुदेव को दी श्रद्धांजलि




घाटशिला (आजाद सिपाही)। घाटशिला महाविद्यालय के बंगला विभाग ने कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ पीके गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित सभा में स्वागत भाषण चिरंतन महतो व संचालन बंगला विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप चंद्रा ने की। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों-कर्मचारियों ने गुरुदेव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर प्राचार्य ने कहा गुलाम भारत में कविगुरु ने भारतीय ज्ञान और मेधा का परिचय पूरी दुनिया को कराया। उनकी लेखनी आज भी प्रेरणा का स्रोत है।इस अवसर पर डॉ. एस.पी. सिंह, डॉ. दिलचंद राम, डॉ. कुमार विशाल, प्रो. राम विनय, प्रो. विकास मुंडा, मो. सज्जाद, डॉ. संजेश तिवारी, प्रो. पूंजीश बेदिया,डॉ. सींगो सोरेन, प्रो. सरजू पॉल, प्रो. मुकेश कुमार सिंह, प्रियंका दत्ता सहित कई शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## एमबीएनएस समूह के मेघ मल्हार महोत्सव में छात्रों के बीच प्रशस्ति पत्र का वितरण



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सावन महोत्सव के उपलक्ष्य में एमबीएनएस समूह ने दो दिवसीय मेघा मल्हार महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। गुरुवार को सांस्कृतिक आयोजन में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर प्रतिभा का रंगारंग प्रदर्शन किया। महोत्सव के दौरान मेहंदी डिजाइन, फेस मेकअप, गीत गायन, नृत्य, रैंप वॉक, रक्षाबंधन थीम पर राखी निर्माण, आभूषण निर्माण व छतरी सजावट जैसी अनेक रचनात्मक एवं कलात्मक गतिविधियां आयोजित की गयीं। छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता, कला, और प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। यह आयोजन छात्रों के आत्मविश्वास, प्रस्तुतीकरण कौशल और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल साबित हुआ। एमबीएनएस समूह ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को सिदगोड़ा शाखा समिति ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि।

## पूर्वी सिंहभूम मेंअंचल-सह-थाना दिवस के तहत भू-विवादों का त्वरित निष्पादन



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। डीसी कर्ण सत्यार्थी के निदेशार्नुसार अंचल-सह-थाना दिवस के अंतर्गत भू-विवादों के त्वरित समाधान हेतु जिले में जनसुनवाई आयोजित की गई।गुरुवार को 14 थानों से कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 10 मामलों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया। जबकि 15 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं।अब तक इस पहल के अंतर्गत कुल 583 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें से 405 का निष्पादन सफलतापूर्वक किया जा चुका है।जिला प्रशासन भूमि विवादों के समयबद्ध और समन्वित समाधान हेतु प्रयासरत है।

# परविंदर सिंह बने एनएसयूआइ प्रदेश प्रभारी, युवा कांग्रेस ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रदेश महासचिव राकेश साहू नेतृत में साकची कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गुरुवार को समारोह में परविंदर सिंह को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का प्रदेश प्रभारी बनाए जाने पर उन्हें अंगवस्त्र और फूलों का गुलदस्ता भेट कर सम्मानित किया गया। राकेश साहू ने कहा परविंदर सिंह के नेतृत्व में छात्र संगठन कॉलेज स्तर पर और अधिक मजबूत होगा। पूरे प्रदेश में एनएसयूआई की पकड़ में सक्रियता बढ़ेगी।इस अवसर पर प्रदेश सचिव पारितोष सिंह, पूर्व एनएसयूआई सचिव किशोर प्रभात, महिला जिला अध्यक्ष नलिनी सिन्हा, युवा कांग्रेस महासचिव शिवनंदन सिंह शिबू सहित कई नेताओं ने परविंदर को बधाई दी।कार्यक्रम को सफल बनाने में कौशल प्रधान, नीरज कुमार, लकी गोस्वामी, सागर साहू, विवेक सिंह, निर्मला साहू, हर्ष गुप्ता, विवेक जयसवाल सहित कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

## छोलागोड़ा के युवाओं ने निभायी सामाजिक जिम्मेदारी, श्राद्धकर्म में किया सहयोग



बोड़ाम (आजाद सिपाही)। छोलागोड़ा गांव निवासी चौपाल गोप के आकस्मिक निधन के बाद आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार की सहायता के लिए गांव के युवाओं ने श्राद्धकर्म के लिए आर्थिक सहायता व राशन सामग्री प्रदान की। मौके पर दीपक गोप, कंचन गोप, राजू गोप, संजय गोप, अजय गोप, परमेश्वर गोप, रोहित गोप, अर्जुन गोप समेत कई युवा शामिल रहे।

## किराये के मकान में अचेत अवस्था में मिला युवक, एमजीएम अस्पताल रेफर



गम्हरिया। (आजाद सिपाही)। वाल्मीकि नगर में किराये के मकान से युवक निरंजन को अचेत और निर्वस्त्र अवस्था में बरामद किया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गम्हरिया ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे एमजीएम अस्पताल रेफर किया गया। घाटशिला निवासी निरंजन प्रसाद किसी निजी कंपनी में ठेका मजदूरी करता है।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी गयी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कदमा स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में झारखंड के संस्थापक और वंचित वर्गों के मसीहा स्व. दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। गुरुवार को डॉ. अंबेडकर पार्क संचालन समिति, एससी/एसटी/ओबीसी/माइनॉरिटी वेलफेयर समिति एवं झारखंड कौमी एकता मंच के संयुक्त तत्वावधान में सभी नेताओं ने गुरुजी के जल-जंगल-जमीन, सामाजिक न्याय और झारखंडी अस्मिता के लिए दिये गये संघर्षों को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील ठाकुर व संचालन राजकुमार दास ने की। मौके पर लालटू महतो,गौतम बोस और सुनीता मुखी, दीपक शर्मा, बालेश्वर दास, अरुण रजक, वेरना कांडुलना, राजकुमार दास शामिल रहे।

## गुरुजी की विरासत अमर रहेगी : विशु कुंभकार




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य निर्माता, प्रेरणास्त्रोत और जननायक दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर सिदगोड़ा झामुमो शाखा समिति की ओर से गहरा शोक व्यक्त किया गया। गुरुवार को समिति के अध्यक्ष विशु कुम्भकार की अगुवाई में श्रद्धांजलि सभा में स्थानीय कार्यकताओं और झामुमो समर्थकों ने नम आंखों से गुरुजी को अंतिम जोहार अर्पित की।मौके पर विशु कुम्भकार ने कहा गुरुजी पिता तुल्य अभिभावक थे। उनका जीवन झारखंडी अस्मिता,संघर्ष और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने जो मार्ग और आदर्श हमें दिए हैं वे हमें जनसेवा और राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहेंगे।उन्होंने आगे कहा हम सभी झारखंडवासी उनके ऋणी हैं। अंतिम जोहार बाबा।

## घाटशिला कॉलेज में हिरोशिमा दिवस पर संगोष्ठी शांति और विज्ञान के सदुपयोग का लिया संकल्प



घाटशिला (आजाद सिपाही)। घाटशिला कॉलेज के भौतिकी विभाग द्वारा हिरोशिमा दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों को युद्ध की भयावहता और विज्ञान के मानवीय उपयोग के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. पी.के. गुप्ता ने की। उन्होंने कहा विज्ञान का उद्देश्य मानवता की सेवा है, न कि विनाश का माध्यम।डॉ. कन्हाई बारिक ने हिरोशिमा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, परमाणु बम विस्फोटों की विभीषिका और समकालीन वैश्विक परिप्रेक्ष्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा आज का दिन हमें युद्ध के खिलाफ खड़ा होने और विज्ञान का उपयोग कल्याण के लिए करने की सीख देती है।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने युद्ध, हिंसा और घृणा के खिलाफ और शांति, मानवता व विज्ञान के सकारात्मक उपयोग का संकल्प लिया। मौके पर डॉ. संजय तिवारी, मो. सज्जाद, मल्लिका शर्मा, शाहिद इकबाल आदि उपस्थित रहे।

## सदर अस्पताल में स्तनपान सप्ताह का समापन



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल के निर्देश पर सदर अस्पताल में विश्व स्तनपान सप्ताह का समापन किया गया।गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजीव लोचन महतो ने बताया मां का दूध नवजात शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। उसे संक्रमण से बचाता है। डॉ. कल्याण महतो ने कहा स्तनपान हर मां का संकल्प होना चाहिए।डॉ. सौमेन दत्ता ने स्तनपान को मां के लिए लाभकारी बताते हुए कहा इससे कैंसर, मोटापा व तनाव जैसी बीमारियां नहीं होती। डॉ. प्रशांत प्रिया के अनुसार इससे बच्चों को एलर्जी, जॉन्डिस व निमोनिया से बचाव होता है।डॉ. नमिता झा (घाटशिला अस्पताल) ने कहा मां का दूध आसानी से पचता है, इसके लिए पैसे खर्च नहीं करने पड़ते। पिलाने से पहले सफाई जरूरी है। कार्यक्रम में माताओं को स्तनपान के महत्व और सावधानियों की जानकारी दी गयी।

## सरायकेला में अवैध क्वार्टजाइट खनन पर जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई



चांडिल (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह थाना अंतर्गत झिमरी क्षेत्र में अवैध क्वार्टजाइट खनन की शिकायत पर जिला खनन विभाग और नीमडीह थाना की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर खनन के स्पष्ट साक्ष्य पाये। जिला प्रशासन के निर्देश पर भूमि स्वामी, अनुबंध धारक और अन्य संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी। छापेमारी के दौरान खनन में प्रयुक्त जेसीबी मशीन और खनिज लदे ट्रक जब्त किये गये। प्रशासन के अनुसार मामले में विधिसम्मत कार्रवाई जारी है।

## मिलावटी मिठाई को लेकर एसडीएम ने तीसरे दिन शहर की 10 दुकानों में की छापेमारी

# खराब हो रही ढाई क्विंटल मिठाई करायी नष्ट

**बाजार समिति में गार्ड के आवास से 15 कुंटल मिठाई बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार की मिलावटखोरों और नकली मिठाई के कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। कार्रवाई के तीसरे दिन गुरुवार को उन्होंने शहर के अलग-अलग इलाकों में अवस्थित 10 मिठाई दुकानों में औचक छापेमारी की। जहां-जहां सड़ी गली या बदबू दे रही मिठाइयां पाईं गईं, उनको मौके पर ही कूड़े में रखवा दिया गया। साथ ही सख्त हिदायत दी गयी कि इस प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए, उन्होंने नगर परिषद और फूड सेफ्टी ऑफिसर को भी इस मामले में अपने स्तर से अभियान चलाने का निर्देश दिया।

**बाजार समिति में गार्ड के आवास में रखी थी डेढ़ टन मिठाई :** मझिआंव रोड स्थित कृषि बाजार समिति में एक जर्जर भवन जिसमें बाजार समिति में काम करने वाले एक गार्ड का आवास था, उसमें औचक छापेमारी कर एसडीएम ने 15.5 कुंटल दोयम दर्जे की मिठाई जब्त की। यद्यपि उक्त छेना रसगुल्ला पैकेट बंद स्थिति में थे इसलिए उनको विनष्ट नहीं करवाया गया, किंतु लगभग 80 रुपये किलो कीमत के इन रसगुल्लों को प्रथम दृष्टया घटिया दर्जे का मानते हुए उसे मौके पर ही जांच होने तक के लिए सील करवा दिया गया। बाजार समिति सचिव एवं उनके कर्मियों से पूछताछ के दौरान मालूम चला कि यह भंडारित मिठाई मनीष प्लास्टिक के प्रोपराइटर मनीष कुमार की है। जब उनसे पूछा गया कि उनकी यह मिठाई यहां के गार्ड के आवास पर चोरी छुपे से छुपा कर क्यों रखी हुई है तो इसका जवाब बाजार समिति के पदाधिकारी और कर्मचारी नहीं दे पाये। दूसरी ओर मनीष प्लास्टिक के यहां से एक दिन पूर्व मिली एक कुंटल अस्सी किलो खराब मिठाई को गुरुवार को नगर परिषद के माध्यम से विनष्ट और निस्तारित करवा दिया गया।

**मझिआंव मोड़ और बस स्टैंड में छापेमारी :** एसडीएम में मझिआंव मोड और बस स्टैंड परिसर के चारों ओर अवस्थित कुल 10 मिष्ठान्न दुकानों में छापेमारी की। इन में से लगभग आधा दर्जन दुकानों में नकली और खराब हो चुकी मिठाई बड़ी मात्रा में मिली, जिसमें से लगभग 70 किलो मिठाई उन्होंने मौके पर ही नष्ट करवा दी। आश्चर्य की बात यह है कि बस स्टैंड और उसके आसपास जितने भी दोयम दर्जे की मिठाइयां बिकती हुई पायी गईं उन सब का स्रोत उस परमपुरी प्लास्टिक दुकान से संबंधित था जिस पर बुधवार को कार्रवाई की गयी थी।

**जीएसटी विभाग के पदाधिकारी भी हुए रेस :** एसडीएम द्वारा गढ़वा में बड़ी मात्रा में यूपी और बिहार से आयी मिठाइयों की जब्ती की खबर सुनकर डाल्टेनगंज से जीएसटी विभाग के वरीय पदाधिकारी भी गढ़वा पहुंचे। उन्होंने इन दुकानदारों की अपने स्तर से जांच शुरू की है कि साल भर में करोड़ों रुपये की मिठाई अन्य राज्यों से लाने वाले ये बड़े कारोबारी कहीं जीएसटी की चोरी तो नहीं कर रहे हैं।

### एसडीएम ने गोदाम से तीन क्विंटल पॉलिथीन किया जब्त, कार्रवाई करने का दिया निर्देश

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर एसडीएम संजय कुमार ने बाजार समिति परिसर अंतर्गत पशु शेड संख्या 11 में एक व्यापारी द्वारा बनाये गये गोदाम में रखे प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के दायरे में आने वाली 312 किलो पॉलिथीन को जब्त कर मौके पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार को बुलाकर अग्रेतर कार्रवाई हेतु सौंपा। उन्होंने निर्देश दिया कि शहर में बड़ी मात्रा में धड़ल्ले से चल रहे सिंगल यूज प्लास्टिक विशेषकर प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ सघन अभियान चला कर कड़ी कार्रवाई करें। एसडीएम ने क्षेत्र के नागरिकों से भी अपील की है कि वे दिनचर्या में पॉलिथीन का यथासंभव प्रयोग न करें। उन्होंने सभी से थैला लेकर ही बाजार जाने का अनुरोध किया। उल्लेखनीय है कि 1 जुलाई 2022 से देशभर में कुछ सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं जैसे पॉलिथीन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** भंडरिया प्रखंड अंतर्गत भंडरिया-कुरून मुख्य मार्ग पर जीरमणिया डैम के समीप शुक्रवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक जयराम सिंह (38 वर्ष), पिता अयोध्या सिंह, ग्राम बिंदा निवासी वे अपने गांव से भंडरिया उर्वरक (खाद) लेने आ रहा था उनके घर में धान की रोपनी का कार्य चल रहा था। दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक, जो अरगाही (छत्तीसगढ़) के निवासी हैं, तेज रफ्तार में एवं शराब के नशे में चूर होकर भटकते हुए बिंदा की ओर जा रहे थे, जबकि उन्हें रमकंडा की ओर जाना था।

दोनों बाईकों की आमने-सामने भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि जयराम सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवकों की पहचान श्रवण सिंह, पिता मंटू सिंह (25 वर्ष), अनिल सिंह (22 वर्ष, पिता दशरथ सिंह), और सुमित सिंह (18 वर्ष, पिता शिवलाल सिंह) के रूप में की गयी है।

स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ने जयराम सिंह को मृत घोषित किया। वहीं, श्रवण सिंह, मंटू सिंह और अनिल सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

भंडरिया थाना प्रभारी अभिजीत गौतम मिश्रा ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है, और दुर्घटना में लापरवाही की पुष्टि होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## प्रमुख, बीडीओ और जिप सदस्य ने रोहनिया पहुंचकर जर्जर सड़क का निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत बनसानी पंचायत के रोहनिया गांव स्थित मध्य विद्यालय से लेकर दोनी लिबरी वन सीमा तक वर्षों पुराने जर्जर हो चुके कच्ची सड़क को लेकर की गयी लिखित शिकायत के आलोक में प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ नंदजी राम व जिला परिषद सह जिला नेत्री रंजनी शर्मा ने गुरुवार को रोहनिया पहुंचकर उक्त जर्जर सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने ग्रामीणों से कहा कि सड़क की हालत अत्यंत खराब है, बरसात के दिनों में कच्ची सड़क कीचड़ में तब्दील होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कहा कि ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए तत्काल उक्त सड़क पर मिट्टी मोरम डाल कर इसे दुरुस्त कराया जायेगा। जबकि प्रमुख शोभा देवी एवं जिला परिषद रंजनी शर्मा ने कहा कि मनरेगा के तहत उक्त सड़क का सुदृढ़ीकरण कराया जायेगा, ताकि क्षेत्र के लोगो को बरसात के दिनों में भी इस सड़क से आने जाने में किसी प्रकार के कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ा।

### सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान मेला संपन्न



श्रीबंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान मेला का शुभारंभ विद्यालय अध्यक्ष जोखू प्रसाद, सचिव रवि प्रकाश, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, सहसचिव चंदन कुमार, अभिभावक प्रतिनिधि शशिकला एवं प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता, ओम, मां शारदे और वैज्ञानिक नागार्जुन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन तथा नारियल फोड़ कर किया गया। इस विज्ञान मेला समारोह में शिशु वर्ग में 15 प्रदर्श, बाल वर्ग में 35 प्रदर्श एवं किशोर वर्ग में 28 प्रदर्श भैया-बहनों ने अपने स्टॉल पर सुसज्जित किया था। इस प्रकार कुल 78 प्रदर्श भैया बहनों ने कड़ी मेहनत से निर्मित किया था। भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर शिशु,बाल, किशोर वर्ग के बाल वैज्ञानिक अपने प्रदर्श के साथ विषयों का प्रतिपादन कर रहे थे। निर्णायक की भूमिका निभा रहे एसपीडी महदेईया कॉलेज के व्याख्याता इन्द्रशेखर पांडेय, टीडीएम अधौरा के व्याख्याता दिलीप कुमार गुप्ता और प्लस टू हाई स्कूल के व्याख्याता दीपक कुमार पांडेय को अंगवस्त्र एवं उत्सर्ग पत्रिका देकर समिति अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। कचरा प्रबंधन, खाद्य संरक्षण, रैन वाटर सेंसर, जीवाश्म ईंधन एवं नवाचारित प्रदर्शनों में एक्सीडेंट अवरोधक सेंसर आदि मॉडल प्रमुख आकर्षण का केंद्र थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्ण कुमार पांडेय, नंदलाल पांडेय, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, सत्येंद्र प्रजापति आदि उपस्थित थे।

### वन बंधु परिषद् की बहनों ने बांधी राखी



रमना (आजाद सिपाही)। वन बंधु परिषद् के तत्वधान में रक्षाबंधन कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान परिषद की सदस्य महिलाओं ने पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों को कलाइयों में राखी बांधकर व मिठाई खिलाकर मनाया। इस दौरान संच समिति अर्जुन चौधरी ने बताया कि रक्षा बंधन भाई बहनों का एक महान पर्व है, जिसमें बहने अपने भाइयों को हाथों में राखी बांधकर लंबी आयु की कमाना करते है। वहीं भाई अपने बहनों को हर मुसीबत के घड़ी में खड़े रहने का प्रण लेते है। इस अवसर पर संजय पासवान,दीपक सोनी,संच प्रमुख रंभा कुमारी एकल आचार्य सोनी देवी, अर्चना देवी, खुशबू देवी, किरण देवी, प्रतिमा देवी, अमरावती देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सगमा के नये सीओ सह बीडीओ बने विमल कुमार सिंह



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय मे नये सीओ सह बीडीओ बिमल कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रखंड के 13वें बीडीओ के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्हें धुरकी के अंचल अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने विमल कुमार सिंह सीओ के अलावा अतिरिक्त प्रखंड विकास अधिकारी का प्रभार भी सौंप दिया है। वहीं प्रभार ग्रहण करते ही नये सीओ ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सगमा प्रखंड में विकास की गति को रफ्तार देना है। वहीं गांव-गांव तक सरकार की योजनाएं अंतीम व्यक्ति तक पहुंचे और लाभुकों को उसका लाभ मिले यही उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर चौहांस एक्का रवि रंजन कुमार, अजित कुमार, बड़ाबाबू सुरेंद्र सिंह, इरफान हबीब, बीपीओ अभय कुमार, सीआई सतीश कुमार, सरोज, रशीद, दिनेश, साबिर इत्यादि प्रखंड एवं अंचल कर्मचारी मौजूद थे।

## बीडीएसयू में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के गुरुपद संभव सभागार में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय एवं नेशनल मेडिको आर्गेनाइजेशन के द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर सीबी त्रिपाठी, अध्यक्ष, नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन, नयी दिल्ली थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर जानकारी दी, जिनमें स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, मानसिक स्वास्थ्य, व्यायाम के लाभ, नशा मुक्ति आदि प्रमुख रहे। उन्होंने विस्तृत रूप से अलग अलग खाने पिने की सामग्री एवं खाने बनाने में उपयोग की जाने वाले बर्तन को प्रदर्शित करते हुए इससे होने वाले लाभ और हानि के बारे में जानकारी दी। बहुत सारे बीमारियों से आसानी से दूर रह सकते है, अगर खान पान में थोड़ी सी सावधानी बरतें तो। इसी तरह का दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम 6 एवं 7 सितंबर 2025 को राजेंद्र इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में आयोजित होना हैं और यहां अधिक संख्या में उपस्थित हो कर जानकारी लेने के लिए आग्रह किया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। युवाओं को अपनी दिनचर्या में योग, व्यायाम और संतुलित खान-पान को शामिल करना चाहिए। इस कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक एवं गैर शिक्षक तथा डेंटल, होमियोपैथिक, फार्मेसी, बीएससी एम एल टी, नर्सिंग के छात्र - छात्राएं उपस्थित थें।

## जीएन कॉन्वेंट में परीक्षाफल प्रकाशन सह अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जीएन कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीनियर वर्ग के यूनिट 2 परीक्षा का परीक्षा फल प्रकाशन सह अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी संपन्न। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागर में कक्षा नवम, दशम, 11वीं एवं 12वीं के यूनिट 2 परीक्षा का परीक्षाफल सम्मानित अभिभावकों के गरिमामयी उपस्थिति में प्रकाशित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्र. केशरी उपप्राचार्य बसंत ठाकुर तथा गणमान्य अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर हुआ। बच्चों एवं उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि अभिभावक- शिक्षक बैठकें बच्चे के प्रदर्शन, व्यवहार और शिक्षा के बारे में बातचीत करने का एक साझा मंच प्रदान करती है। ट्यूशन से ज्यादा सेल्फस्टडी महत्वपूर्ण है, जहां कड़ी मेहनत कर उच्च सफलता अर्जित की जा सकती है। उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा जारी नियमों के अंतर्गत जिन बच्चों की उपस्थिति 75% से कम होगी, उन्हें आगामी परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं मिलेगी तथा एक विषय से अधिक अनुत्तीर्ण छात्र भी परीक्षा या आगामी कक्षाओं में प्रोमोशन से वंचित रहेंगे। वहीं वरीय शिक्षिका नीरा शर्मा ने पीटीएम के महत्व पर प्रकाश डाला। मंच का संचालन उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने किया है जबकि धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक संतोष प्रसाद ने की। अपने-अपने वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात-छात्राओं को विशेष उपहार देकर निदेशक द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, नीरा शर्मा, विरेंद्र शाह, कृष्ण कुमार, मुकेश भारती, विकास कुमार, दिनेश कुमार, नीलम कुमारी सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, रागिनी कुमारी, शिवानी, चंदा सिन्हा, ऋषभ श्रीवतास्तव, पूजा, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### भंडरिया में रक्तदान शिविर का आयोजन



भंडरिया (आजाद सिपाही)। राजा भाऊ स्मारक समिति ट्रस्ट एवं वीबीडीए गढ़वा के संयुक्त तत्वावधान में भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सभागार में रक्तदान का शिविर आयोजित किया गया। शिविर के उद्घाटन में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, अंचलाधिकारी राकेश भूषण सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गढ़वा जिला कार्यवाह नितेश कुमार एवं गढ़वा वीबीडीए के अध्यक्ष विवेक तिवारी ने लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। गढ़वा जिला कार्यवाह नितेश कुमार ने आज प्रथम रक्तदाता के रूप में 9वां रक्तदान किया। वहीं रक्तदान करने वालों में बीटीटी संतोष कुमार वर्मा, आधार ऑपरेटर धर्मेंद्र कुमार, आदेशपाल जितेंद्र राम, बीआरसी के एसडीएमआईएस ऑपरेटर निकेत कुमार, सत्यानंद मंगलम, संजय कुमार सिंह, मनीष केशरी, शुभम कुमार केशरी, फर्जुन मिंज, रंजन प्रजापति सहित कई स्वयंसेवक शामिल थे। खबर लिखे जाने तक 15 यूनिट रक्तदान हो चुका था। रक्तदान शिविर में रक्त संग्रह करने हेतु ब्लड बैंक से प्रदीप कुमार, दया ठाकुर रूपदेव सिंह आदि मौजूद थे।

### मेराल से भवनाथपुर तक बिछाये गये रेलवे ट्रैक से बोल्डर और गिट्टी का हो रहा उत्खनन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सेल प्रबंधन की लापरवाही के चलते मेराल भाया भवनाथपुर होते हुए चोपन तक पैसेंजर ट्रेन परिचालन का सपना अब ध्वस्त होते नजर आ रहा है। सेल के अधीन मेराल से भवनाथपुर तक बिछाये गये रेलवे ट्रैक से इन दिनों स्थानीय पत्थर माफियाओं द्वारा अवैध तरीके बड़े पैमाने पर बोल्डर और गिट्टी का उत्खनन किया जा रहा है। इसकी जानकारी सेल प्रबंधन को होने के बावजूद इस अवैध कार्य में संलिप्त दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई नहीं किये जाने से इनके हौसले दिन पर दिन बुलंद होते जा रहे है। जानते चलें कि सेल स्थापना के समय लाइम स्टोन और डोलोमाइट पत्थर की ढुलाई के लिए मेराल से लेकर भवनाथपुर तक करीब 34 किमी रेलवे ट्रैक बिछाया गया था। करीब दो दशक तक उक्त ट्रैक से रेलवे द्वारा लाइम स्टोन और डोलोमाइट पत्थर की ढुलाई होती रही, लेकिन कालांतर के साथ दोनों खदाने बंद होने से उक्त ट्रैक पर रेल परिचालन बंद हो गयी। जिसका फायदा उठते हुए पत्थर माफियाओं ने कैलान में करीब आठ किमी तक रेलवे लाईन और गार्डर में बिछाया गिट्टी और पत्थर को ट्रैक के नीचे से दिन दहाड़े उत्खनित करते हुए ट्रैक्टरों से ढुलाई कर आस पास के क्षेत्रों में संचालित सरकारी और घर के निजी कार्यों हेतु ऊंचे दामों पर बेचने में मशगूल है।

### बाल श्रम आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और प्रखंड प्रमुख ने गुरुजी के निधन पर शोक व्यक्त किया



रंका (आजाद सिपाही)। बाल श्रम आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष रंकागढ़ के दिलीप सिंह एवं रंका प्रखंड प्रमुख अनुभा सिंह ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का निधन की खबर से मन अत्यंत ही मर्माहत है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन को झारखंड ही नहीं बल्कि बाहरी लोग भी बाबा और गुरुजी के नाम से संबोधित करते हैं। दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने अपने कार्यकाल में ही गढ़वा जिले के अत्यंत पिछड़ा इलाका कहे जाने वाले रंका को अनुमंडल और डंडा को प्रखंड बनाया था जो अविस्मरणीय है। गुरुजी के द्वारा कई ऐसे काम गढ़वा जिले के लिए किया गया, जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

## परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय स्थित परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में महिला चिकित्सक डॉक्टर नीतू सिंह की अगुवाई में स्तनपान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल में करीब 10 वैसी महिलायें उपस्थित थीं, जिसके नवजात शिशु बच्चे थे। और उनको स्तनपान (ब्रेस्टफीडिंग) के बारे में डॉक्टर नीतू सिंह के द्वारा सही तरीका बताया गया एवं उन्हें उपहार भी दिया।

डॉ नीतू सिंह ने विश्व स्तनपान दिवस के बारे में जानकारी और महिलाओं के लिए सुझाव भी दिया

**विश्व स्तनपान दिवस :** हर साल 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य माताओं और शिशुओं के लिए स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान, विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ जैसी संस्थाएं सरकारों और संगठनों के साथ मिलकर स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करती हैं। इसका मुख्य लक्ष्य है कि शिशुओं को जन्म के बाद कम से कम छह महीने तक सिर्फ मां का दूध ही मिले, क्योंकि यह उनके सर्वांगीण विकास और स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छा होता है।

**महिलाओं के लिए स्तनपान के सुझाव : जल्दी शुरूआत करें:** बच्चे के जन्म के आधे घंटे के भीतर ही स्तनपान कराना शुरू करें, क्योंकि इस समय मां के शरीर में कोलोस्ट्रम नामक गाढ़ा, पीला दूध बनता है, जो बच्चे के लिए पहला टीका होता है।

**सही तरीका सीखें:** बच्चे को सही ढंग से पकड़ना और स्तन से जोड़ना बहुत जरूरी है, ताकि उसे पर्याप्त दूध मिल सके और मां को दर्द न हो। आप अस्पताल में नर्स या डॉक्टर से सही तकनीक सीख सकती हैं।

**नियमित रूप से स्तनपान करायें:** शिशु की भूख के अनुसार, दिन में 8 से 12 बार स्तनपान कराना चाहिए। शुरूआत में यह हर 2 से 3 घंटे में हो सकता है।

**पोषक आहार लें:** स्तनपान कराने वाली माताओं को पौष्टिक और संतुलित भोजन खाना चाहिए और खूब पानी पीना चाहिए। यह न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए बल्कि दूध की गुणवत्ता के लिए भी महत्वपूर्ण है।

**आराम करें:** शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त आराम करें। परिवार का सहयोग और आराम स्तनपान को सफल बनाने में बहुत मदद करता है।

**सहायता लें:** अगर आपको कोई समस्या हो रही है, तो डॉक्टर या स्तनपान सलाहकार से तुरंत मदद लें। अपनी शंकाओं को नजरअंदाज न करें।

**कार्यस्थल पर स्तनपान:** यदि आप कामकाजी महिला हैं, तो अपनी कंपनी की नीतियों के बारे में जानकारी लें और ब्रेस्ट पंप का उपयोग करके दूध निकाल कर स्टोर कर सकती हैं, जिसे बाद में बच्चे को दिया जा सकता है।

ये सुझाव महिलाओं को स्तनपान को सफलतापूर्वक अपनाने और जारी रखने में मदद कर सकते हैं, जिससे उनके बच्चे को सर्वोत्तम पोषण मिल सके।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला अनावद्ध निधि से चतरा जिलान्तर्गत स्वीकृत निम्नलिखित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड सरकार द्वारा समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदको से एकल लिफाफा पद्धधि के अंतर्गत पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/14/2024-25/RE-2

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लिफाफा पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड–चतरा, पंचायत–सीमा, ग्राम–गरवाडीह में रमरसबागी में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हफुआ तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 24,95,500.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 माह | एकल |
| 14 | प्रखण्ड–मयुरहण्ड, पंचायत–मयुरहण्ड, ग्राम–मयुरहण्ड में झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय बाउण्ड्रीवाल पर कंटीले तार लगाने का कार्य। | 9,10,100.00 | 18,300.00 | 1250.00 | 02 माह | एकल |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –12.08.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–12.08.2025 से दिनांक–19.08.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 21.08.2025 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431060939 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,चतरा

PR 359067 Rural Development(25-26).D

## भुइयाडीह चौक पर शहीद निर्मल महतो को श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगे सुदेश महतो



तमाड़ (आजाद सिपाही)। शहीद निर्मल महतो का 38वां शहादत दिवस तमाड़ के भुइयाडीह चौक पर पूर्वाह्न 9 बजे मनाया जायेगा। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहेंगे। इसके बाद सुदेश महतो अपने काफिले के साथ जमशेदपुर स्थित शहीद स्थल पहुंच कर शहीद निर्मल महतो को श्रद्धांजलि देंगे। पार्टी के तमाम प्रकोष्ठ, बुद्धिजीवी मंच, केंद्रीय कमिटी, जिला कमिटी, प्रखंड कमिटी, प्रखंड प्रभारियों, महिला कमिटी, छात्र संघ के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मठ कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## झामुमो कार्यालय बुंडू में गुरुजी को दी गयी श्रद्धांजलि



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रधान कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय शिबू सोरेन को गुरुवार को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस श्रद्धांजलि सभा में विधायक विकास कुमार मुंडा, राधारमण साहू, भवानी मुंडा, मनोज मंडल, ऋषिकेश महतो, प्रदीप मुंडा, गिरीश मुंडा, मेथा पाल, हीरा मुंडा, कोलेश्वर मुंडा, शिवनाथ मुंडा, सीता महतो, दिलीप स्वांसी, लखन मुंडा, बिरसा मुंडा, जगदीश मुंडा, सूरत दास, कालो शशि मुंडा, सोनाराम महतो, धीरज प्रामाणिक, अवधेश प्रामाणिक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा के लिए शांति की प्रार्थना की। मौके पर विधायक ने कहा कि गुरुजी का इस संसार से जाना केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि एक युग का अंत है। उन्होंने झारखंड की आत्मा को आवाज दी, आदिवासी अस्मिता को नयी पहचान दी और सामाजिक न्याय की लड़ाई को दिशा दी है।

## रोहिणी परियोजना में शिबू सोरेन को दी गयी श्रद्धांजलि



खलारी (आजाद सिपाही)। रोहिणी परियोजना में कोयला कर्मियों द्वारा दिशोम गुरु शिबू सोरेन का श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया, जिसमें शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की साथ में दो मिनट का मौन रखकर शोक प्रकट किया गया। इस मौके पर परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, खान प्रबंधक एसपी निगम, तुमांग मुखिया संतोष महली, शिफ्ट मैनेजर राजेश कुमार, नंदू मेहता, रंजन सिंह, ध्वजा राम धोबी, सुधीर सिंह गोपाल सिंह, अमृत भोगता, किशन राम संजय राम, पिंटू मुंडा, दिनेश्वर, सुरेश, कमल, नेपाल राम सहित काफी संख्या में मजदूर शामिल हुए।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी गयी श्रद्धांजलि



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमटांड़ मोड़ में गुरुवार को झामुमो प्रखंड कमिटी द्वारा झारखंड राज्य निर्माता पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड आंदोलन के प्रणेता झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक सह राज्य सभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके दिवंगत आत्मा कि शांति के लिए दो मिनट मौन रखकर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, सचिव अमित कुमार सिन्हा, अघोर महतो, विजय कृष्ण महतो, स्वपन आदित्यदेव, पशुपति बागची, भास्कर महतो, मधू घोष, मधू गोप, गंगाराम महतो, इंद्र महतो, हरे कृष्ण दास, श्रीकांत, झरे, पंचानन, विकास प्रामाणिक, श्रीकांत उरांव आदि उपस्थित थे।

## गुरुजी को चाहने वालों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

मुरी (आजाद सिपाही)। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चाहने वालों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया और दो मिनट का मौन धारण किया। श्रद्धांजलि सभा चिराग नर्सरी स्कूल में संपन्न हुई। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों ने बारी-बारी से अपनी बातें रखी और कहा कि गुरुजी हमारे मार्गदर्शक और प्रेरणा स्रोत थे। हमारे बीच से उनका चले जाना अपूरणीय क्षति है। वे सच्चे माटी पुत्र, भूमि पुत्र व झारखंड आंदोलनकारी थे। गुरुजी किसी भी परिस्थिति में निराश नहीं होते थे, वे हमेशा नशापान का विरोध करते थे। मौके पर बलराम महतो, भगीरथ महतो (राधिका), दिनेश महतो, अशोक सिंह, फलारी महतो, अनिल टाइगर समेत कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हुए।

## विद्या मंदिर डकरा में राखी मेकिंग प्रतियोगिता संपन्न

खलारी (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में रक्षाबंधन पर्व के शुभ अवसर पर राखी मेकिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न वर्गों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। छात्रों ने पारंपरिक और आधुनिक दोनों शैलियों में आकर्षक राखियां बनाईं। रंग-बिरंगे धागों, मोतियों, सितारों, दानों और अन्य सजावटी सामग्रियों से बनी राखियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान व सृजनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था।

# अपराध की योजना बनाते चार अपराधी गिरफ्तार

**दो देसी कट्टा, चार गोलियां, दो मोबाइल फोन और ड्रेगन स्प्रींग चाकू सहित अन्य सामान बरामद हुआ**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सायको थाना क्षेत्र के जिउरी जंगल में अपराध की योजना बनाते चार अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने गुरुवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि सायको थाना क्षेत्र के जिउरी गांव के तजना नदी पुल के पास स्थित जंगल में कुछ अपराधी किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजमा देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर जंगल में छापेमारी की और चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इन चारों के खिलाफ पहले से ही विभिन्न थानों में पहले से ही कई मामले दर्ज हैं। पुलिस की गिरफ्त में आये गुटुहातू गांव के 23 वर्षीय चंदा पाहन के खिलाफ मुरहू थाने में हत्या और मारंगहादा थाने में आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न संज्ञेय अपराध के आरोप में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है। जानुमपीड़ी, सोयको निवासी 26 वर्षीय राम सहाय मुंडा उर्फ ताता के खिलाफ सोयको थाना में हत्या का मामला दर्ज है।

उलिहातू बारगी निवासी अमरजीत पूर्ति उर्फ चोड़या उम्र 20 वर्ष के खिलाफ मुरहू थाने में हत्या, मारंगहादा में आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज है। मारंगहादा के जोजोहातू निवासी 30 वर्षीय पांडू मुंडा के खिलाफ हत्या, आर्म्स एक्ट समेत अन्य धारों के तहत कांड दर्ज है। गिरफ्तार अपराधियों में से चंदा पाहन और अमरजीत पुर्ती के पास से दो देसी कट्टा और चार गोलियां बरामद हुई है। इसके साथ ही पुलिस ने अन्य अपराधियों के पास से दो मोबाइल फोन और ड्रेगन स्प्रींग चाकू बरामद किये हैं। छापामारी टीम में एसडीपीओ वरूण रजक, सोयको के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, सब इंस्पेक्टर रामाकांत सिंह, पितरूस बाड़ा, हवलदार प्रदीप संगा, सुभीत कुजूर, पवन कुमार, आरक्षी धर्मेंद्र भगत शामिल थे।

## डॉक्टरों की टीम ने डायरिया से पीड़ित क्षेत्र का लिया जायजा

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के सारजमडीह के मछुआ टोली व हजामत टोली में डायरिया का प्रकोप जारी है। डॉक्टरों की टीम गुरुवार को गांव पहुंच कर दवाई वगैरह का वितरण किया। मछुआ टोली की विमला देवी पति गोवर्धन मछुआ रिम्स में इलाजरत है।

## घर-घर तिरंगा यात्रा को सफल बनायें भाजपा कार्यकर्ता : काशीनाथ



खूंटी (आजाद सिपाही)। भाजपा मुरहू मंडल कें कार्यकर्ताओं की गुरुवार को मुरहू में हई बैठक में घर-घर तिरंगा यात्रा को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुरहू मंडल के महामंत्री भुनेश्वर मंझी ने की। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कहा कि 10 से 14 अगस्त तक घर-घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता की जिम्मेवारी है कि वे इस यात्रा को सफल बनायें।

## जाह्नवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। जाह्नवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मैकलुस्कीगंज में रक्षा बंधन के अवसर पर राखी बनाओ और मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की 31 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम शिक्षक संजय प्रसाद और शिक्षिका ममता गुप्ता की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में बहनों ने रचनात्मक राखियां तैयार कीं और आकर्षक मेहंदी डिजाइनों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राखी बनाओ प्रतियोगिता के शिशु वर्ग में चौथी कक्षा की एंजेल कुमारी प्रथम, अर्चना कुमारी द्वितीय और लावण्या कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। बाल वर्ग में पांचवी कक्षा की दिव्यानी कुमारी ने प्रथम, मीनू कुमारी ने द्वितीय और कक्षा आठवीं की लक्ष्मी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग में दसवीं कक्षा की दीपांजलि प्रथम, अनु कुमारी द्वितीय और कक्षा नौवीं की परिधि कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में शिशु वर्ग से पांचवीं कक्षा की उर्मिला कुमारी प्रथम और रूबी कुमारी द्वितीय स्थान पर, बाल वर्ग में सातवीं कक्षा की शिवानी कुमारी प्रथम, सृष्टि कुमारी द्वितीय और पांचवीं कक्षा की अनिशा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। किशोर वर्ग में कक्षा दसवीं की निशा कुमारी प्रथम, ज्योति कुमारी द्वितीय और श्वेता कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य लखन प्रसाद गुप्ता और निर्णायकों ने छात्राओं के कार्यों की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक रमाशंकर सिंह, सरिता गुप्ता, विजय कुमार, पिंकी कुमारी, सुशीला कुजूर, सरिता कुमारी और मौली कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

## आंगनबाड़ी केंद्र के लिए खेल किट बांटा गया

बुंडू (आजाद सिपाही)। गुरूवार को झारखंड सरकार की ओर से बुंडू प्रखंड में 52 आंगनबाड़ी केंद्र के लिए खेल किट एवं ग्रीन बर्ड झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व नगर उपाध्यक्ष अशोक पातर की अगुवाई में बांटा गया। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शोक समारोह मनाया गया, जिसमें समाज सेवी सह शिक्षाविद डॉ लखींद्र मुंडा और वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व रांची जिला उपाध्यक्ष रविंद्र नाथ मुंडा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष चौधरी महतो पूर्व प्रखंड प्रखंड उपाध्यक्ष बलीराम मुंडा, सक्रिय कार्यकर्ता पवन महतो, शालिग्राम उरांव, जीवधन महतो, दुती मुंडा आदि के हाथों से भी आंगनबाड़ी सेविकाओं को सामग्री वितरण किया गया।

## पिपरवार के नेहरू आदर्श विद्यालय बेंती में स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक




आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के अंतर्गत नेहरू आदर्श विद्यालय बेंती में गुरुवार को चतरा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा नशा उन्मूलन जागरूकता अभियान चलाया गया। जानकारी के मुताबिक झालसा रांची के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निर्देश पर पीएलवी शिव कुमार के द्वारा नेहरू आदर्श विद्यालय बेंती में नशा उन्मूलन जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें उपस्थित स्कूली बच्चों को साथी योजना के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। इस दौरान शून्य से लेकर 18 वर्ष तक के आयु के बच्चे जिनका आधार कार्ड नहीं बन पाया है, उनका आधार कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही ऐसे बच्चों को चिन्हित कर (अधिकार मित्र) शिव कुमार के माध्यम से डीएलएसए से संपर्क करने की अपील बच्चों से किया गया। पीएलवी शिव कुमार ने सभी बच्चों से नशापान से दूर रहने और नशापान के प्रति क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

## वज्रपात से मारे गये किसान के परिवारवालों से मिले विधायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी ।** तोरपा के झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया ने गुरुवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गुरुवार को सुबह रेफरल अस्पताल तोरपा जाकर वज्रपात से मारे गये ईचा ओंगा टोली निवासी फिलिप आईंद के परिवार वालों से मुलाकात की। विधायक ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया। ज्ञात हो कि बुधवार को आकाशीय बिजली गिरने से फिलिप आईंद और उसके ढाई वर्ष के पुत्र की मौत हो गयी थी। दोनों को परिवार वाले रेफरल अस्पताल लेकर गये थे, पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घेषित कर दिया था। सुदीप गुड़िया ने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद भी दी। विधायक ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम परिवार वालों के साथ हैं। उन्होंने अबिलंब कागजी प्रक्रिया पूरी कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। मौके पर जिप सदस्य सुशांति कोनगाडी, मुखिया अनास्तासिया आईंद, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रुबेन तोपनो, उपाध्यक्ष जयदीप तोपनो, जिला संगठन सचिव प्रदीप केशरी, हेमंत गुप्ता, जोनसन आईंद आदि उपस्थित थे।

## जवाहरलाल नेहरू हॉकी कप में कस्तूरबा गांधी विद्यालय सोनाहातू की टीम तीसरे स्थान पर



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। रांची में जिला स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी कप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सोनाहातू प्रखंड से कस्तूरबा गांधी विद्यालय की टीम ने जिला में पहली बार भाग लिया, और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसमें कैप्टन सुजाता कुमारी का बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा। टीम को जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, एडीपीओ पंकज कुमार, एपीओ अखिलेश कुमार, सतीश कुमार के द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## विश्व हिन्दू परिषद, मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी ने बुंडू में रक्षाबंधन उत्सव मनाया




तमाड़ (आजाद सिपाही)। विश्व हिन्दू परिषद, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के द्वारा बुंडू नगर में रक्षाबंधन उत्सव सामाजिक क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों के बीच जाकर उन्हें रक्षा सूत्र बांधते हुए मनाया गया मुख्य रूप से प्रशासनिक अधिकारी, मंदिर के अर्चक पुरोहित, पुजारी, डाक्टर, नगर प्रशासक, सफाई कर्मचारी ,समाज के सज्जन शक्ति, परिषद के सदस्य तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रमुख स्रोत वृक्ष को रक्षा सूत्र में पिरोकर हर्ष उल्लास से मनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री राजीव झा, नगर मातृशक्ति प्रमुख कूलोवती देवी ,सह मातृशक्ति प्रमुख सरिता देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका रुचि देवी,सह संयोजिका तारी देवी, महाविद्यालय छात्रा प्रमुख सुश्री पुजा कुमारी उपस्थित थीं।

## आज से जनता मजदूर संघ के बैनर तले वाहन चालकों ने हड़ताल की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में गुरुवार को जनता मजदूर संघ के बैनर तले स्थानीय प्राइवेट वाहन चालकों की वार्ता सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के साथ हुई। जिसमें वाहन चालकों के वेतन बढ़ोतरी सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित प्रबंधन को सौंपे गये मांग पत्र पर विचार विमर्श किया गया। वार्ता में काफी विचार विमर्श के बावजूद कोई नतीजा नहीं निकल सका, जिसके कारण वार्ता विफल हो गयी। वार्ता विफल होने के साथ ही स्थानीय प्राइवेट वाहन चालकों ने जनता मजदूर संघ के बैनर तले आज से पिपरवार क्षेत्र में हड़ताल की घोषणा कर दी है। इस संबंध में जनता मजदूर संघ के नेताओं ने बताया कि पिपरवार एरिया में स्थानीय प्राइवेट वाहन चालकों को काफी कम मजदूरी मिल रही है, जिसके कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनता मजदूर संघ के बैनर तले स्थानीय वाहन चालकों ने सीसीएल प्रबधंन को पूर्व में मांग पत्र सौंपा था, लेकिन प्रबंधन के द्वारा इस पर कोई पहल नहीं किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि शुक्रवार से पूरे पिपरवार क्षेत्र में चलने वाले प्राइवेट वाहन चालक हड़ताल पर रहेंगे और पूरी तरह से एरिया में चक्काजाम रहेगा। उन्होंने सभी प्राइवेट वाहन चालकों को एकजुट रहने का आह्वान किया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# बृहद झारखंड अलग राज्य आंदोलन के एक प्रखर सेनानी थे वीर शहीद निर्मल महतो

गुणधाम मुतरुआर

**झारखंड** के मसीहा निर्मल महतो का नाम केवल एक व्यक्ति नहीं है, बल्कि यह झारखंड अलग राज्य आंदोलन का प्रतीक भी हैं। झारखंडी जनमानस की पहचान - जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा झारखंडी मूल्य के संरक्षण के लिए संघर्ष करना ही वीर शहीद निर्मल महतो की पहचान थी। उन्होंने झारखंड को अलग राज्य बनाने के आंदोलन को अपनी ओर से एक नयी दिशा दी और इसे जन-जन का मुद्दा बनाया।

25 दिसंबर 1950 को जमशेदपुर के कदमा स्थित उलियान गांव में जन्मे निर्मल महतो एक तेजस्वी और संघर्षशील व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने हमेशा गरीब, शोषित, पीड़ित और वंचित समाज के हक के लिए आवाज उठायी। उन्होंने झारखंड के सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक पहचान को राष्ट्रीय पटल पर उजागर करने का कार्य किया। देश और दुनिया को झारखंड की अलग संस्कृति और यहां के लोगों की पीड़ा से अवगत कराने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है।

गरीबों और असहायों के मसीहा वीर शहीद निर्मल महतो शोषण के खिलाफ हमेशा मुखर रहे। वह बार-बार सुनते थे कि सुदूर इलाकों में गरीब, बेबस आदिवासियों के साथ मारपीट और शोषण हो रहा है। कभी पुलिस की लाठियां, तो कभी जमींदारों की ज्यादतियों का सामना करना पड़ता था। वीर मसीहा निर्मल महतो ने संकल्प लिया था कि वह शोषितों

**38वां शहादत दिवस**



की आवाज बनेंगे। उन्होंने अत्याचारियों के खिलाफ संघर्ष करते हुए खुद कई बार लाठियों की मार भी झेली। वह हमेशा कहते थे - 'कमजोरों पर अत्याचार नहीं होने देंगे।'

हमारे इस प्रदेश के वीर मसीहा निर्मल महतो समाज में व्याप्त कुरीतियों के भी कटु आलोचक थे। वे जानते थे कि शराब ने झारखंडी समाज को खोखला कर दिया है। वे स्पष्ट कहते थे कि जब तक शराबबंदी नहीं होगी, झारखंड का सही विकास संभव नहीं है, क्योंकि शराब ने आदिवासी समाज को आर्थिक और मानसिक दोनों रूप से कमजोर किया है।

21 अक्टूबर 1982 को तत्कालीन ईचागढ़ प्रखंड स्थित तिरुलडीह (वर्तमान कुकड़ु प्रखंड अंतर्गत) में पुलिस फायरिंग की एक अत्यंत दुखद घटना घटित हुई, जिसमें क्रांतिकारी अजीत महतो और क्रांतिकारी धनंजय महतो नमक सिंहभूम कॉलेज चांडिल के दो छात्र शहीद हो गये। वे दोनों क्रांतिकारी छात्र युवा मोर्चा के जुझारू नेतृत्वकर्ता थे। इस घटना के बाद क्षेत्र में भय और आतंक का वातावरण इस कदर फैल गया कि कोई भी व्यक्ति उन दोनों क्रांतिकारी छात्रों के शवों को लेकर उनके गांव ले जाने के लिए तैयार नहीं था।

इस समय वीर मसीहा निर्मल महतो अपने सहयोगी अखिलेश्वर महतो के साथ आदित्यपुर में उपस्थित थे। उन्हें वहीं यह सूचना मिली कि तिरुलडीह पुलिस गोलीकांड में शहादत हुए दोनों छात्रों के शव एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर में रखे गये हैं।

**(लेखक : भूगोल-शिक्षक, अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय पिलीद, ईचागढ़, सरायकेला-खरसावां, झारखंड हैं।)**

**समाहरणालय,**
**जिला– कोडरमा**

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 1/नीति–05–03/2024– 903 दिनांक 21.05.2025 द्वारा अधिसूचित ''झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025'' तथा राजस्व पर्षद द्वारा अनुमोदित बिक्री अधिसूचना की शर्तों के तहत दिनांक 01.09.2025 से 31.03.2030 तक के लिए झारखंड राज्य के कोडरमा जिला की ''देशी शराब की दुकान'' तथा ''शराब की कम्पोजिट दुकान'' की बंदोबस्ती ई–लॉटरी प्रणाली के माध्यम से की जायेगी। ई–लॉटरी में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदकों के द्वारा ''झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025'', बिक्री अधिसूचना की शर्तें, जिलावार खुदरा उत्पाद दुकान/दुकानों के समूह की विवरणी तथा आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र इत्यादि का विहित प्रारूप सभी जिला उत्पाद कार्यालय, विभागीय वेबसाइट https://excise.jharkhand.gov.in, जिला के NIC वेबसाईट https://koderma.nic.in एवं https://exciselottery.jharkhand.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। ई–लॉटरी कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित है –

i. ''देशी शराब की दुकान'' और ''कम्पोजिट दुकान'' की ई लॉटरी से बन्दोबस्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक–08/08/2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक–20/08/2025 की संध्या 7.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। ऑनलाईन आवेदन https://exciselottery.jharkhand.gov.in वेबसाईट पर किया जा सकेगा।

ii. ई–लॉटरी में प्रतिभागिता के लिए संबंधित दुकान/दुकान समूह हेतु बिक्री अधिसूचना में निर्धारित धरोहर धनराशि तथा आवेदनशुल्क का भुगतान Credit Card/Debit Card/ NET BANKING/NEFT/ RTGS/IMPS इत्यादि ऑनलाईन विधि से उक्त पोर्टल (वेबसाईट) पर प्राप्त किया जायेगा। उक्त भुगतान की पुष्टि आवेदन पोर्टल/विभाग के खाते में दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक प्राप्त हो जानी चाहिए। दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक विहित राशि के भुगतान प्राप्ति की पुष्टि आवेदन पोर्टल अथवा विभागीय बैंक से अप्राप्त रहने की स्थिति में आवेदक ई–लॉटरी में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे।

iii. कम्प्यूटर से Randomization के द्वारा ई–लॉटरी की प्रक्रिया दिनांक 22/08/2025 के पूर्वाहन 11:00 बजे से की जायेगी। ई–लॉटरी के ऑनलाईन प्रसारण का लिंक विभागीय वेबसाईट https://excise.jharkhand.gov.in एवं जिला के NIC वेबसाईट https://koderma.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगा। ई–लॉटरी का ऑनलाईन टेलीकास्ट जिला समाहरणालय में भी किया जायेगा ।

iv. ई–लॉटरी की प्रक्रिया राज्य स्तर पर दुकान/दुकानों के समूह के लिये निर्धारित वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व (MGR) के आधार पर अवरोही क्रम (descending order) में सम्पन्न होगी ।

v. ई–लॉटरी का परिणाम https://excise.jharkhand.gov.in एवं जिला के NIC वेबसाईट https://koderma.nic.in पर उपलब्ध होगा।

vi. ''झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025'' के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को आवेदन तथा उसके साथ संलग्न किये जानेवाले सभी कागजातों की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति संबंधित मूल प्रमाण–पत्र के साथ, संबंधित दुकान/दुकानों के समूह के लिए प्रतिभूति राशि तथा निर्धारित एकमुश्त वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क दिनांक 25.08.2025 तक जिला उत्पाद कार्यालय में जमा करना होगा।

vii. ''झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025'' के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक प्रस्तावित दुकान परिसर के लिए आपत्ति रहित स्थल का पूर्ण विवरण जिला उत्पाद कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।

viii. ''झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025'' के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक अग्रिम उत्पाद परिवहन कर (ETD) की राशि जमा करनी होगी।

ई–लॉटरी हेतु आवेदन समर्पित करने में किसी प्रकार की कठिनाई के निराकरण हेतु जिला स्तर पर Helpdesk का गठन किया गया है, जिसका मोबाईल संख्या– 7004398788 , 7903138432 , 7004796955 एवं 6203577562 (सामान्य कॉल), 7004398788 , 7903138432 , 7004796955 एवं 6203577562 (Whatsapp मैसेज) है । उक्त मोबाइल संख्या प्रत्येक दिन के पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक क्रियाशील रहेगी।

उपायुक्त,
कोडरमा।

PR 359151 (Excise) 25-26 (D)

## ट्रक चालक का मोबाइल छीना

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी थाना क्षेत्र के सतीश चौक के पास ट्रक चालक से दो बदमाशों ने उसका मोबाइल फोन छिन लिया। इस बाबत पीड़ित ने नगड़ी थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी है।

## बेड़ो में अजमेरा ट्रेंड्स का उद्घाटन

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के तेतरटोली के समीप अजमेरा फैशन के तत्वावधान में गुरुवार को अजमेरा ट्रेंड्स का उद्घाटन मुखिया सुशांति भगत और परमेश्वर साहू ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर संचालकों ने बताया कि यहां मध्यमवर्गीय परिवार की महिलाओं को कम मूल्य पर अच्छे कपड़े मुहैया कराना हमारा लक्ष्य है। इस मौके पर पूर्व उप प्रमुख नरेश साहू, बजरंग महतो, चितराम गोप, दिलीप कुमार सिंह, अरूण सिंह और बुधवा उरांव आदि मौजूद थे।

### आजीविका महिला स्वावलंबी समिति की वार्षिक आमसभा में शामिल हुए पूर्व मंत्री

# महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड के कैंबो पंचायत भवन में मंदरो आजिविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति की तृतीय वार्षिक आमसभा का गुरुवार को आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की भी शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सहकारिता से जोड़ कर महिलाओं को स्वावलंबी, स्वरोजगार और आत्मनिर्भर बनाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने महिलाओं से सहकारी एवं स्वावलंबी योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया। इस मौके पर



मंदरो आजिविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति की सभा में शामिल पूर्व मंत्री बंधु तिर्की।

जिला अल्पसंख्यक ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष शमीम अख्तर, मांडर सीओ चंचला कुमारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सेरोफिना मिंज, नसीम अंसारी, सरीता तिग्गा आदि मौजूद थे।

# तिरंगा हर घर तक पहुंचे, यही हमारा संकल्प : आरके पाहन

**ओरमांझी में हर घर तिरंगा यात्रा कार्यशाला के सफल आयोजन को लेकर बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 'हर घर तिरंगा-तिरंगा यात्र-ा' अभियान के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को लेकर कार्यशाला आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता भाजपा ओरमांझी मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता ने की। इसमें सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इसमें प्रभारी के रूप में खिजरी के पूर्व विधायक राम कुमार पाहन उपस्थित थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारी पहचान, शौर्य और स्वाभिमान का प्रतीक है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि तिरंगा हर घर तक पहुंचे और हर मन में देशभक्ति की भावना जागे। बैठक में किसान



मोर्चा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रंधीर चौधरी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, जिला ओबीसी मोर्चा मंत्री चतुर साहू, मंडल महामंत्री अलखनाथ महतो, युवा नेता राजेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे। इसमें तिरंगा यात्रा को लेकर रणनीति, प्रचार-प्रसार, जनजागरूकता अभियान, तिरंगा वितरण एवं सहभागिता को लेकर व्यापक चर्चा की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने अभियान को हर गली, हर गांव, हर घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यशाला में उमा शंकर साहू, सत्य नारायण तिवारी, राजधाम साहू, रोहित साहू, सिकंदर महतो, चतुर साहू, शंकर महतो, नीलमोहन पाहन, अर्जुन सिंह, धनंजय महतो, राजेंद्र चौधरी, गणेश किशोर महतो, गणेश महतो, मनमोहन बेदिया, मोती महतो, रूपेश साहू, रामलखन महतो, अरविंद महतो, साईनाथ बेदिया, नारायण महतो, नंदलाल महतो, चमरू कुमार, धनेश्वर महतो, दीपक यादव, कामेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो में सजी राखी की दुकानें, बहनें कर रहीं खरीदारी



बेड़ो (आजाद सिपाही)। भाई-बहन के पावन त्योहार रक्षा बंधन के अवसर पर बेड़ो स्थित विभिन्न दुकानें रंग-बिरंगी राखियों से सज गया है। इस बार 9 अगस्त को रक्षा बंधन का पवित्र त्योहार मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर चौक में काफी पहले से ही रौनक दिखने लगती है। बेड़ो में अब भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए बहनों का बुलावा आने लगा है। इसके साथ ही शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में रंग-बिरंगी राखियों से दुकानें सज गई हैं। लोगों की यहां भीड़ भी लगने लगी हैं। वहीं, बेड़ो के गिफ्ट कार्नर, कपड़े, रेडिमेड कपड़े, मिठाई की दुकानों पर अभी से ही महिलाओं-युवतियों की भीड़ उमड़ने लगी है। सबसे ज्यादा भीड़ राखी की दुकानों पर देखी जा रही है। बेड़ो के माहावीर चौक, लोहरदगा रोड, गुमला रोड, जिला परिषद मार्केट में दुकान लगे हैं। सभी दुकानों पर एक से बढ़कर एक राखियां बिक रही है। जिला परिषद मार्केट के दुकानदार सुशांत कुमार राय बताते हैं कि हर रेंज की राखियां मौजूद है। पांच रुपये से लेकर 200 या फिर उससे अधिक कीमत की राखी, आर्डर देकर मंगवाया जा सकता है। दुकानदार बताते हैं कि जमाना बदल गया है। राखी के नाम पर अब एक धागे भर से काम नहीं चल सकता। महिलाएं सुंदर राखी ढूंढ रही हैं। वहीं, छोटी बहने अपने भाई के कलाई में रंग-बिरंगी राखियां बांधने के लिए टेडी बियर वाली राखियां खरीद रहे हैं।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल में सावन महोत्सव सह रक्षाबंधन उत्सव का भव्य आयोजन

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आरटीसी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को पारंपरिक उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ सावन महोत्सव सह राखी उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस मौके पर विद्यालय में विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए, जिनमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। इस अवसर पर फैंसी ड्रेस, चित्रकला, थाली सजावट, राखी निर्माण, सावन का झूला सजावट आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। कार्यक्रम में बच्चों ने



पारंपरिक परिधानों और रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों के माध्यम से सांस्कृतिक विविधता और रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। इसमें प्रथम स्थान कशिश कुमारी, अनन्या कुमारी, निशा, प्रीति एवं द्वितीय स्थान पर पायल कुमारी, सृष्टि, कृति, खुशी आदि रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, पारंपरिक मूल्यों एवं त्योहारों के प्रति जागरूकता को बढ़ाना और प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था। प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उनमें सामाजिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों का संचार करते हैं। मौके पर सैकड़ों छात्र छात्राएं एवं शिक्षकगण मौजूद थे।

# तिरंगा देश के लिए हमारे त्याग, समर्पण और निष्ठा का जीवंत प्रतीक है : रामकुमार पाहन

### हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा की कार्यशाला

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू हुए हर घर तिरंगा अभियान ने देशवासियों के मन में राष्ट्रगौरव, आत्मीयता और कर्तव्यबोध की भावना को प्रबल किया : जैलेंद्र कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान की सफलता को लेकर गुरुवार को हेसल टोल प्लाजा स्थित मां भद्रकाली होटल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें कार्यक्रम प्रभारी आरती कुजूर एवं सह संयोजक मनोज कुमार चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों नेताओं-कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यशाला में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। लगे हाथ 10 से 14 अगस्त तक सभी मंडलों में हर घर तिरंगा अभियान एवं तिरंगा यात्रा निकाले जाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर आरती कुजूर ने बताया कि 10 से 14 अगस्त तक जिले के सभी मंडलों में हर घर तिरंगा अभियान चलेगा एवं तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। वहीं 12 से 14 अगस्त तक शहीद स्मारकों एवं महापुरुषों के प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही



ऑपरेशन सिंदुर की सफलता का जश्न मनाया जाएगा। वहीं, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि तिरंगे के प्रति सम्मान केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि यह देश के लिए हमारे त्याग, समर्पण और निष्ठा का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल झंडा फहराने का कार्यक्रम नहीं, यह राष्ट्रभक्ति को जन-जन के हृदय तक पहुंचाने वाला जन आंदोलन है। वहीं, जैलेंद्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू हुए इस अभियान ने देशवासियों के मन में राष्ट्रगौरव, आत्मीयता और कर्तव्यबोध की भावना को प्रबल किया है। बीते तीन वर्षों में यह अभियान सामाजिक समरसता, राष्ट्र चेतना और एकता का प्रतीक बन चुका है। सभी वर्गों के लोगों ने तिरंगे के सम्मान में सहभागिता करते हुए इसे राष्ट्रीय उत्सव का स्वरूप प्रदान किया है। कार्यक्रम सह संयोजक मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को भी पूरे सम्मान के साथ मनाए जाने की योजना बनाई गई है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, प्रभुदयाल बड़ाइक, रामनाथ महतो, कामेश्वर महतो, विष्णु महतो, नरेश साहू, राजेंद्र महतो, रामसाय मुंडा, संजय नायक, संतोष महतो, अजय भोक्ता, सोहन मुंडा, रामेश्वर महतो, सिकंदर अंसारी, सुरेश महतो, घनेनाथ महतो, कुंती देवी, गौरी शंकर मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

## रातू के तिलता में सवारी बैठाने को लेकर ऑटो चालकों में मारपीट, एक घायल

रातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के तिलता ब्रिज के पास ऑटो में सवारी बैठाने को लेकर हुई नोकझोंक के बाद एक ऑटो चालक ने दूसरे ऑटो चालक को हाथ में पहने कड़ा से हमला कर दिया। जिससे युवक मुस्तफा अंसारी बुरी तरह घायल हो गया। उसके सिर में गहरे चोट के निशान हैं। घटना गुरुवार की शाम चार बजे की बताई जा रही है। मारपीट के बाद युवक ऑटो लेकर फरार हो गया। उसकी पहचान तिलता स्थित आनंदनगर निवासी आर्यन कुमार के रूप में हुई है। जबकि घायल युवक मुस्तफा अंसारी का इलाज रातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। भुक्तभोगी मुस्तफा अंसारी ने बताया कि यूनिवर्सिटी के पास सवारी बैठाने को लेकर ऑटो चालक आर्यन से उसकी कहासुनी हुई थी। आर्यन ने उससे यूनिवर्सिटी के पास ही मारपीट किया था। इस पर मुस्तफा ने आर्यन के ऑटो के नंबर का फोटो खींचा था। इसी बात से नाराज आर्यन ने तिलता ब्रिज के पास अपने कड़े सिर पर हमला कर उसे घायल करने के बाद फरार हो गया। मामले को लेकर मुस्तफा ने रातू थाने में ऑटो चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में राखी और मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन के अवसर पर राखी बनाओ और मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी कला एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। बच्चों ने घर में बेकार पड़े सामान और प्राकृतिक चीजों का उपयोग कर राखियां बनाईं। वहीं, मेहंदी प्रतियोगिता में बच्चों ने एक-दूसरे के हाथों पर सुंदर मेहंदी के डिजाइन बनाए। इस दौरान बच्चों ने एक-दूसरे को राखियां भी बांधी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं को जानने का मौका मिलता है।




कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों में संस्कार और कलात्मक विकास को बढ़ावा देता है। उन्होंने लड़कों को सभी लड़कियों का सम्मान करने और उनकी रक्षा करने का वचन भी दिलाया। वहीं, राखी बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नव्या राज, आकांक्षा कुमारी, आयुष उरांव, जय लकड़ा, द्वितीय स्थान शिवानी उरांव, ओमी कुमारी, अर्ची मेहता, दीक्षा कुमारी एवं तृतीय स्थान राहुल कुमार, श्रेया कुमारी, वैष्णवी कुमारी, अनुष्का उरांव का रहा। जबकि मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आरबी परवीन, पूर्णिमा उरांव, तनवी परवीन,द्वितीय स्थान ओमी कुमारी, श्रेया कुमारी, अंजनी उरांव एवं तृतीय स्थान कोमल कुमारी, आयुषी कुमारी और आरोही कुमारी ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## सुदेश महतो को मिले जेड श्रेणी की सुरक्षा : राजू नायक

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। आजसू नेता राजू नायक ने पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो का नाम उग्रवादियों क हिटलिस्ट में रखने की उच्चस्तरीय जांच कराने के साथ ही केंद्र सरकार से उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। राजू नायक ने कहा कि बार-बार उग्रवादियों द्वारा सुदेश महतो की हत्या की साजिश की जानकारी सामने आती रहती है। लेकिन आज तक पुलिस कारणों का खुलासा नहीं कर पाई है। दो दिन पहले ही गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादी मार्टिन केरकेट्टा ने भी सुदेश महतो को अपने हिटलिस्ट में रखा था। कहा कि राज्य सरकार सुदेश महतो की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसे में राजू ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सुदेश महतो को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। भाजपा नगड़ी मंडल अध्यक्ष जय किशन महतो की अध्यक्षता में बुधवार को नगड़ी पंचायत भवन में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रभु दयाल बड़ाइक शामिल हुए। उन्होंने विस्तार से तिरंगा यात्रा के कार्यकर्मों के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। कहा कि हर घर तिरंगा अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश भक्ति के दूरगामी सोच का परिणाम है। इस मौके पर चूड़ामनी महतो, दौलत केशरी, मेघनाथ महतो, राकेश केशरी, रामबिलास लोहरा, महावीर महतो, मुकेश महतो, विनोद प्रसाद, सुरेश लोहरा, राजपाल साहू,अजय नायक,मधुबाला देवी, रितेश राज आदि शामिल थे।

## दुर्गा महादेव मंदिर आयोजित अखंड हरि कीर्तन का समापन



ओरमांझी (आजाद सिपाही)। दुर्गा महादेव मंदिर में बुधवार से आयोजित 24 घंटे का हरि कीर्तन गुरुवार को रामायण की आरती के साथ संपन्न हुआ। इसके सफल आयोजन में पूजा समिति के मुख्य संरक्षक नंद गोपाल साहू, अध्यक्ष राम कुमार महतो, सचिव दीपक बड़ाइक, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहु, पूर्व उप प्रमुख जय गोविंद साहु, पंसस ललिता देवी, उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, अजय सिंह, शशि मेहता, आनंद मेहता, शंकर गुप्ता, अरुण मंडल, शत्रुघ्न साहु, राजेश गुप्ता, ललित ठाकुर, सुधीर ठाकुर, रंजीत बैठा, सुनील नायक, सुंदर नायक, दीपा चौरसिया, रूपा तिवारी, सोनी देवी, मनीषा मेहता, पुष्पांजलि देवी, मुन्नी देवी, सीता देवी, किरण देवी आदि का योगदान रहा।

### सीओ प्रताप मिंज को दी गयी विदाई, नये सीओ ने संभाला पदभार

# छोटे से कार्यकाल की बहुत सारी यादें अपने साथ लिये जा रहा : प्रताप मिंज

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित कर अंचल के नये सीओ राज कुंवर सिंह का स्वागत किया गया। वहीं निर्वतमान सीओ प्रताप मिंज को विदाई दी गई। इस मौके पर प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि जुगेश उरांव, विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव, उपप्रमुख मोदस्सिर हक ,मुखिया संघ के अध्यक्ष रमेश उरांव आदि जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने दोनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीओ प्रताप मिंज ने कहा कि बेड़ो प्रखंड में मुझे बहुत कम समय के लिए आप लोगों के साथ रहने का मौका मिला। इस छोटे से कार्यकाल की बहुत सारी यादें आज समेट के लिए जा रहा हूं। प्रखंड में गुजरी हुई यह छोटी सी कार्यकाल को



मैंने सेवा भाव में गुजारा है। हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्तियों के पास पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना ही मेरा प्राथमिकता रही है। इस अल्प अवधि में मेरे द्वारा किये गये कार्य और मेरी कार्यशैली इन्हीं बातों का प्रमाण है। वहीं, उपस्थित समाजसेवियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सीओ के कार्यकाल की सराहना की। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, पूर्व उपप्रमुख धनंजय कुमार राय, मुखिया सुशांति भगत, नीरज कुजूर, लक्ष्मी कोया, पंसस राखी भगत, नवल किशोर सिंह, देवनिश तिग्गा, मो शमशाद, फहीम, मीर मुस्लिम, बलराम सिंह, राजेश कुमार, विश्वनाथ गोप, नवदीप महतो, शरीफ बड़ाइक, बीडीओ राहुल उरांव, बीपीओ संजय तिर्की, कनीय अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, सहायक अभियंता सद्दाम अंसारी एवं दुर्गा टाना भगत आदि थे।

**समाहरणालय,**
**जिला-खूंटी**

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 1/नीति–05–03/2024–903 दिनांक 21.05.2025 द्वारा अधिसूचित "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" तथा राजस्व पर्षद द्वारा अनुमोदित बिक्री अधिसूचना की शर्त्तों के तहत दिनांक 01.09.2025 से 31.03.2030 तक के लिए झारखंड राज्य के खूंटी जिला की "देशी शराब की दुकान" तथा "शराब की कम्पोजिट दुकान" की बंदोबस्ती ई–लॉटरी प्रणाली के माध्यम से की जायेगी। ई–लॉटरी में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदकों के द्वारा "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025", बिक्री अधिसूचना की शर्त्तें, जिलावार खुदरा उत्पाद दुकान/दुकानों के समूह की विवरणी तथा आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र इत्यादि का विहित प्रारूप सभी जिला उत्पाद कार्यालय, विभागीय वेबसाइट https://excise.jharkhand.gov.in, जिला के NIC वेबसाईट https://khunti.nic.in एवं https://exciselottery.jharkhand.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। ई–लॉटरी कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित है –

i. "देशी शराब की दुकान" और "कम्पोजिट दुकान" की ई लॉटरी से बन्दोबस्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक–08/08/2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक–20/08/2025 की संध्या 7.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। ऑनलाईन आवेदन https://exciselottery.jharkhand.gov.in वेबसाईट पर किया जा सकेगा।
ii. ई–लॉटरी में प्रतिभागिता के लिए संबंधित दुकान/दुकान समूह हेतु बिक्री अधिसूचना में निर्धारित धरोहर धनराशि तथा आवेदनशुल्क का भुगतान Credit Card/Debit Card/ NET BANKING/NEFT/ RTGS/IMPS इत्यादि ऑनलाईन विधि से उक्त पोर्टल (वेबसाईट) पर प्राप्त किया जायेगा। उक्त भुगतान की पुष्टि आवेदन पोर्टल/विभाग के खाते में दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक प्राप्त हो जानी चाहिए। दिनांक–20.08.2025 को 11:59 PM तक विहित राशि के भुगतान प्राप्ति की पुष्टि आवेदन पोर्टल अथवा विभागीय बैंक से अप्राप्त रहने की स्थिति में आवेदक ई–लॉटरी में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे।
iii. कम्प्यूटर से Randomization के द्वारा ई–लॉटरी की प्रक्रिया दिनांक 22/08/2025 के पूर्वाहन 11:00 बजे से की जायेगी। ई–लॉटरी के ऑनलाईन प्रसारण का लिंक विभागीय वेबसाईट https://excise.jharkhand.gov.in एवं जिला के NIC वेबसाईट https://khunti.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगा। ई–लॉटरी का ऑनलाईन टेलीकास्ट जिला समाहरणालय में भी किया जायेगा ।
iv. ई–लॉटरी की प्रक्रिया राज्य स्तर पर दुकान/दुकानों के समूह के लिये निर्धारित वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत राजस्व (MGR) के आधार पर अवरोही क्रम (descending order) में सम्पन्न होगी ।
v. ई–लॉटरी का परिणाम https://excise.jharkhand.gov.in एवं जिला के NIC वेबसाईट https://khunti.nic.in पर उपलब्ध होगा।
vi. "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को आवेदन तथा उसके साथ संलग्न किये जानेवाले सभी कागजातों की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति संबंधित मूल प्रमाण–पत्र के साथ, संबंधित दुकान/दुकानों के समूह के लिए प्रतिभूति राशि तथा निर्धारित एकमुश्त वार्षिक अनुज्ञप्ति शुल्क दिनांक 25.08.2025 तक.जिला उत्पाद कार्यालय में जमा करना होगा।
vii. "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक प्रस्तावित दुकान परिसर के लिए आपत्ति रहित स्थल का पूर्ण विवरण .जिला उत्पाद कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।
viii. "झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025" के आलोक में ई–लॉटरी में सफल विजेता को दिनांक 29.08.2025 तक अग्रिम उत्पाद परिवहन कर (ETD) की राशि जमा करनी होगी।

ई–लॉटरी हेतु आवेदन समर्पित करने में किसी प्रकार की कठिनाई के निराकरण हेतु जिला स्तर पर Helpdesk का गठन किया गया है, जिसका मोबाईल संख्या–9570128333. (सामान्य कॉल), 6202572062 (Whatsapp मैसेज) है । उक्त मोबाइल संख्या प्रत्येक दिन के पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक क्रियाशील रहेगी।

उपायुक्त,
खूंटी

PR 359148 Excise(25-26).D

# राष्ट्रपति भवन के स्वतंत्रता दिवस सम्मान समारोह में शामिल होंगी गुमला की शुभांगी

**गुमला की बेटी ने परिवार के साथ साथ बढ़ाया गुमला का मान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जनवरी 2025 में दिल्ली में अयोजित युवा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली शहर के पंडित मुहल्ला (देवी मंड़प के समीप) निवासी सुदेश सौरभ व सुषमा सिंह की पुत्री शुभांगी क्षितिजा को स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति भवन में आमंत्रित किया गया है। सुभांगी के द्वारा दिल्ली में आयोजित युवा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर 15 अगस्त को राष्ट्रपति भवन में होने वाले कार्यक्रम में उन्हें निमंत्रण पत्र के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। उनके परिजनों ने बताया कि जब यह निमंत्रण पत्र पोस्ट ऑफिस के डाक अधीक्षक शांतनु आजाद व पोस्टमैन दीपक कुमार उनके घर लेकर पहुंचे, तो परिवार में खुशी का माहौल छा गया। पोस्टल विभाग के अधिकारियों ने भी इसे गौरव की बात बताते हुए शुभांगी की प्रशंसा की। शुभांगी ने इस निमंत्रण को अपने जीवन की एक बड़ी उपलब्धि बताया। इस निमंत्रण पत्र के मिलने से उनके परिवार में खुशी का ठिकाना नहीं है। गुमला जिला के लिए यह पहला अवसर है जब स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर राष्ट्रपति भवन की ओर से सम्मान समारोह में किसी छात्रा को निमंत्रण मिला है। बता दें कि पूर्व में युवा महोत्सव में सुभांगी पीएम नरेंद्र मोदी से मिल चुकी है। शुभांगी के पिता सुदेश सौरभ शिक्षक व माता सुषमा सिंह प्रोफेसर है।

# डकैती के मामले में फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** पूसो पुलिस ने डकैती के एक मामले में वांछित आरोपी मनोज उराँव पिता चेडना उरांव, निवासी खेरा डिपाटोली, थाना पुसो, जिला गुमला के खिलाफ दण्ड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 82 के तहत उद्घोषणा की कार्रवाई की है। संबंधित आरोपी पुसो थाना कांड संख्या 06/21 दिनांक 01.07.2021 धारा 395/412 क्ढ्ढउ में लंबे समय से फरार है और न्यायालय में पेश नहीं हो रहा है। इसके बाद कोर्ट ने उसे फरार घोषित करते हुए प्रोक्लमेशन नोटिस जारी कर आदेश जारी किया है कि वह 28 अगस्त 2025 तक अदालत में उपस्थित हो। पुसो पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई करते हुए उद्घोषणा की प्रक्रिया पूरी की। आरोपी के घर तथा गाँव के सार्वजनिक स्थलों जैसे चौक चौराहा, पंचायत भवन आदि में उद्घोषणा का नोटिस चिपकाया और ढोल बजाकर लोगों को सूचित किया गया है कि आरोपी को न्यायालय में हाज़िर होना है। अगर आरोपी निर्धारित तिथि तक कोर्ट में पेश नहीं होता है, तो उसके खिलाफ धारा 83 सीआरपीसी के तहत कुर्की की कार्रवाई की जायेगी।

# तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बिशुनपुर का मुख्यालय स्थित पेंशनर भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा और हर घर तिरंगा अभियान के लिए तैयारियों पर चर्चा करना था। मंडल अध्यक्ष जगत ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मंडल प्रभारी भिखारी भगत, जिला मंत्री केदार साहू जिला सदस्य बच्चन चौरसिया महामंत्री अजीत उरांव युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक रंजन और अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में तिरंगा यात्रा के आयोजन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान यात्रा के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विचार किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए भी चर्चा की गयी। कार्यकर्ताओं ने इस अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए अपने सुझाव दिये और इसे सफल बनाने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा और हर घर तिरंगा अभियान में अपनी पूरी ताकत झोंकने का निर्णय लिया और इसे सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर सरस्वती देवी, सुरेश असुर, विनोतर खेरवार, मुरारी सिंह, अमित उरांव, सुखदेवा उरांव, फूलदेवा उरांव, सूदन बड़ाईक, सुमित अंबस्ट, अदीपा उरांव, रामधनी उरांव, कितु उरांव ज्ञान सिंह, जीतेन्द्र उरांव, सुखाना असुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब ने मंदिर परिसर में पौधा लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** लायंस क्लब गुमला ने अध्यक्ष लायन मुरली मनोहर प्रसाद की अध्यक्षता में स्थानीय मनोकामना मंदिर परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर, क्लब के सदस्यों ने पर्यावरण के हित में और समाज के लिए पौधारोपण किया। जिससे पर्यावरण का शुद्धिकरण हो सके और ऑक्सीजन की उपलब्धता बढ़ सके। क्लब के अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद ने पर्यावरण के महत्व को समझाया और बताया कि पेड़ ऑक्सीजन छोड़ते हैं और गर्मी के दिनों में लोगों को राहत प्रदान करते हैं। शुक्रवार को लायंस क्लब गुमला द्वारा ब्लीचिंग पाउडर का कुआं में छिड़काव किया जायेगा, जिससे जल स्रोतों को स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जा सके। मौके पर अध्यक्ष लायन मुरली मनोहर प्रसाद, रीजन चेयरपर्सन ला. अशोक कुमार जायसवाल, जॉन चेयरपर्सन एमजेएफ ला. शंकर लाल जाजोदिया, पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, ला दामोदर कसेरा, ला संजय अग्रवाल, ला शिवकुमार लाल, ला लायन विशाल कुमार बिद्धु, लायन शशि किरण जयसवाल, ला किरण केसरी, ला सरस्वती प्रसाद, ला रीता लाल लायंस क्लब गुमला के इस आयोजन से पर्यावरण और समाज दोनों को लाभ मिलेगा।

# चिल्ड्रेन एकेडमी में अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग के बारे में दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** चिल्ड्रेन एकेडमी विकास भारती बिशुनपुर में गुरुवार को छात्रों और शिक्षकों के लिए एक विशेष अग्निशमन प्रशिक्षण सह प्रदर्शन का आयोजन झारखंड अग्निशमन विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपात स्थिति में आग बुझाने के तरीकों और अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग के बारे में जानकारी देना था। कार्यशाला का संचालन स्थानीय अग्निशमन विभाग की टीम ने किया। टीम के सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के अग्निशामक यंत्रों की पहचान, उनके उपयोग की विधि, रखरखाव और आग लगने पर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया । उन्होंने एक डेमो देकर समझाया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय सूझबूझ से काम लेना कितना जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान, छात्रों और शिक्षकों को कार्बन डाइऑक्साइड, सूखा रासायनिक पाउडर, फोम और जल-आधारित अग्निशामक जैसे विभिन्न प्रकार के यंत्रों का इस्तेमाल करके दिखाया गया। उन्हें यह भी बताया गया कि किस प्रकार की आग के लिए किस यंत्र का उपयोग करना चाहिए, जैसे- बिजली से लगी आग के लिए जल-आधारित यंत्रों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। जंगल में लगनेवाली आग को बुझाने का तरीका भी बताया गया।

प्रिंसिपल छंदा पात्रा ने दमकल विभाग की टीम का धन्यवाद किया और कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में सभी सुरक्षा मानदंडों का पालन किया जाता है और यह प्रशिक्षण उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। छात्रों ने भी इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। एक छात्र, आर्यन कुमार ने बताया, हमें पहली बार यह जानने का मौका मिला कि इन यंत्रों का इस्तेमाल कैसे किया जाता है। यह एक बहुत ही उपयोगी अनुभव था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित रहने के टिप्स दिये गये। इस पहल से स्कूल में सुरक्षा का माहौल और भी मजबूत हुआ है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुमकुम मैत्रा जी, नॉन डिपार्टमेंटल प्रशिक्षण केंद्र के प्रिंसपल पंकज कुमार सिंह सहित नॉन डिपार्टमेंटल प्रशिक्षण केंद्र के ट्रेनिज एवं विकास भारती के सभी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे ममरला के ग्रामीण

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड से सुदूरवर्ती ममरला ग्राम के ग्रामीण, शिक्षक इन दिनों मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे है।प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड के नारेकेला ओर ओकबा में मोबाइल टावर लगा है और वहाँ नेटवर्क सही रहता है लेकिन ममरला में मोबाइल नेटवर्क बहुत खराब है। ममरला में 4 शिक्षण संस्थान है और काफी कार्य ऑनलाइन करना पड़ता है और ऐसे में नेटवर्क नही रहने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीडीएस संचालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्मला उच्च विद्यालय और अन्य विद्यालयों के शिक्षकों ने कहा कि हमलोग मोबाइल नेटवर्क नही रहने से काफी परेशान है। विद्यालयों में आवश्यक कार्यो के लिए भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों के पोषण के महत्व पर जोर




**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया मुख्यालय के दीवानटोली, पंचायत भवन, और सोनमेर में विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर कार्यक्रम में स्तनपान के लाभों और बच्चों के पोषण के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में प्रदान के साथ हंस फाउंडेशन और मानसी मित्र भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्तनपान के महत्व और इसके लाभ,बच्चों ओर महिलाओं के पोषण के महत्व ओर स्वस्थ आहार देने के तरीके के बारे जानकारी दी गयी।इस कार्यक्रम में पंचायत की सेविका और जल सहिया ने भाग लिया।इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों में स्तनपान और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, जिससे बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार हो सके। कार्यक्रम में प्रदान के साथ हंस फाउंडेशन और मानसी मित्र भी उपस्थित थे।

# शिबू सोरेन के निधन पर श्रद्धांजलि सभा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी घाघरा की ओर से झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता और सांसद सह पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ता, स्थानीय नेता और आम नागरिकों ने भाग लेकर दिवंगत नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा की शुरूआत दो मिनट के मौन व्रत के साथ हुई, जिसके बाद सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे ने कहा शिबू सोरेन सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा थे। उन्होंने आदिवासियों, किसानों और शोषित वर्गों की आवाज को संसद तक पहुँचाया। उनके संघर्षों ने झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज हम एक ऐसे सपूत को खो चुके हैं, जिनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती। कांग्रेस पार्टी उनके विचारों को आगे बढ़ाएगी और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेती है। हम सभी का यह कर्तव्य है कि उनके अधूरे कार्यों को पूरा करें और उनके सपनों का झारखंड बनाएं। सभा में अन्य वक्ताओं ने भी शिबू सोरेन के राजनीतिक जीवन, समाज सेवा और आदिवासी हितों के लिए किए गए संघर्षों को याद किया। उपस्थित जनसमूह ने उनके योगदान को नमन करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर अगस्टिन महेश कुजूर, दिलबहार अंसारी, संदीप मिंज, नसीम अंसारी, शहजाद खान, सौरभ भगत, धनेश्वर नायक, प्रदीप उरांव सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

# मुख्तार आलम ने जरूरतमंद किसानों को दिलायी डीप बोरिंग की सुविधा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** चैनपुर एवं पालकोट के ग्रामीण, डीप बोरिंग योजना का लाभ दिलाने में सहायता मांगने के उद्देश्य से कामगार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य मुख्तार आलम के कार्यालय पहुंचे। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने वालों में प्रखंड चैनपुर प्रखंड के टोंगो ग्राम निवासी जगरानी लकड़ा और पालकोट प्रखंड के ग्राम बागेंसेरा निवासी जॉन किंडो के नाम शामिल हैं। इन दोनों व्यक्ति ने अपनी समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि वे एक साधारण किसान हैं। लेकिन सिंचाई के लिए पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। खेती-बाड़ी और पशुपालन के लिए पानी नहीं होने से आए दिन बड़ी समस्याएं से जूझना पड़ता हैं। मुख्तार आलम ने समस्याएं से अवगत होने के बाद जरूरत के सभी कागजात को लेकर गव्य विकास विभाग भिजवा दिया है, जल्द से जल्द इन व्यक्तियों को डीप बोरिंग योजना दिलाई जाएगी ' मुख्तार आलम ने कहा कि कुछ दिन पूर्व में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की गुमला कार्तिक उरांव महाविद्यालय में कृषि यंत्र वितरण कार्यक्रम में उपस्थित हुई थी, और कई किसानों को खेती करने हेतु विभिन्न सामग्री वितरण की थी। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्री के निर्देशानुसार कांग्रेसी कार्यकर्ता भी जरूरतमंद किसान को चिन्हित कर उन्हें लाभ दिलाने का कार्य कर रहे हैं।

# नदी से विक्षिप्त का शव बरामद

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के खम्भिया कोयल नदी बड़कालता से विक्षिप्त सिसई के मुरगु चरका टोली निवासी बंधु उरांव का पुलिस का शव बरामद किया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि बंधु उरांव मानसिक रूप से विक्षिप्त था। सिसई थाना में विगत 29 जुलाई को उसके बड़े भाई रामू उरांव द्वारा बंधु के गुणसूदगी होने का मामला दर्ज कराया था।

# साप्ताहिक जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय सिसई परिसर में गुरुवार को साप्ताहिक जनशिकायत निवारण दिवस शिविर का आयोजन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया। शिविर के माध्यम से वृद्धा पेंशन 5 , बाल विकास से संबंधित आवेदन 1, मईया सम्मान योजना से संबंधित आवेदन 2, जन्म - मृत्यु से संबंधित आवेदन -2 एवं पेयजल से संबंधित 1 आवेदन प्राप्त किए गए। कुल 11 आवेदनों की प्राप्ति हुई जिसमें से 08 मामलों का निष्पादन तत्काल किया गया वहीं 03 मामलों को संबंधित विभाग को निष्पादन हेतु अग्रसारित किया गया। मौके पर प्रधान सहायक राकेश कुमार सुमन, अंचल निरीक्षक चंदरू उरांव, कर्मचारी दीपक सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर बजरंग साहु सहित प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# तीन सौ ग्रामीणों ने बाबा टांगीनाथ धाम और सिरा सीता धाम में पूजा अर्चना की



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चुंदरी पंचायत के करीब 300 ग्रामीण गुरुवार को पूर्व मुखिया आदित्य भगत के अगुवाई में बाबा टांगीनाथ धाम और सिरा सीता धाम में पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने कहा कि हर वर्ष सावन की महीना में बाबा भोलेनाथ माता पार्वती, सीरा-सीता, धर्म कंडो, ढकनी चुईया में आते हैं और पूजा प्रार्थना विनती करते हैं। वहीं पूर्व मुखिया ने बताया कि पंचायत वासी ने दोनों धाम में पंचायत की विकास, हरियाली, खुशहाली की कमना किये। धाम में दर्शन के दौरान मुखिया विनीता कुमारी, कैलाश महतो, सुरेंद्र यादव, नीरज भगत, संतोष सिंह, रूपा देवी, संतोषी देवी, मुनेश्वर उरांव, अर्जुन महली, सूरज महली, एतवा उरांव, सूरज मुनि देवी, सुखमनिया देवी, सुनीता देवी, नीमी देवी और सैकड़ो महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में मुंबई इंडियंस बनी विजेता

**ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है : अभिनव भगत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नवयुवक संघ मादा के द्वारा आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि लोहरदगा सांसद के सुपुत्र सह युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव भगत विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी सिसई उप प्रमुख निलेश उरांव मुखिया सुनी तिर्की शामिल हुए और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का उदघाट्न किया। मौके पर मुख्य अतिथि अभिनव भगत ने कहा कि गुमला जिला खेल नगरी के रूप में जाना जाता है। यहां से कई खिलाड़ी निकल कर झारखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों के छुपे हुए प्रतिभा निखर कर सामने आती है। ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है उन्हें अच्छा प्लेटफार्म देने की जरूरत है। खिलाड़ी नशा पान से दूर रहकर अपनी कैरियर पर ध्यान दें, निश्चित रूप से एक दिन सफलता मिलेगी और झारखंड और देश का नाम रोशन करेंगे। फाइनल मैच मुंबई इंडियंस बनाम एमपीएल टू मादा के बीच खेला गया। जिसमें मुंबई इंडियंस 3-0 से विजेता बनी। मौके पर अध्यक्ष सुशील उरांव, सचिव बांधना उरांव, विनय उरांव, राजा अंसारी, अमित उरांव, शशी साहू, बासुदेव उरांव, जितेंद्र लोहरा, संतोष उरांव अशोक उरांव, महेश उरांव रविराम उरांव, कुशल टोप्पो, राम उरांव, रशीद अंसारी, रूपा उरांव


## कार्यालयः- जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति, लातेहार, झारखण्ड

**आम सूचना**

नगर पंचायत लातेहार में शहरी स्वास्थ्य सहिया का चयन विभागीय मार्गदर्शिका के आलोक में निम्नांकित विवरणी अनुसार किया जाना है:-

| क्रम | दिनांक | दिवस | नगर पंचायत | वार्ड सं0 | स्थान | समय | चयन का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11.08.2025 | सोमवार | लातेहार | 01 | करकट मुस्लिम मुहल्ला | 11:00 बजे पूर्वाह्न | आंगनबाड़ी केन्द्र |
| 2 | 11.08.2025 | सोमवार | लातेहार | 01 | करकट कुसमाटॉड़ | 2:00 बजे अपराह्न | आंगनबाड़ी केन्द्र |
| 3 | 12.08.2025 | मंगलवार | लातेहार | 02 | बानपुर एवं अम्वाटीकर, खेरवार टोला | 11:00 बजे पूर्वाह्न | सामुदायिक भवन |
| 4 | 12.08.2025 | मंगलवार | लातेहार | 02 | बानपुर बाजार | 2:00 बजे अपराह्न | अटल क्लिनिक |
| 5 | 13.08.2025 | बुधवार | लातेहार | 03 | भुईयां टोली | 11:00 बजे पूर्वाह्न | समुदायिक भवन, गांधी कॉलेज |
| 6 | 13.08.2025 | बुधवार | लातेहार | 03 | मिशन हाता | 2:00 बजे अपराह्न | आंगनबाड़ी केन्द्र |

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार

PR 359062 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D

## कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा

**अल्पकालिन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 08/2025-26 दिनांक-07.08.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, कोडरमा |
| 2 | Date of tender publication of website | 08.08.2025 at 11:00 AM |
| 3 | Start date of submission of bids | 08.08.2025 at 11:00 AM |
| 4 | Last date/time for submission of bids online | 22.08.2025 at 03:00 PM |
| 5 | Date and time of bid opening | 23.08.2025 at 03:00 PM |
| 6 | Name and address of office inviting tender | NAGAR PANCHAYAT KODERMA |
| 7 | Helpline number of e procurement cell | 6202577681 |

**कार्य का विवरण**

| क्र0 सं0 | मद | योजना का नाम | वार्ड सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला योजना मद | Renovation with roof treatment and electrical work of District Record Room at Koderma District | 01 | 1669395.00 | 2% of BOQ VALUE | 5000.00 | 03 Months |

NOTE:-(i) cost of bidding Document (not refundable) & Bid Security (Security Deposit) Shall be payable online through http://www.jharkhandtenders.gov.in.
(ii) Any Change/Information can be seen on Website on http://www.jharkhandtenders.gov.in

ह0/-
प्रशासक
नगर पंचायत, कोडरमा

PR 359061 Urban Development(25-26)#D

# स्पर्श एचआर कॉन्क्लेव 2025 पर राष्ट्रीय सम्मेलन आज से




**- मानव संसाधन को सशक्त बनाने की दिशा में एक मानवीय पहल**

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोल इंडिया लिमिटेड की एक प्रमुख सहायक कंपनी, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की ओर से 8 और 9 अगस्त को धनबाद में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'स्पर्श एचआर कॉन्क्लेव 2025' का आयोजन होने जा रहा है। प्रस्तावित कार्यक्रम धनबाद में पहली बार कोयला क्षेत्र के शीर्ष नेतृत्व, मानव संसाधन विशेषज्ञों और उद्योग से जुड़े वरिष्ठ प्रतिनिधियों को एक साझा मंच पर एकत्रित करेगा, जिसमें सीआईएल (कोल इंडिया लिमिटेड) अध्यक्ष, निदेशक (एचआर), कोल इंडिया की सभी सहायक कंपनियों के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी), उनके मानव संसाधन निदेशकगण के अतिरिक्त विभिन्न अन्य क्षेत्रों, उद्योगों के मानव संसाधन विशेषज्ञ, नीति-निर्माण से जुड़े प्रतिनिधि शामिल होंगें, जो कार्यस्थल पर बेहतर मानव प्रबंधन, समावेशिता और कर्मचारी कल्याण जैसे विषयों पर अपने सारगर्भित और महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत करेंगें। इस वर्ष का विषय 'मेकिंग हैप्पी एम्प्लाइज' अर्थात 'संतुष्ट कर्मी है, जो वर्तमान समय में संगठनों की संरचना और संस्कृति में एक आवश्यक परिवर्तन की ओर संकेत करता है। उसका संचालन और संवर्द्धन उन लाखों कर्मचारियों की सामूहिक प्रतिबद्धता और श्रम से ही संभव है, जो इसकी नींव हैं। कॉन्क्लेव का मूल वाक्य 'स्पर्श' अर्थात 'कोमल स्पर्श', संस्थान की उस संवेदनशील सोच को परिलक्षित करता है, जिसमें मानव संसाधन को केवल एक प्रबंधन इकाई न मानकर, संगठन की आत्मा और भविष्य निर्माण का आधार समझा गया है। स्पर्श एचआर कॉन्क्लेव 2025 का उद्देश्य इन पहलों को केवल प्रदर्शित करना नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा संवादात्मक मंच प्रदान करना है, जहां देश भर के मानव संसाधन प्रबंधक, रणनीतिकार और संगठनात्मक लीडर्स एक साथ मिलकर विचार कर सकें कि कैसे कार्यस्थलों को और अधिक समावेशी, संवेदनशील और भविष्योन्मुखी बनाया जा सकता है। स्पर्श 2025 इस बात का स्पष्ट संकेत है कि कोयला उद्योग, विशेष रूप से बीसीसीएल, मानव संसाधन को संगठन की धुरी मानते हुए एक ऐसे बदलाव की ओर अग्रसर है जो कार्यस्थल को न केवल व्यावसायिक दृष्टि से सफल बनाएगा, बल्कि उसे सामाजिक रूप से उत्तरदायी, भावनात्मक रूप से परिष्कृत और मूल्यों में समृद्ध भी बनाएगा।

## डीपीएस बोकारो में अलंकरण समारोह में एसपी ने बच्चों को पढ़ाया सुरक्षा एवं जिम्मेदारी का पाठ

# अपने दायित्व-निर्वहन से समाज को प्रेरित करें विद्यार्थी : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में गुरुवार को एसपी हरविंदर सिंह के हाथों शैक्षणिक सत्र 2025-26 के छात्र-परिषद सदस्यों ने सम्मान ग्रहण किया और सेवा व निष्ठा की शपथ ली। वहीं सभी विद्यार्थियों ने उनसे सुरक्षा एवं जिम्मेदारी का पाठ भी पढ़ा। अलंकरण समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि बच्चे ही समाज एवं राष्ट्र के भविष्य और कल के नेतृत्वकर्ता हैं। इनसे समाज व देश को काफी अपेक्षाएं हैं। अपने दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन, अपने माता-पिता एवं शिक्षकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए देश के उत्थान में हाथ बंटाएं। पद या जिम्मेदारी मिलना यह बताता है कि आप अपने कर्तव्यों का किस प्रकार निष्ठा से निर्वहन कर समाज को प्रेरित करते हैं। एसपी ने विद्यार्थियों को सुरक्षित यातायात, नशामुक्ति, साइबर सुरक्षा एवं लैंगिक अपराध से संबंधित मामलों से बचाव और सजगता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने बच्चों से सदैव ट्रैफिक नियमों का पालन करने एवं बिना हेलमेट बाइक न चलाने की अपील की। कहा कि नशे (ड्रग्स) के कारोबारी युवाओं को अपने जाल में फंसा रहे हैं। बच्चे पल भर की खुशी के लिए अपने भविष्य को अंधकार में न धकेलें। अवसरों का लाभ लेकर एक सफल और अच्छा इंसान बनें। साइबर सिक्योरिटी में डिजिटल अरेस्ट, नौकरी के नाम पर जालसाजी तथा पोक्सो एक्ट के विभिन्न पहलुओं से भी उन्होंने अवगत कराया। इसके पूर्व, प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने एसपी, नगर पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन एवं सेक्टर-4 थाना प्रभारी संजय कुमार सहित सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया। कहा कि अलंकरण समारोह नेतृत्व का उत्सव है। डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों का समग्र विकास करते हुए उन्हें एक नेतृत्वकर्ता के रूप में विकसित कर समृद्ध राष्ट्र-निर्माण की दिशा में सतत अग्रसर है।


अलंकार समारोह में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं। बॉक्स में एसपीहरविंदर सिंह।

### मोहित एवं प्रिशु ने हेडबॉय, तो हर्षिता और शिवांगी ने ली हेडगर्ल की शपथ

नवगठित छात्र-परिषद में कक्षा 12 के विद्यार्थी मोहित कुमार एवं प्रिशु आनंद डे ने हेड बॉय, तो हर्षिता प्रणीत एवं शिवांगी मिश्रा ने हेड गर्ल की शपथ ली। वहीं, 11वीं के ध्रुव लोधा वाइस हेड बॉय, तो अनुष्का आर्या और स्वर्णिम वाइस हेड गर्ल चुनी गईं। 12वीं कक्षा की छात्रा आव्या सिंह ने लिटररी सेक्रेटरी (साहित्यिक सचिव), 11वीं के नेहाल शर्मा एवं शिप्रा हेम्ब्रम ने उप साहित्यिक सचिव, रुचि ठाकुर ने सांस्कृतिक सचिव एवं अवण्या पाहवा ने उप सांस्कृतिक सचिव, 12वीं के आदित्य सिंह ने खेल सचिव, तो 11वीं की छात्रा वर्षा सिंह ने उप खेल सचिव पद की शपथ ली। इसके अलावा, विद्यालय के प्रत्येक सदन में कैप्टन एवं वाइस कैप्टन सहित चार प्रिफेक्ट चयनित किए गए। सभी नवचयनित छात्र परिषद सदस्यों ने निष्ठा एवं ईमानदारी की शपथ ली। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## विधायक राज सिन्हा ने नगर आयुक्त से मिलकर की जन समस्याओं पर चर्चा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विधायक राज सिन्हा ने गुरुवार को नगर निगम कार्यालय जाकर नगर आयुक्त के साथ मुलाकात दी। इस दौरान शहर की जन समस्याओं ने उन्हें अवगत कराते हुए अविलंब समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश दिया। इस दौरान विधायक ने गया पुल के समीप बने खतरनाक गड्ढों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए जनता की सुरक्षा एवं सुविधा को देखते हुए शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू करवाने की मांग की। कहा कि यह क्षेत्र अत्यंत व्यस्त है, ऐसे में इन गड्ढों का शीघ्र भराव आवश्यक है। लगे हाथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे जलजमाव की समस्या को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने नगर आयुक्त से शहर के सभी नालों की तत्काल सफाई कराकर समुचित जल निकासी सुनिश्चित किये जाने की मांगी। इसके अलावा फुटपाथ दुकानदारों की आजीविका की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया। कहा कि गरीब दुकानदारों को हटाया गया है, जिससे उनकी रोजी-रोटी पर संकट आ गया है। अतः ऐसे दुकानदारों के लिए वैकल्पिक स्थान चिन्हित कर उन्हें पुनः स्थापित किया जाए, जिससे वे सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। उधर, नगर आयुक्त ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर मनोज मलाकार, निर्मल प्रधान, संतोष सिंह, राजाराम दत्ता, भागीरथ दास, डिंपू कुमार आदि उपस्थित थे।

## योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी : डीडीसी

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गुरुवार को डीडीसी शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें कृषि, आत्मा, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान, भू-संरक्षण एवं सांख्यिकी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य जिले में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर लक्ष्य की पूर्ति के लिए आवश्यक रणनीति तय करना था। डीडीसी ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि लक्ष्य की समयबद्ध पूर्ति के लिए विभाग गंभीरता से कार्य करें। नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। योजनाओं की क्रियान्वयन में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित हो। यह भी कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आत्मा योजना, बीज वितरण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, झारखंड मिलेट मिशन, सॉयल हेल्थ कार्ड योजना, आच्छादन योजना एवं किसान समृद्धि योजना की अद्यतन प्रगति प्रस्तुत की गई। जिला भू-संरक्षण पदाधिकारी को मिनी ट्रैक्टर वितरण योजना के अंतर्गत अधिकतम किसानों के आवेदन 20 अगस्त तक सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान, विवादित भूमि मामलों में अनुमंडल पदाधिकारी स्तर से समाधान प्रारंभ करने के लिए कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

## मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक में विभिन्न विषयों को लेकर हुई चर्चा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार को हुई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अमित कुमार द्वारा बैठक में उपस्थित सम्मानित सदस्यों को संबोधित किया और धनबाद मंडल की ओर से यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान यात्रियों को दी जा रही सुविधाओं, संरक्षा उपायों और विभिन्न विकास योजनाओं पर गहन चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने भी यात्रियों की समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को बैठक में साझा किया, जिन पर सकारात्मक विचार-विमर्श किया गया। बैठक का उद्देश्य रेल उपभोक्ताओं की सुविधा को और बेहतर बनाना और रेल सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना है।

## जैप-4 में दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी गई श्रद्धांजलि

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप)-4, परिसर में दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जैप 4 सह राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल समादेष्टा शंभू कुमार सिंह ने दिशोम गुरु के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया। कहा कि झारखंड के संघर्ष , जल-जंगल-जमीन व आदिवासी अस्मिता के लिए गुरुजी ने जो कार्य किया उसे सदैव याद रखा जाएगा। वाहिनी और अन्य जिलों में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में वाहिनी और अन्य ज़िलों में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस एसोसिएशन, पुलिस मेन्स एसोसिएशन, चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ के सदस्यगण, राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी-कर्मी सहित अन्य मौजूद रहे।

## बीसीसीएल और एसीआइसी फाउंडेशन (आइआइटी-आइएसएम) के बीच समझौता

# बांस हस्तशिल्प में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर

**- बीसीसीएल के सीएसआर परियोजना के तहत 50 लाभार्थियों को 25 लाख रुपये की लागत से मिलेगा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) और एसीआइसी फाउंडेशन, आइआइटी-आईएसएम धनबाद के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ। इसके तहत धनबाद के 50 लाभार्थियों को बांस हस्तशिल्प में कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। परियोजना बीसीसीएल के कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत संचालित की जाएगी। अवसर पर बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता, निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्णा रमैया, महाप्रबंधक (सीएसआर) कुमार मनोज, सीएसआर विभाग के अन्य अधिकारी के अलावा आइआइटी-आइएसएम धनबाद से डॉ आकांक्षा सिन्हा (सीइओ, एसीआईसी फाउंडेशन) एवं उनकी टीम उपस्थित रहीं। कोयला भवन मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में दोनों संस्थाओं ने इसे स्थानीय युवाओं के स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। परियोजना को केंद्रीय नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन (एआइएम) के अंतर्गत स्थापित अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर (एसीआइसी) के सहयोग से कार्यान्वित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम की कुल लागत 25 लाख रुपये हैं। यह प्रशिक्षण न केवल प्रतिभागियों को पारंपरिक बांस हस्तशिल्प की बारीकियों से अवगत कराएगा, बल्कि उन्हें स्वरोजगार की दिशा में भी सशक्त बनाएगा। कार्यक्रम में उत्पाद निर्माण, डिजाइन, नवाचार और विपणन से संबंधित व्यावसायिक कौशलों पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे स्थानीय युवाओं को सतत आजीविका का अवसर मिल सके। बीसीसीएल की यह पहल 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे राष्ट्रीय अभियानों को भी मजबूती प्रदान करेगी। साथ ही क्षेत्रीय परंपरागत कला और शिल्प को नया जीवन देगी।


## जिला परिवहन कार्यालय, सिमडेगा

### आम सूचना

सिमडेगा जिला अंतर्गत समस्त वाहन स्वामियों को यह सूचित किया जाता है कि जिन वाहनों का रोड टैक्स का भुगतान लंबित है, वे आगामी सात (07) दिनों के भीतर अपना बकाया रोड टैक्स जमा करना सुनिश्चित करें।

अन्यथा, आपके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (MV Act) की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी एवं आवश्यकतानुसार वाहन की पर कुर्की / नीलामी की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जा सकती है। अतः वाहन स्वामी समय कर भुगतान कर प्रशासनिक कार्रवाई से बचें।

| Sr. No | Registration No | Tax Type | Registration Date | Vehicle Category | Owner Name | Father Name | Complete Present Address | Arrear from | Tax Amount | Total Tax Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH20D 3094 | MV Tax | 19-Dec-2011 | HPV | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | I/C PRAMA SINGH | AT - KANKE ROAD,RANCHI,RANCHI, RANCHI, JHARKHAND,834001 | 16-Aug-2020 | 165750 | 165750 |
| 2 | JH20D 3372 | MV Tax | 17-Nov-2011 | HPV | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | I/C PARMA SINGH | AT - KANKE ROAD,RANCHI,RANCHI, RANCHI,JHARKHAND,834001 | 16-Aug-2020 | 165750 | 165750 |
| 3 | JH20D 8912 | MV Tax | 19-Dec-2011 | HPV | CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL | I/C PRAMA SINGH | AT - KANKE ROAD,RANCHI,RANCHI, RANCHI,JHARKHAND,835201 | 16-Aug-2020 | 165750 | 165750 |
| 4 | JH20D 2910 | MV Tax | 19-Dec-2011 | HPV | COMBRIAN PUBLIC SCHOOL | I/C PARMA SINGH | AT - KANKE ROAD,RANCHI,RANCHI, RANCHI,JHARKHAND,835201 | 16-Aug-2020 | 165750 | 165750 |
| 5 | JH20D 7341 | MV Tax | 17-Nov-2011 | HPV | COMBRIAN PUBLIC SCHOOL | I/C PARMA SINGH | AT - KANKE ROAD,RANCHI,RANCHI, RANCHI,JHARKHAND,834001 | 16-Aug-2020 | 165750 | 165750 |
| 6 | JH20A 6605 | MV Tax | 15-Oct-2009 | LPV | DHANANJAY PRASAD SINGH | S/O RAM SUNDAR SINGH | AT PO KUTUMBA,,AURANGABAD, SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 17-Feb-2020 | 87736 | 87736 |
| 7 | JH20A 6699 | MV Tax | 15-Jun-2009 | LPV | DHANANJAY PRASAD SINGH | S/O RAMSUNDAR SINGH | AT PO KUTUMBA,,AURANGABAD, SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 17-Feb-2014 | 0 | 0 |
| 8 | JH20A 6700 | MV Tax | 15-Oct-2009 | LPV | DHANANJAY PRASAD SINGH | S/O RAMSUNDAR SINGH | AT PO KUTUMBA,,AURANGA BAD,SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 19-Nov-2018 | 884 | 2652 |
| 9 | JH20D 1482 | MV Tax | 20-Dec-2017 | HPV | JAMAL | ABDUL RAHMAN | NOOR NAGAR PURANI,ROAD NO 08 SKOOL,RANCHI,RANCHI,JHARKHAND,834001 | 20-Jun-2024 | 48750 | 48750 |
| 10 | JH20D 3255 | MV Tax | 20-Dec-2017 | HPV | JAMAL | ABDUL RAHMAN | NOOR NAGAR PURANI,ROAD NO-08 SKOOL,RANCHI,RANCHI,JHARKHAND,834001 | 20-Mar-2024 | 58500 | 58500 |
| 11 | JH20A 4652 | MV Tax | 10-May-2005 | LPV | OXFORD PUBLIC SCHOOL | N/A S B P MEHTA | AT H B ROAD RANCHI,,RANCHI,SIMDEGA, JHARKHAND,999999 | 28-Apr-2022 | 107744 | 107744 |
| 12 | JH20A 4653 | MV Tax | 17-Apr-2005 | LPV | OXFORD PUBLIC SCHOOL | N/A S B P MEHTA | AT H B ROAD,,RANCHI,SIMDEGA, JHARKHAND,999999 | 28-May-2022 | 107744 | 107744 |
| 13 | JH20A 4654 | MV Tax | 10-Apr-2005 | LPV | OXFORD PUBLIC SCHOOL | N/A S B P MEHTA | AT H B ROAD,,RANCHI,SIMDEGA, JHARKHAND,999999 | 28-Jan-2023 | 41250 | 41250 |
| 14 | JH20A 5158 | MV Tax | 06-Jun-2006 | HPV | RAJU SINGH | S/O- BHAGBUN SINGH | AT - H.NO-90 VILL+ PO+ PS,RATU DIST-RANCHI, RANCHI,SIMDEGA,JHARKHAND, 999999 | 20-Mar-2013 | 0 | 0 |
| 15 | JH20A 7530 | MV Tax | 28-Feb-2007 | HPV | RAJU SINGH | S/O SHIVJEE SINGH | AT VIJAY NAGAR,BLOCK,EAST SINGHBHUM,SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 28-Jul-2018 | 2256 | 6768 |
| 16 | JH20B 2972 | MV Tax | 08-May-2013 | MPV | RAMESH MAHTO | S/O RAM LAGAN MAHTO | AT - SALDEGA P.O - SIMDEGA,P.S - SIMDEGA, SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 15-Jul-2025 | 7475 | 7475 |
| 17 | JH20D 6285 | MV Tax | 20-Jan-2017 | MPV | RAMESH MAHTO | S/O RAM LAGAN MAHTO | SALDEGA,PO-SIMDEGA, SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,835223 | 14-Jul-2025 | 7800 | 7800 |
| 18 | JH20C 3502 | MV Tax | 01-Aug-2007 | LPV | AMIT KUMAR DUBEY | KESHWAR DUBEY | VILL-PURBDIHA,PO-PURBDIHA,CHAINPUR, PALAMU,JHARKHAND,822110 | 01-Oct-2023 | 42904 | 42904 |
| 19 | CG14 A2604 | MV Tax | 09-May-2007 | LPV | ANAND KUMAR | S/O MATHURA PRASAD | AT+P.O. SEWAI P.S. SIMDEGA,SIMDEGA, SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 06-Nov-2012 | 0 | 0 |
| 20 | JH20D 1641 | MV Tax | 09-Oct-2012 | LPV | ANANT NARAYAN DAS | LATE- BHIKHARI DAS | BARASLOYA,KOLEBIRA,,SIMDEGA,JHARKHA ND,835211 | 13-Jul-2025 | 4125 | 4125 |
| 21 | JH20F 5117 | MV Tax | 17-Jun-2023 | LPV | ANDHRIAS JOJO | LATE ANANDMASIH JOJO | VILL KUTUNGIA,PS JALDEGA,JALDEGA, SIMDEGA,JHARKHAND,835201 | 16-Sep-2023 | 17000 | 17000 |
| 22 | JH20A 4905 | MV Tax | 26-Jul-1996 | LPV | ANT RIKSHA RAM | S/O DASHRATH RAM | PRINCE CHOWK,SIMDEGA,SIMDEGA, SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 23-Aug-2017 | 3342 | 10026 |
| 23 | JH20E 9777 | MV Tax | 25-Nov-2019 | MPV | BERNARD KANDULNA | THIYOFIL KANDULNA | UKAULI, BANO,TORPA,,SIMDEGA, JHARKHAND,835201 | 14-Aug-2024 | 37720 | 37720 |
| 24 | JH20A 2105 | MV Tax | 08-May-2004 | HPV | BISHUN SINGH | S/O PRAG SINGH | AT DELA TOLI KOKAR RANCHI,,RANCHI, SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 18-Feb-2018 | 4225 | 12675 |
| 25 | JH20A 5533 | MV Tax | 11-Mar-2005 | LPV | DARSHAN KUMAR PATEL | S/O RAMCHANDRA MAHTO | AT -BORAGARHA SIRAY,PO-ACHALJAMO PS-BISHUNGARH,HAZARIBAGH,,JHARKHAND, 825312 | 29-Jul-2021 | 40000 | 40000 |
| 26 | JH20A 6467 | MV Tax | 05-Nov-2005 | LPV | DHANANJAY PD SINGH | S/O RAM SUNDAR SINGH | AT PO KUTUMBA,,AURANGABAD, SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 12-Feb-2020 | 63250 | 63250 |
| 27 | JH20F 4396 | MV Tax | 24-Jun-2009 | HPV | FULJENCIA EKKA | CHARIES EKKA | VILL-BHATTA TOLI,KURDEG,KURDEG, SIMDEGA, JHARKHAND,835212 | 23-Mar-2021 | 96534 | 96534 |
| 28 | OR16 B6609 | MV Tax | 16-Jan-2007 | LPV | JAGDISH JAISAWAL | S/O RAM KESHWAR SAW | AT - CHATTA KAHU,PO-PS- KUDEG, SMD,SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 01-Jun-2019 | 0 | 0 |
| 29 | JH20G 6430 | MV Tax | 19-Mar-2025 | MPV | JAGDISH JAISWAL | RAMKESHWAR PRASAD | VILL PARKALA,NEAR PETROL PUMP,KHINDA KURDEG,SIMDEGA,JHARKHAND,835212 | 28-May-2025 | 8125 | 8125 |
| 30 | JH20C 8126 | MV Tax | 02-Feb-2009 | HPV | JAI PRAKASH SINGH BHUIYAN | S/O GURU CHARAN SINGH | AT - BONGTEL DAHEE,DISTT- KHUNTI, KHUNTI,KHUNTI,JHARKHAND,852369 | 01-Jan-2020 | 175674 | 175674 |
| 31 | JH20A 5940 | MV Tax | 13-Apr-2004 | LPV | K.K.TIWARY | S/O LALAN TIRKEY | AT - NICHE BAZAR SIMDEGA,SIMDEGA, SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 27-Jun-2013 | 0 | 0 |
| 32 | JH20A 6669 | MV Tax | 11-Sep-2005 | HPV | KAMARUDDIH | S/O BACHAI | AT 156A SIKANDEA PHULPUR,ALLAHABAD, ALLAHABAD,SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 23-May-2012 | 0 | 0 |
| 33 | JH20A 3862 | MV Tax | 29-Mar-2000 | HPV | KAMESHWAR SINGH | S/O LT JANKI SINGH | AT DEOGAWN PO CHIRAILY,,GAYA, SIMDEGA, JHARKHAND,999999 | 06-Apr-2014 | 0 | 0 |
| 34 | JH20C 8373 | MV Tax | 04-Oct-2005 | LPV | LUCKSON TIRKEY | S/O LT.MASIH PRAKASH TIRKEY | AT - PUSHPUR GARHATOLI,PO-GOTRA PS-SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,8 35223 | 01-Apr-2020 | 71500 | 71500 |
| 35 | JH07A 1125 | MV Tax | 03-Nov-2001 | LPV | MANJU SINGH | W/O PANKAJ KUMAR SINGH | AT - SITALPUR P.O - DARIPUR,P.S - MUFALISH, MUNGER,SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 03-Feb-2016 | 6953 | 20859 |
| 36 | JH20G 0546 | MV Tax | 02-Apr-2016 | HPV | MD TAHSEEN | MD RIJWAN | BANO KHAS,VILL-BANO,BANO,SIMDEGA,JHARKHAND,835201 | 01-Feb-2025 | 14950 | 14950 |
| 37 | JH20A 2447 | MV Tax | 01-Apr-1999 | LPV | MD. SALIM | S/O MD. RAJAB ALI | SHYAM TOLI,SIMDEGA,SIMDEGA, SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 29-Apr-2013 | 0 | 0 |
| 38 | JH20A 2156 | MV Tax | 17-Feb-2006 | LPV | MD.SAKIR ALI | S/O MD JAKIR ALI | AT -CHANDWE,PS-PITHORIA RANCHI, RANCHI, RANCHI,JHARKHAND,835217 | 18-Aug-2019 | 0 | 0 |
| 39 | JH20E 7699 | MV Tax | 14-Jun-2019 | LPV | MR. JAGDISH JAISWAL | MR. RAMKESHWAR SAW | CHHATAKAHU,VILL. PO- KURDEG SIMDEGA,,SIMDEGA,JHARKHAND,835212 | 18-May-2025 | 8532 | 8532 |
| 40 | JH20A 6698 | MV Tax | 17-May-2005 | LPV | MUNA KUMAR SINGH | S/O RAGHUPAT SINGH | AT - DAGHPA DACHINWARI BIGHA, KOYRIBIGHA ANCHAL KUTUMBA, AURANGABAD,SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 17-Feb-2014 | 0 | 0 |
| 41 | JH20A 5528 | MV Tax | 06-Dec-2005 | HPV | MURARI CHAUDHARI | S/O MATHURA CHAUDHARI | AT 42 A BHAGAT TOLI,PS RATU PO NAGURI, RANCHI,SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 26-Apr-2021 | 110500 | 110500 |
| 42 | JH20F 9950 | MV Tax | 28-Dec-2022 | HPV | NIKHIL CYRIL LAKRA | NIRIUS LAKRA | NH 143, PHARSABERA, KHUNTITOLI,,SIMDEGA,JHARKHAND,835223 | 28-Mar-2025 | 16250 | 16250 |
| 43 | JH20F 1955 | MV Tax | 06-Jul-2022 | MPV | NITISH KUMAR | S/O RAJMOHAN PRASAD | AT/PO- KOLEBIRA,PS- KOLEBIRA, SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,835211 | 06-Jul-2025 | 7313 | 7313 |
| 44 | JH20A 4651 | MV Tax | 13-Mar-2005 | LPV | OXFURD PABLIC SCHOOL | M/S DR, S.B.P.MEHTA | OLD H.B.POAD RANCHI,RANCHI, RANCHI,SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 27-Apr-2022 | 107744 | 107744 |
| 45 | JH20E 3641 | MV Tax | 12-Mar-2008 | HPV | PANCHAM PRASAD | S/O DASHRATH PRASAD | KOLEBIRA,KOLEBIRA,KOLEBIRA,SIMDEGA,J HARKHAND,835211 | 20-Dec-2023 | 58016 | 58016 |
| 46 | JH20B 5538 | MV Tax | 02-Apr-2013 | HPV | RAHUL KUMAR CHOUDHRY | S/O UPENDRA CHOUDHRY | AT - H.N. 124 KUMHARTOLI,HARMUTOLLY P.S - SUKHDEV NAGAR,RANCHI, SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 02-Apr-2019 | 0 | 0 |
| 47 | JH20E 9024 | MV Tax | 28-May-2019 | HPV | RAJAT BUDHIA | HEMENDRA KUMAR BUDHIA | RANCHI,RANCHI,RANCHI,SIMDEGA,JHARKH AND,835223 | 09-Jul-2025 | 10482 | 10482 |
| 48 | JH20A 4812 | MV Tax | 12-Feb-2006 | HPV | RAJESH SINGH | S/O JOKHAN SINGH | AT - MAVAIYA CHOWRA MATA MANDIR, SARNATH,VARANASI,SIMDEGA,JHARKHAND, 999999 | 28-May-2013 | 0 | 0 |
| 49 | JH20G 8972 | MV Tax | 07-Nov-2019 | MPV | RAM KRISHN PANDEY | NARSINGH PANDEY | SINDRI COLONY,KHASHURI NIRSA CHATTI, CHIRKUNDA,DHANBAD,JHARKHAND,828205 | 15-Feb-2024 | 49728 | 49728 |
| 50 | JH20A 4547 | MV Tax | 10-Feb-2007 | LPV | RENU DEVI | W/O MAHTO | AT - HANUMAN NAGAR BUTI, RANCHI, RANCHI,SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 14-Jan-2013 | 0 | 0 |
| 51 | JH20A 6697 | MV Tax | 18-Jun-2009 | HPV | SANJAY KR SINGH | S/O RAM SUNDAR SINGH | AT PO KUTUMBA,,AURANGABAD, SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 19-Nov-2018 | 884 | 2652 |
| 52 | JH20A 5422 | MV Tax | 25-Jan-2004 | LPV | SHIV SANKAR SAHU | S/O FAGU NAG | TURBUL KAMDARA,KAMDARA,GUMLA, SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 26-Jul-2015 | 11510 | 34530 |
| 53 | JH20C 6531 | MV Tax | 20-Feb-2015 | LPV | SIPRIYAN KUJUR | S/O TINTUS KUJUR | AT - KHANDA NISHAN,PO- MALSARA PS-BOLBA,SMD,SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 20-May-2016 | 0 | 0 |
| 54 | JH20C 3658 | MV Tax | 14-Jul-2016 | MPV | ST JOHNS ENGLISH MEDIUM | I/C VICTOR KERKETTA | AT - PHARSABERA PO- KHUNTI TOLI,PS-SIMEDGA,SMD,SIMDEGA,JHARKHAND,999999 | 07-May-2025 | 8775 | 8775 |
| 55 | JH20B 3239 | MV Tax | 17-Jun-2013 | HPV | ST. JOHNS EDUCATION SOCITY | I/C VICTOR KERKETTA | AT - PHARSARA P.O - KHUNTITOLI,P.S - SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,9 99999 | 11-Jun-2025 | 8288 | 8288 |
| 56 | JH20G 5618 | MV Tax | 25-Feb-2025 | MPV | ST. MARY'S HIGH SCHOOL, SAMTOLI | NA | I/C PIUS XALXO , AT - SAMTOLI GOTRA,PO-SIMDEGA,PS- SIMDEGA, SIMDEGA,JHARKHAND,835235 | 25-May-2025 | 8125 | 8125 |
| 57 | JH20B 3981 | MV Tax | 17-Feb-2014 | MPV | ST.JHONS SCHOOL ENGLISH MEDIUM | I/C VICTOR KERKETTA MAMAGER | AT - PHARSABERA PO- KHUNTI TOLI, SIMDEGA,SIMDEGA,SIMDEGA,JHARKHAND,9 99999 | 17-May-2025 | 6338 | 6338 |
| 58 | JH20D 0911 | MV Tax | 03-Mar-2007 | MPV | UMESH KUMAR | S/O LT RADHE SHYAM PRASAD | AT - H B 98 ADARSH NAGAR,DHURWA, RANCHI, RANCHI,JHARKHAND,834004 | 05-Jul-2021 | 96696 | 96696 |

PR 359098 Simdega (25-26)_D

जिला परिवहन पदाधिकारी, सिमडेगा

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 08 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


# संभल जैसी सच्चाई छिपानेवालों को ऐसा सबक सिखायेंगे कि आनेवाली पीढ़ी करेगी याद : योगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**संभल।** भगवान कल्कि और भगवान हरिहर की भूमि संभल है। भगवान विष्णु का दसवां अवतार संभल में होगा। इसका उल्लेख पुराणों में मिलता है। कुछ लोगों को यह विवादित लगता है, लेकिन उनकी परंपरा में ही विवाद नजर आता है, लेकिन यह विषय विवाद का नहीं है। संभल की चर्चा जब होती है, तो दुनिया का ध्यान संभल पर आकर्षित होता है। संभल जैसी सच्चाई को छिपाने की चेष्टा करने वालों को ऐसा सबक सिखायेंगे कि उनकी आने वाली पीढ़ियां याद करेंगी कि किन लोगों से टकराए थे। हमारे पास सभी तरह के प्रमाण हैं। यह बात सीएम योगी आदित्यनाथ ने बहजोई के नजदीक स्थित फत्तेहपुर शरीफनगर में मुख्यालय की जमीन पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

सीएम ने जनसभा से पहले 658.86 करोड़ की 220 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें डीएम कार्यालय और एकीकृत आवासीय भवन पर 155.1 करोड़ रुपये खर्च होंगे। गुरुवार की सुबह 10.25 बजे सीएम का हेलिकॉप्टर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। सीएम ने पूजा-अर्चना की और इसके बाद वह 11.15 बजे मंच पर पहुंचे, जहां मंच पर बैठे भाजपा के नेता एवं मंडलायुक्त आंजनेय



**रक्षाबंधन पर बहनों को मुफ्त सफर**

योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 9 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व है। सभी बहनों को पूरे प्रदेश में मुफ्त यात्रा करायी जायेगी। सहयात्री भी मुफ्त सफर करेगा। सरकार ने बहनों के लिए यह निर्णय लिया है।

कुमार सिंह ने उनका स्वागत किया। सीएम ने कहा कि श्रीमदभागवत महापुराण 5000 वर्ष पहले रची गयी थी। स्कंद पुराण और विष्णु पुराण में उल्लेख है कि भगवान कल्कि का अवतार संभल में होगा। अलग-अलग युग में अलग-अलग नाम से इस धार्मिक नगरी को पुकारा गया। आगे कहा कि संभल में 68 तीर्थ और 19 कूप थे। परिक्रमा का मार्ग था। विदेशी आक्रांताओं ने तीर्थों को नष्ट करने का काम किया। सभी 19 कूप पर कब्जे कर लिए गए। परिक्रमा मार्ग तोड़ दिये और 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग बाधित कर दिया गया। माता अहिल्याबाई होल्कर ने इन तीर्थों का उद्धार किया था। माता अहिल्याबाई होल्कर ट्रस्ट द्वारा तीर्थों का सहयोग किया जाता है।

सीएम ने कहा कि अब हमारी डबल इंजन की सरकार इन तीर्थ और कूप का विकास करेगी। यह विरासत है हमारी, इसलिए विकास कराना जरूरी है। सीएम ने कहा कि काशी और आयोध्या में विकास हो सकता है तो संभल में क्यों नहीं हो सकता। सरकार विकास भी करायेगी। लोक कल्याण कार्यक्रम भी कराये जायेंगे। सभी योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। आगे कहा कि संभल जैसी सच्चाई को डबल इंजन की सरकार सामने ला रही है। पुनरोद्धार का जो कार्य आगे बढ़ाया गया है। उसको सावन मास में बढ़ाने का काम किया गया है।

## शव को 5 किमी तक खटिया पर ढोना पड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के विष्णुगढ़ प्रखंड में बुनियादी सुविधाओं के अभाव का उदाहरण सामने आया है। गोविंदपुर पंचायत के अंतर्गत चितरामो से गिधिनियां, परसातरी और मोसरीतरी जैसे दूरस्थ गांवों में सड़क और पुल जैसी आवश्यक सुविधाएं नहीं हैं। गुरुवार को गिधिनियां गांव के 30 वर्षीय प्रवासी मजदूर शनिचर मरांडी का शव उनके पैतृक गांव लाया गया। शनिचर की मृत्यु 28 जुलाई को कर्नाटक के काकीनाड़ा में हुई थी। बारिश के कारण नाला उफान पर था और रास्ते की स्थिति अत्यंत खराब थी। एंबुलेंस शव को गांव से लगभग पांच किलोमीटर पहले ही छोड़ गयी। परिजनों और ग्रामीणों को मजबूरन खटिया और बांस के सहारे शव को कंधों पर उठाकर उफनते नाले को पार करना पड़ा। कीचड़ भरी पगडंडियों और तेज बारिश ने यात्रा को और अधिक कठिन बना दिया। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि वे हर वर्ष जनप्रतिनिधियों से पुल और सड़क निर्माण की मांग करते हैं। लेकिन चुनाव के बाद कोई भी वापस नहीं आता। वर्षा ऋतु में ये गांव पूरी तरह से कट जाते हैं।

**600 आदिवासी परिवार रहते हैं :** बीमार व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाना या बच्चों का स्कूल जाना असंभव हो जाता है। आदिवासी नेता रमेश हेंब्रम के अनुसार, इन क्षेत्रों में लगभग 600 आदिवासी परिवार रहते हैं। ये परिवार दशकों से विकास से वंचित हैं। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र सड़क, बिजली, पानी और पुल की व्यवस्था करने की मांग की है।

विष्णुगढ़ बीडीओ अखिलेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। चूंकि वन भूमि है तो सड़क बनाने में समस्या आ रही है। वन विभाग से समन्वय स्थापित करके प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से इस क्षेत्र में सड़क बनाने को लेकर संबंधित विभाग को पत्र भेज दिया गया है। पीड़ित के घर जाकर उसे सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है।

## श्रावणी मेला में 5295766 श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण : डीसी

- उपायुक्त ने बताया, बाबा मंदिर से श्रावणी मेले में 7,36,44,295 रुपये की आय प्राप्त हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक अजित पीटर डुंगडुंग की सयुंक्त अध्यक्षता में गुरुवार को आरएल सर्राफ स्थित अस्थाई मीडिया सेंटर में राजकीय श्रावणी मेला से संबंधित चौथी साप्ताहिक प्रेसवार्ता की गयी। इस दौरान मौके पर सभी को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने सभी मीडिया संस्थानों का सहयोग हेतु आभार प्रकट किया। उपायुक्त ने जानकारी दी कि संपूर्ण मेला क्षेत्र में कुल 564 मजिस्ट्रेट व पदाधिकारियों के अलावा 9650 पुलिस बल की संख्या में प्रतिनियुक्त किये गये हैं। साथ ही 4 सीआरपीएफ की कंपनी, 2 पुलिस अधीक्षक, सदस्यीय एनडीआरएफ की टीम मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त हैं। आगे मेला में 101 स्थानों पर आवासन की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। मेला में कार्यरत कुल चिकित्सकों की संख्या 81 एवं पारा मेडिकल स्टाफ की संख्या 449 है। वहीं सामान्य एंबुलेंस 24, 108 एंबुलेंसों की संख्या 26 एवं जीप की संख्या 5 है। 61613 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी गयी एवं 198552 मरीजों का इलाज किया गया।



उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि श्रावणी मेला में 11 जुलाई से अब तक कुल 52,95,766 कांवरियों ने बाबा बैद्यनाथ को जलार्पण किया है। साथ हीं शीघ्र दर्शनम कूपन के माध्यम से 168870 श्रद्धालु शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई से 5 अगस्त तक बाबा मंदिर की आय 7,36,44,295 रुपये रही। इसमें मंदिर के अन्य स्त्रोतों से आय भी शामिल है। साथ ही मंदिर दान काउंटर से चांदी का सिक्का 10 ग्राम का 816 अदद बिक्री की गयी एवं शीघ्रदर्शनम कूपन से प्राप्त आय 60 प्रतिशत 5,89,10,400 रुपये हैं। विदेश से प्राप्त होने वाले मुद्रा सोना 23 ग्राम, चांदी 878 ग्राम, चांदी का सिक्का 1 पीस एवं 17,235.00 रुपये नेपाली पैसा शामिल हैं। वहीं संपूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी हेतु 765 सीसीटी कैमरा, 200 एआइ कैमरा एवं 10 ड्रोन कैमरा कार्यरत हैं। श्रावणी मेला में ऑनलाईन चैट बोर्ड क्यूआर कोड से 782 प्राप्त शिकायतों का निष्पादन किया गया। श्रद्धालुओं के आवासन हेतु 2 टेंट सीटी बनाये गये हैं। इनमे कोठिया टेंट सीटी 1500 बेड की क्षमता एवं बाघमारा टेंट सीटी में 350 बेड की क्षमता के अलावा आध्यात्मिक भवन में 10,000 श्रद्धालुओं के आवासन की व्यवस्था की गयी है। उपायुक्त कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेला क्षेत्र में 34 अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र लगाये गये हैं एवं इन स्वास्थ्य केन्द्रों में 11 जुलाई से 5 अगस्त तक कुल 1,98,552 श्रद्धालुओं का इलाज किया गया है। साथ हीं परिवहन विभाग द्वारा निबंधित व्यवसायिक वाहनों से राज्य प्रवेश शुल्क के रूप में 2,03,77,775 रुपये एवं वाणिज्य कर वसूली से 953.75 लाख रुपये की प्राप्ति हुई है। इसके अलावा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा मेला क्षेत्र में 31 सूचना केंद्र बनाये गये हैं, जहां 86,286 खोये-पाये कांवरियों को निबंधित किया गया है, जिनमें से 66066 कांवरियों को उनके परिजनों से मिलाया गया है। साथ हीं सूचना केंद्रों में कुल 192, 3 बाइक उद्घोषक, 2 टोटो की प्रतिनियुक्ति के अलावा 6 सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंच बनाया गया है। वहीं संपूर्ण मेला क्षेत्र में शिवधुन का संचालन एवं चल कांवरियां शिव के धाम थीम पर शिवलोक परिसर में भव्य प्रर्दशन का आयोजन किया गया है। यहां रोजाना 15-17 हजार लोगों का आगमन हो रहा है। वहीं राजकीय श्रावणी मेला के दौरान शिवगंगा व जलसार में 2 वाटर प्रोजेक्सन एण्ड लेजर शो, बाबा मंदिर एवं टॉवर हेतु 2 थ्रीडी मैपिंग शो, 13 स्थलों पर वीआर के माध्यम से बाबाधाम की पौराणिक कथा से संबंधित जानकारी देती है एवं 27 चिन्हित स्थलों पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से संपूर्ण विडियो प्रस्तुत की जाती है। विद्युत विभाग द्वारा अस्थायी विद्युत से 58,35,900 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ हैं एवं 1788 शिकायतों के अलावे 39 स्थलों पर विद्युत नियंत्रण कक्ष, 10 विद्युत शक्ति उपकेंद्र व 2 आपाताकालीन दल प्रतिनियुक्त किये गये हैं। नगर निगम द्वारा कुल 40,51,200 रुपये का राजस्व का संग्रहण किया गया है।इसके अतिरिक्त उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने राजकीय श्रावणी मेला के सफल संचालन में सहयोग को लेकर सभी मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही श्रावणी मेले की तरह भादो मेले में श्रद्धालुओं हेतु की जाने वाली सुविधाओं से सभी को अवगत कराया। प्रेसवार्तामें मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।

## सीआरपीएफ की गाड़ी फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिरी, तीन की मौत

**जम्मू-कश्मीर (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार को सुबह 10:30 बजे सीआरपीएफ जवानों की बंकर गाड़ी 200 फीट गहरी खाई में गिर गयी। हादसे में तीन जवानों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि 15 अन्य घायल हो गये। प्रशासन के मुताबिक, 5 जवानों की हालत गंभीर है। सीआरपीएफ के अफसरों के अनुसार गाड़ी जवानों के एक दल को ले जा रहा था, जो सड़क से फिसलकर खड़ी ढलान से नीचे खाई में जा गिरा। 3 शव घटनास्थल से बरामद किये जा चुके हैं, जबकि कई घायल जवानों को गंभीर हालत में रेस्क्यू कर पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।






























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**